दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 203 | जयपुर | बुधवार, 28 मई, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


संक्षिप्त समाचार

## राजस्थान बोर्ड 10वीं का रिजल्ट आज

**11 लाख स्टूडेंट्स का इंतजार होगा खत्म; 22 मई को घोषित किया था 12वीं का परिणाम**

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं का रिजल्ट बुधवार (28 मई) को घोषित किया जाएगा। इसके साथ ही 11 लाख स्टूडेंट का इंतजार खत्म हो जाएगा। बोर्ड 12वीं आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स का रिजल्ट 22 मई को घोषित कर चुका है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर परिणाम जारी करेंगे। वे शाम 4 बजे कोटा कलेक्टर कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अजमेर बोर्ड से जुड़कर परिणाम जारी करेंगे। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस साल 10वीं में 10 लाख 96 हजार 85 और प्रवेशिका में 7 हजार 324 स्टूडेंट्स ने आवेदन किए थे। 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू हुई थी और आखिरी पेपर 4 अप्रैल को हुआ था। पिछले साल 10वीं का रिजल्ट 93.03 प्रतिशत रहा था।

**आरबीएसई 10वीं का पिछले साल का परिणाम**–राजस्थान बोर्ड की 10वीं कक्षा में पिछले साल कुल 10,60,751 विद्यार्थी थे, जिनमें से 10,39,895 परीक्षा में शामिल हुए थे। कुल पासिंग प्रतिशत 93.03% रहा था, जिसमें छात्राओं का 93.46% और छात्रों का 92.64% प्रतिशत रिजल्ट रहा था।

## जयपुर में सोना-चांदी ढूंढने उतरे 4 की मौत

**ज्वेलरी कंपनी ने 8 को सेप्टिक टैंक में भेजा था, जहरीली गैस से दम घुटा**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में सेप्टिक टैंक में सोना-चांदी तलाशने के लिए उतारे गए 4 सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। इनके 2 अन्य साथियों को गंभीर हालत में महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि 2 को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि जहरीली गैस के कारण पहले सफाईकर्मी अचेत हुए, फिर दम तोड़ दिया। घटना सांगानेर सदर थाना इलाके में सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया के जी–ब्लॉक स्थित ज्वैलरी जोन में सोमवार रात 8.30 बजे हुई। यहां अचल ज्वैल्स प्राइवेट लिमिटेड के 10 फीट गहरे सेप्टिक टैंक की सफाई की जा रही थी। आरोप है कि पहले सफाई कर्मचारियों ने तेज धूप का हवाला देते हुए टैंक में उतरने से इनकार कर दिया था। बाद में कंपनी ने इन कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ (वेतन के अलावा एक्स्ट्रा रुपए) का लालच दिया था। इसके बाद एक-एक कर 8 कर्मचारी सफाई करने टैंक में उतरे थे। मरने वाले सभी युवक P के सुलतानपुर और अंबेडकर नगर के रहने वाले थे। सीआई सांगानेर सदर अनिल जैमन ने बताया- पुलिस कंट्रोल से घटना की जानकारी मिली थी। इसके बाद टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अचेत लोगों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर गए, जहां 4 को मृत घोषित कर दिया गया था। दो अचेत थे, जिनका इलाज चल रहा है। प्राथमिक उपचार के बाद दो अन्य सफाई कर्मचारियों को छुट्टी दे दी गई थी।


## राजस्थान में कोरोना के 9 नए केस : जयपुर में 7 मरीज मिले

### जोधपुर में 16 साल का बच्चा पॉजिटिव, अब तक 32 केस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना की जांच शुरू होने के साथ ही केस भी बढ़ने लगे है। पिछले 24 घंटे के दौरान पूरे राज्य में 9 नए केस डिटेक्ट हुए है। इसमें 7 केस राजधानी जयपुर में आए है, जबकि 2 केस जोधपुर एम्स में मिले है। विभाग ने इन सभी की जांच के बाद इनके सैंपल जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भिजवा दिए है। हेल्थ डिपार्टमेंट से मिली रिपोर्ट के मुताबिक जोधपुर एम्स में 2 केस के अलावा जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में 2 और जयपुर के दो निजी डाइग्नोस्टिक सेंटर पर 5 केस आए है। मंगलवार को मिले केसों में जोधपुर एम्स में एक 16 साल का बच्चा पॉजिटिव मिला है, जबकि 64 साल की एक महिला और एक पुरूष कोविड पॉजिटिव मिले है।

आपको बता दें कि राजस्थान में अब तक (1 जनवरी से 27 मई तक) 32 केस सामने आ चुके है। जिलेवार रिपोर्ट देखे तो सबसे ज्यादा 13 केस जयपुर के है। जबकि 6 जोधपुर, 4 उदयपुर, 3 डीडवाना, 2 अजमेर, सवाई माधोपुर, फलौदी



और बीकानेर में एक-एक केस है, जबकि एक अन्य केस मिला है। जोधपुर में बच्चों में भी कोरोना के केस लगातार सामने आ रहे है। मंगलवार को आई रिपोर्ट में जोधपुर में 16 साल का बच्चा पॉजिटीव मिला है। इससे पहले जोधपुर एम्स में दो नवजात पॉजिटीव मिले थे। वहीं प्रदेश में अब तक कोविड से दो की मौत हो चुकी है। सोमवार को जयपुर में युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई थी।

## देश में कोरोना से 11 की मौत, 1047 एक्टिव केस

### महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 5 मौतें, एक हफ्ते में 787 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं। वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर डॉ राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। इनमें एलएफ7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी.1.8.1 वैरिएंट शामिल हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे : पीएम मोदी



बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद PoK में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है इसीलिए वो आतंकवादी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है। पीएम मोदी 2 दिन के गुजरात दौरे पर थे। उन्होंने गांधीनगर में 2 किमी लंबा रोड शो किया। इसके बाद गांधीनगर में गुजरात की शहरी विकास यात्रा के 20 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने सोमवार को भुज में भी एक सभा की थी। यहां उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

### पीएम बोले- गुजरात ने नमक से लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी की

गुजरात ने नमक लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी कर ली है। हमने योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए। हमारे सरकार मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है। पहले गुजरात में पर्यटन के बारे में कोई बात नहीं करता था, लेकिन अब विदेशी लोग घूमने के लिए गुजरात आते हैं। हमने जंगल से लेकर साहसिक खेलों तक का सफर तय किया है। कुछ दिन तो गुजारो गुजरात में- यह हमारा एड कैंपेन था। इसी कैंपेन से यूनिटी ऑफ स्टेच्यू बना। गिर फॉरेस्ट का विकास हुआ। सोमनाथ-द्वारका-अंबाजी का विकास हुआ। और हम विकास के रास्ते पर उसी रफ्तार से आगे भी बढ़ रहे हैं।

### मोदी की बड़ी बातें...

1. सरदार पटेल की बात मानी होती तो देश में आतंकी हमले न होते : आतंकवादियों ने जब PoK पर कब्जा किया, अगर उसी दिन उन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता, लेकिन सरदार पटेल की बात नहीं मानी गई, लेकिन ये मुजाहिदीन लहू चख गए थे। सिलसिला 75 सालों से चल रहा है। पहलगाम भी उसी का हिस्सा था।
2. मेरे पहले कार्यकाल से अब तक हम कोरोना से लड़े, पड़ोसियों से भी लड़े : कल 26 मई थी। 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला था। तब भारत की इकोनॉमी दुनिया में 11 नंबर पर थी। हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी। पड़ोसियों से लड़ाई लड़ी। प्राकृतिक आपदा भी झेली। इन सबके बावजूद हम 11 नंबर से 4 नंबर की इकोनॉमी पर पहुंच गए।
3. तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा : जब हम इकोनॉमी में छठे से पांचवे नंबर पर आए, तो पूरे देश में अलग ही जोश था, क्योंकि हमने अपने ऊपर 250 सालों से राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। तीसरे नंबर पर आने में भी देश ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। अगर कोई इंतजार करने को कहेगा तो पीछे से आवाज आएगी मोदी है तो मुमकिन है।

## डोटासरा बोले-ब्यूरोक्रेसी और बीजेपी नेता दोनों हाथों से लूट रहे

### इन्हें अपनी कुर्सी बचाने से मतलब; डेढ़ साल से एसआई भर्ती पर नहीं कर पाए फैसला

बढ़ता राजस्थान



जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में पूरी तरह ब्यूरोक्रेसी हावी है। भ्रष्टाचार का तांडव नृत्य हो रहा है। नीचे से लेकर ऊपर तक ब्यूरोक्रेसी के लोग और बीजेपी नेता दोनों हाथों से लूटने में लगे हुए हैं। जनता की समस्याओं पर इनके कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। इन्हें अपनी कुर्सी बचाने से मतलब है। इसके अलावा कोई मतलब नहीं है। डोटासरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने कहा- इतनी निष्क्रिय, निर्लज और निकम्मी सरकार आज तक कभी नहीं आई। पहले बीजेपी की भी सरकारें रहीं। कांग्रेस की सरकारें रहीं। लेकिन, इतनी अनिर्णय की स्थिति देश के इतिहास में कभी नहीं रही।

**कांग्रेस राज के 800 कामों की समीक्षा अब तक नहीं कर पाए**

जयपुर की ज्वेलरी फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक में 4 लोगों की मौत पर डोटासरा ने कहा- हमारी सरकार के वक्त सीवरेज की सफाई के लिए रोबोटिक मशीनें खरीदी गई थीं। इस सरकार ने उन्हें गायब कर दिया। कह रहे हैं समीक्षा कर रहे हैं। ये 800 कामों की समीक्षा कर रहे हैं। समीक्षा करते-करते डेढ़ साल तो हो गया। अब तक कोई रिजल्ट नहीं आया।

**पहली बार हाईकोर्ट ने पंचायत पुनर्गठन पर स्टे दिया**


कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- हाईकोर्ट ने पहली बार किसी सरकार के परिसीमन पर सवाल उठाकर स्टे लगाया है। सैकड़ों की याचिकाओं को स्वीकार करते हुए इनके राजनीतिक आधार पर किए जा रहे पुनर्गठन पर रोक लगाई है। जवाब मांगा है। परिसीमन पर कभी स्टे नहीं आया। लेकिन, इन्होंने केवल राजनीतिक दुर्भावना से परिसीमन करके मापदंडों को ताक पर रख दिया। बीजेपी कैसे जीते और कांग्रेस कैसे हारे, इसी पर परिसीमन किया।

## हरियाणा में एक परिवार के 7 लोगों ने सुसाइड किया

**धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के बाद जहर खाया; ममेरा भाई बोला- 20 करोड़ कर्ज था**

**चंडीगढ़/पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में सोमवार देर रात कर्ज से परेशान परिवार के 7 लोगों ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। सभी लोग घर के बाहर खड़ी गाड़ी में थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां एक व्यक्ति जिंदा मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। परिवार पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स में किराए के मकान में रह रहा था। मरने वालों में प्रवीण मित्तल, उनकी पत्नी रीना, मां विमला, पिता देशराज, जुड़वां बेटी हिमशिखा, दलिशा (11) और बेटा हार्दिक (14) है। प्रवीण मित्तल ने देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का कारोबार शुरू किया था। वहां उसे घाटा हो गया।

सभी सोमवार को बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री की कथा में गए थे। वहां से लौटते हुए इन्होंने ये कदम उठाया। गाड़ी से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें लिखा है, मैं बैंकरप्ट हो चुका हूं। सुसाइड नोट में जिन लोगों का जिक्र है, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। प्रवीण का परिवार मूल रूप से हिसार के बरवाला का रहने वाला था। उसके ममेरे भाई संदीप ने कहा कि प्रवीण पर 20 करोड़ का कर्ज था। उसे जान से मारने की धमकियां मिल रहीं थी।



## प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों को 2047 तक पूर्ण विकसित और हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का विश्वास दिलाया है : अमित शाह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के मुंबई में माधवबाग स्थितश्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपनो संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि ट्रस्टके सभी सदस्य 150 साल से,मंदिर,इसके उद्देश्योंऔर समाज सेवा की प्रखर भावना को लोगों के बीच पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उस जमाने में श्री वरजीवनदास और नरोत्तमभाई ने बहुत बड़ा दिल रखकर समाज के प्रति अपनी उदार भावना का प्रदर्शन कर यह संस्था बनाई थी। 1875 में विदेशी शासन के दौर में एक मंदिर बनाकर उसके माध्यम से सामाजिक चेतना का पुनर्जागरण महान लोग ही कर सकते थे।

अमित शाह ने कहा कि लक्ष्मीनारायण मंदिर में कई प्रकार की सामाजिक प्रवृत्तियाँ चली आ रही हैं और यहां शिक्षा के कार्य, गीता का अभ्यास और एक जमाने में संस्कृत विद्यालय भी चलता था। उन्होंने कहा कि शुचिता, संतुलन और सत्कर्म की त्रिवेणी से माधवबाग ट्रस्ट बना है।यह परंपरा 150 साल से चली आ रही है और हम सबके लिए यह बहुत गौरव की बात है। श्री शाह ने कहा कि हमें यह सोचना होगा कि जब हम 200 साल पूरे होने का उत्सव मनाएं तब इस ट्रस्ट का कैसा स्वरूप होगा। उन्होंने कहा कि क्या हम इस ट्रस्ट को मध्यमवर्गीय समाज की सभी चिंताएं दूर करने वाले एक धार्मिक केन्द्र में परिवर्तित



कर सकते हैं। श्री शाह ने कहा कि कई प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं देकर मध्यम वर्ग के बीमार नागरिको के लिए एक संजीवनी केन्द्र भी यहां बनाया जा सकता है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कल ही श्री नरेन्द्र मोदीजी के प्रधानमंत्री के रूप में 11 साल पूरे हुए हैं और पिछले 11 साल से प्रधानमंत्री मोदी जी देश के विकास की यात्रा को आगे बढा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारतीय होने पर गौरव की अनुभूति हो, ऐसा काम किया है। आज़ादी के बाद कई दशकों तक देश में राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में कई समस्याओं का समाधान नहीं हो सका था।


सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# हमने अभी तक सभी तरह के क्राइम पर किया कंट्रोल, जल्द होगी नाबालिग दस्तयाब : मलिक

## सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने किया, अजय यादव के नेतृत्व में थाने का घेराव

### नाबालिग छात्रा के 16दिन पूर्व भगा ले जाने का आरोपी अभी तक नहीं हुआ गिरफ्तार, नहीं हुई है अभी तक नाबालिग छात्रा दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** वृत्त क्षेत्र के थाना बानसूर पुलिस स्टेशन का सर्वसमाज के लोगों ने थाने से बाहर बैठकर घेराव किया। सर्वसमाज के लोगों की मांग थी कि एक निजी विद्यालय में शिक्षण के लिए भेजी गई छात्रा को संस्था के पूर्व शिक्षक ने बहला फुसलाकर भगाए जाने पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मन्दिर में ऐसी घटनाएं घटना दुर्भाग्यपूर्ण हैं! सर्वसमाज का नेतृत्व राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजयसिंह यादव कर रहे थे। कुछ लोग इस घेराव का विरोध कर नेता बनने की फिराक में घेराव का बचाव करते नजर आ रहे थे। पूरे घटनाक्रम पर ध्यान गड़ाए बैठे थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह मलिक ने घेराव स्थल पर पहुंचकर अपना पक्ष रखा।

अपने पक्ष में बोलते हुए थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि 2024से लेकर आज तक जो भी अपराध घटित हुए क्या थाना पुलिस ने कोई किसी तरह की कोताही बरती उपस्थित लोगों ने कहा कि ना तभी मलिक ने कहा कि अपराधों में गिरावट आई है या नहीं!तो सभी ने कहा हाँ!तो उन्होंने कहा कि फिर किसलिए ऐसा हो रहा है, धरना प्रदर्शन आपका अधिकार है आप करें पर मुझ पर भी भरोसा रखें कि मैं नाबालिग को जल्द ही दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर लूंगा सिर्फ मुझे आपका सहयोग चाहिए।

मलिक ने कहा कि बहला फुसला कर भगाए गए मामलों और अपहरण या घर से बाहर गईं महिलाओं बच्चों के मामले में थाना पुलिस ने अपनी और से पुरजोर ताकत लगाकर कुछ में कामयाब हुए हैं और इस मामले में भी जरूर कामयाब होंगे इसके लिए मुझे मेरी पूरी टीम पर अटूट विश्वास है। मलिक ने बताया कि एमपीआर के कुल 46प्रकरणों में से 37का निस्तारण कर दिया गया है।शेष 9मामले बचें हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024में अपहरण के 21मामले दर्ज हुए जिनमें से 19का निस्तारण कर दिया गया है शेष 2मामले बचे।

वहीं वर्ष 2025में गुमशुदा के 21मामले दर्ज हुए उनमें से 14का निस्तारण कर दिया गया है शेष 7मामले बचे वहीं वर्ष 2025में नाबालिग के कुल 5मामले दर्ज हुए जिनमें ह्यद्द 4का निस्तारण कर दिया गया है शेष 1मामला बचा उसका भी निस्तारण करने का प्रयास जारी है। नाबालिग को जल्द ही दस्तयाब कर लिया जाएगा और आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस पर उपस्थित लोगों ने थानाधिकारी पर विश्वास कर घेराव खत्म किया और जहाँ सहयोग की अपेक्षा हो करने का वादा किया।

वहीं राजस्थान की शेरनी पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने दूरभाष पर बताया कि थानाधिकारी ने जो वादा किया है उस पर विश्वास करती हूँ यदि 30मई 2025तक नाबालिग दस्तयाब नहीं हुई और आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ तो मांची में मूर्ति स्थापना पर आ रहे प्रदेश के गृहराज्यमंत्री को कांग्रेस जनों द्वारा ज्ञापन सौंपकर आरोपी की गिरफ्तारी व नाबालिग को दस्तयाब करने की मांग की जाएगी।



## स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज को मोहित टेलर ने श्री राम की प्रतिमा भेट की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर आगमन के शुभ अवसर पर पूज्य स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान रामाज रिसॉर्ट एवं कुर्ती के एम.डी. मोहित टेलर, समाजसेवी अभिषेक गुप्ता, रोहित राजोरिया एवं अजय पारीक ,राम सिंह राजोरिया द्वारा स्वामीजी को श्रीराम भगवान की हस्तनिर्मित प्रतिमा और चावल के एक दाने पर भगवान श्री गणेश का चित्र, महाराज श्री का नाम एवं महामृत्युंजय मंत्र अंकित कर एक विशेष लॉकेट के रूप में भेंट स्वरूप अर्पित किया।

सभी उपस्थितजनों ने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का लाभ लिया।

## महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती पर करेंगे विशेष पूजा-अर्चना

### 485 किग्रा के लड्डू का भोग चढ़ाया जायेगा,

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** महाराणा प्रताप स्मारक समिति, मोती मगरी द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया, गुरुवार 29 मई 2025 को श्रद्धा, भक्ति और गरिमा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर महाराणा प्रताप के वंशज श्रीजी हुजूर डॉ.लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ महाराणा प्रातप की विशेष पूजा अर्चना करेंगे। महाराणा प्रातप को 485 किलोग्राम के लड्डू को भोग चढ़ाया जायेगा। महाराणा प्रताप स्मारक समिति के सचिव सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि ड़ॉ.लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ गुरुवार को प्रात:काल चेतकारूढ़ महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष वेदपाठी ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना करेंगे और 485 किलोग्राम के लड्डू का भोग अर्पित कर राष्ट्रनायक की अमर गौरवगाथा को नमन करेंगे। जयंती की तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्रीजी हुजूर साहिब ड़ॉ. मेवाड़ ने निर्देश दिए कि 29 मई को प्रात: 8 बजे से सायं 6 बजे तक मोती मगरी स्थित प्रताप स्मारक पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को नि:शुल्क प्रवेश प्रदान किया जाए। तैयारी के तहत 28 मई को दोपहर 1 बजे से लेकर 29 मई की सुबह 8 बजे तक स्मारक परिसर में सभी आगंतुकों का प्रवेश निरस्त रहेगा, जिससे पूजा एंव अन्य व्यवस्था सुचारु रूप से सम्पन्न हो सकें।

## जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने तहसीलदार को लगाई कड़ी फटकार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** एक ऐतिहासिक फैसले में, जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, जयपुर-III ने राव धनवीर सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष - लीगल एम्बिट, द्वारा दाखिल एक जनहित उपभोक्ता शिकायत को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए तहसीलदार (रिकॉर्ड कीपर), तहसील पावटा, जिला कोटपुतली-बहरोड़ को कड़ी फटकार लगाई है। राव धनवीर सिंह ने 09 नवम्बर 2024 को भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धारा 75 के अंतर्गत तहसीलदार पावटा को ईमेल के माध्यम से एक आवेदन भेजा था, जिसमें उन्होंने कुछ सार्वजनिक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों की मांग की थी। उन्होंने विधिवत रूप से शुल्क भी अदा किया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कोई उत्तर या दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए। आयोग ने माना कि तहसीलदार ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती है और यह उपभोक्ता सेवा में स्पष्ट त्रुटि है। इसके परिणामस्वरूप आयोग ने आदेश दिया कि प्रतिवादी तहसीलदार, आवेदन के बिंदु संख्या 2, 5 एवं 6 में मांगे गए सार्वजनिक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां एक माह के भीतर रजिस्टर्ड डाक से भेजें। साथ ही, मानसिक पीड़ा, असुविधा तथा वाद व्यय के लिए शिकायतकर्ता को 2000 की राशि दी जाए, जो यदि समय पर न दी जाए तो 12त्न वार्षिक ब्याज के साथ देय होगी। राव धनवीर सिंह ने अपने बयान में कहा कि यह कार्रवाई किसी व्यक्तिगत हित में नहीं, बल्कि सामान्य नागरिकों के सूचना के अधिकार एवं न्याय के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी कार्यालयों द्वारा दस्तावेज न देना आम समस्या है और इससे आम जनता को न्याय से वंचित किया जाता है। वे लगातार प्रशासनिक पारदर्शिता, सूचना का अधिकार, और नागरिकों की शिकायतों की समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित कराने के लिए काम कर रहे हैं।

## श्री हनुमानजी महाराज का विशाल मेला, ग्राम माँजूकोट में भक्तों का सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** ग्राम माँजूकोट में मंगलवार को ग्राम सेवा सहकारी समिति स्थित श्री ठाडेश्वर महाराज की बगीची में हनुमानजी महाराज के विशाल मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर महंत जयराम दासजी द्वारा विशेष साज सज्जा कर भगवान श्री हनुमान की मूर्ती का विशेष श्रृंगार किया गया। रामायण पाठ, भजन, यज्ञ-हवन, झांकी व विशाल भण्डारे के आयोजन ने इस मेले को और भी आकर्षक बना दिया। गायक कलाकार महावीर मासी एण्ड पार्टी चाँदाली, रामपुरा द्वारा हनुमानजी के प्रति सुनाये भजनों पर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम व हनुमानजी महाराज के जय जयकार से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में की भव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था ने इसे एक यादगार बना दिया। इस दौरान मुकेश कुमार, दीयाराम मास्टर, अशोक सैनी, शंकर, अंकीत, मंजीत, राजकुमार सैनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पैराहन प्रदर्शनी का पोस्टर लॉन्च



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शी सर्कल इंडिया द्वारा आयोजित होने वाली पैराहन प्रदर्शनी का पोस्टर लांच एक निजी होटल में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर वर्षा राव व वन टू ऑल के वरुण सुराणा व शरद लोढ़ा द्वारा किया गया।

शी सर्किल इंडिया की संस्थापक तारीका भानुप्रताप ने बताया कि इस प्रदर्शनी के बारें में मुख्य बिंदु उन्होंने पोस्टर लांच के अवसर पर रखें इसके तहत उनका यह मानना था कि पैराहन प्रदर्शनी पिछले 3 सालों से निरंतर शोभागपुरा स्थित अशोका ग्रीन पर आयोजित की जा रही है और साल दर साल इस प्रदर्शनी से कई महिलाएं जो घर से अपना व्यवसाय करती थी जिनके पास अपने स्टोर्स नहीं है वे सभी इस प्रदर्शनी के द्वारा अपने उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच में प्रदर्शित कर पा रही हैं, व साथ ही साथ उनको व्यवसाय में भी लाभ हो रहा है।इस वर्ष भी यह प्रदर्शनी अशोका ग्रीन में 1,2,3 अगस्त को होने जा रही है जिसके लिए स्टॉल बुकिंग शुरू की जा चुकी है इस बार नाथद्वारा, राजसमंद ,भीलवाड़ा बांसवाड़ा गुजरात से भी कई महिलाएं अपने उत्पाद इस प्रदर्शनी में लेकर आने वाली है। पोस्टर लांच के अवसर पर शी सर्किल इंडिया की कई मेंबर्स सोनम कालरा, सोनू जैन, फातिमा, रुखसाना साबुनवाला, हंसा न्याति,अदिति सिंह, शीतल गुप्ता, अंजना विजयवर्गीय, प्रेक्षा सुहल्का, नेहा ओसवाल, नवनीत छाबड़ा, प्रियंका पारीक ,आंचल शर्मा, श्वेता पूजा शर्मा, कशिश, पूजा कालरा ,रविता कालरा, ज्योति सहगल, नीतिका बर्मन, शर्मिला रामूका, मीना गुप्ता, पूर्णिमा मनोहर, अर्पिता डागलिया, सबिया आसिफ अंशिता अरोड़ा, पद्मिनी छिपर शिखा बहल, तस्लीम कानोड़वाला, ज्योति बीलोची आदि मौजूद थी।

## वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कार्यशाला 28 मई को

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ, खुशहाल, सशक्त, गरिमापूर्ण और आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला अटल वयो अभ्युदय योजनान्तर्गत राज्य कार्य योजना के अंतर्गत 28 मई 2025 को प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक महाराणा प्रताप सभागार जिला परिषद में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ वरिष्ठ नागरिकों को जीवनोपयोगी जानकारी प्रदान करेंगे। इस दौरान उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पेंशन, सामाजिक भागीदारी, मानसिक और शारीरिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, अंतर पीढ़ी संबंधों को मजबूत करने और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर रहेगा।इस कार्यशाला का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी से सशक्त बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़े रखना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से भाग लेने और लाभान्वित होने की अपील की गई है।

## मचींद में किया महाराणा प्रताप मेले का शुभारंभ, ओडन में सुनी आमजन की समस्याएं



बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा ( नि.स. )।** विश्वराज सिंह मेवाड़ विधायक महोदय नाथद्वारा ने मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने खमनोर के मचींद में महाराणा प्रताप मेले का शुभारंभ किया। इसके पश्चात ओडन पंचायत भवन में आयोजित सम्मान समारोह में भाग लिया। ग्राम वासियों ने नगर पालिका में शामिल नहीं होने तथा पंचायत के रूप में ही यथावत रहने पर विधायक का आभार व्यक्त किया। ओडन जनसुनवाई में विधायक के समक्ष अवैध खनन, अघोषित बिजली कटौती, किसानों को उपभोग से अधिक विद्युत बिल आने, चरनोट भूमि से अतिक्रमण हटाने, पट्टे आदि से संबंधी शिकायतें आई जिस पर विधायक द्वारा संबंधित विभागों को कार्यवाही के निर्देश दिए। विधायक श्री मेवाड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप के गुण काफी ऊंचे रहे हैं, उनसे हम सीखें तथा उनके गुण हम सभी अपनाएं, समाज के लिए भला ही होगा। गुण अपनाने की कोशिश करनी है लेकिन साथ ही अपनी पहचान भी कायम रखनी है। मेवाड़ की पहचान है कि 36 कौम के बीच कभी खींचतान नहीं हुई है और हम साथ ही रहें है।

## शहीदों की वीर गाथा की दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या कॉलेज के सभागार में शायराना के गीत संगीत की महफिल में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मनोज आंचलिया ने गुमनाम शहीदों की वीर गाथा की जानकारी दी। उनकी उपलब्धि पर समारोह के मुख्य अतिथि आईवीएफ के निदेशक डॉ अजय मुर्डिया ने डॉ. सीमा वेद और मनोज आंचलिया का अभिनंदन किया। इस अवसर पर ऐश्वर्या कॉलेज की डायरेक्टर डॉ सीमा सिंह एवं शायराना के संस्थापक मनोज गीतांकर सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# जयपुर-दिल्ली हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, हरियाणा रोडवेज बस और कंटेनर में टक्कर

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर मंगलवार दोपहर करीब 1.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें हरियाणा रोडवेज की एक बस कंटेनर से टकरा गई। हादसा भाबरू थाना इलाके में आंतेला फ्लाईओवर के समीप हुआ, जिसमें 2 महिला सहित तीन की मौत हो गई तथा 27 यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हरियाणा रोडवेज की बस दिल्ली की ओर जा रही थी। आंतेला के पास हाईवे पर खड़े एक कंटेनर में बस पीछे से जा घुसी। बस व कंटेनर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का ड्राइवर साइड का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना पर भाबरू थाना अधिकारी जयप्रकाश, प्रागपुरा थानाधिकारी किरण यादव, कोटपूतली एएसपी वैभव शर्मा और पावटा एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू करवाया। मृतकों में शकिरा पत्नी कादीर खां निवासी बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश), रजिया खातून पत्नी मोहम्मद सुलेमान निवासी बेगूसराय (बिहार) और सुनील जैन शामिल थे। शव हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाए हैं। वहीं 2 गंभीर घायलों को निम्स हॉस्पिटल रेफर किया है, जबकि 15 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है तथा 6 अन्य घायलों का आंतेला सीएचसी और 2 का शाहपुरा उप जिला हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। 2 घायल प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवा रहे है। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया। इसके बाद ट्रैफिक सुचारू किया गया। पुलिस और प्रशासन की टीम ने राहत कार्य में तेजी से काम किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## छबीली में आमजन को उच्च रक्तचाप के प्रति किया जागरूक एनसीडी क्लिनिक उच्च रक्तचाप पर कर रहा जागरूकता कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**सूरतगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार विश्व उच्च रक्तचाप जागरूकता कैंपन का आयोजन 17 मई को एनसीडी क्लिनिक द्वारा किया गया जो 16 जून तक चलेगा। कैंपन में एनसीडी क्लिनिक द्वारा अनेक जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है जिसमें आज दिनांक 27 मई को नर सेवा नारायण सेवा संस्था के सहयोग से आमजन को उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूक किया गया।

नर सेवा नारायण सेवा संस्था की ओर से छबीली लगाई गई जिसमें एनसीडी क्लिनिक कार्मिकों द्वारा आमजन को उच्च रक्तचाप के बारे में विस्तार से बताया गया और पम्पलेट वितरित किए गए। संस्था के अध्यक्ष विजय कटारिया ने कहा कि उच्च रक्तचाप होने पर हमें समय समय पर जांच करवाकर उचित ईलाज लेना चाहिए। इस मौके पर एनसीडी काउन्सलर दीपक शर्मा ने कहा कि उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों में अनेक प्रकार की भ्रातिंया है जिनको दूर करने की जरूरत है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 30 मिनट अपने शरीर के लिए निकालने चाहिए ताकि हम अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ साथ स्वस्थ रह सके। जागरूकता कार्यक्रम में एनसीडी डीईओ सूरज सेतिया ने बताया कि उच्च रक्तचाप हर घर में अपनी पहुंच बना चुका है इसलिए हमें सचेत रहने की जरूरत है। कम से कम तनाव ले और बाहर का खाना बंद कर घर का सादा भोजन करें। इस अवसर पर संस्था संस्थापक राधे सारस्वत, समिति सचिव रवि बिश्नोइ, समिति संरक्षक लड्डू मुद्गल, समिति संरक्षक राजेंद्र सोनी, अध्यक्ष विजय कटारिया सूरतगढ़, उपाध्यक्ष राजेश भाटी, वरिष्ठ सहायक महावीर भोजक ओर अन्य सेवादार मौजूद रहे।

# मानसून से पहले सुनिश्चित हों बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव के समस्त आवश्यक इंतजाम

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में की मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को मानसून सीजन से पहले बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहते हुए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम जयपुर ग्रेटर एवं जयपुर हैरिटेज के अधिकारियों को सिवरेज एवं नालों की गुणवत्तापूर्ण सफाई का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने, सफाई के बाद सड़क पर जमा कीचड़ एवं गंदगी का उठाव करवाने, खुले सिवरेज के खुले चैंबर्स और मेनहोल पर ढक्कन लगावाने एवं नालों पर फैरो कवर लगवाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना के साथ-साथ मिट्टी के कट्टों, ट्रेक्टर-ट्रॉलियों, जेसीबी, पोकलेन, मडपंप, सहित मानव संसाधन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ढीले तारों को कसने, झुके हुए बिजली के पोलों को सीधा करने, खुले फीडरों बंद करने, खुले तारों को दुरुस्त करने एवं लो-लाइन पैनल बॉक्स एवं ट्रांसफार्मर को ऊंचाई पर लगवाने एवं मानसून सीजन के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पाइप लाइन की लीकेज दुरुस्त करने, आवश्यकता होने पर टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी बांधों पर सहज दृश्य एवं बड़े अक्षरों में अंकित चेतावनी बोर्ड लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी छोटे बड़े तालाबों पर चेतावनी बोर्ड लगावाने के निर्देश दिये। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रपट क्षेत्र एवं लो-लाइन एरिया की टूट, रेलिंग एवं जंजीर को दुरुस्त करवाने, बांधों की आवश्यकता अनुसार मरम्मत करवाने के लिए निर्देशित किया गया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिवृष्टि होने पर भूमि कटाव और जलभराव से निपटने एवं रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता रखी जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, रसद विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, वन विभाग, नगर निगम, जेडीए, जयपुर मैट्रो, गृह सुरक्षा, शिक्षा, पशुपालन सहित अन्य कई विभागों के अधिकारियों को भी मानसून के दौरान विभागीय स्तर पर अपेक्षित समस्त इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) श्री संतोष कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) श्री गोपाल सिंह शेखावत सहित, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

फुलेरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही...

# अपहरण करने वाले तीन आरोपियों को मात्र 04 घण्टे में किया गिरफ्तार

## एक अपहृत लड़के को भी अपहरणकर्ताओं के साथ किया दस्तयाब, घटना मे प्रयुक्त वाहन कैम्पर गाड़ी को भी किया गया है जप्त

बढ़ता राजस्थान




**फुलेरा ( नि.स )।** फुलेरा पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए एक लड़के एवं दो नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपियों को मात्र 4 घण्टे में गिरफ्तार कर लिया। उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण आनन्द शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि 25 मई को अभय कमाण्ड कन्ट्रोल रूम जयपुर ग्रामीण से पुलिस थाना फुलेरा पर सूचना प्राप्त हुई कि पीपली का बास पुलिया से सूचनाकर्ता मुकेश ने बताया है कि एक कैम्पर गाडी में पांच छः लोग आये और दो लड़कों को किडनैप करके ले गये हैं। पुलिस कार्यवाही विवरणः- सूचना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनियां आरपीएस के निर्देशन में वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा आरपीएस के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा श्रवण कुमार उप निरीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा लड़कों का अपहरण करने वाले आरोपियों की लोकेशन का पता लगाकर कैम्पर गाडी आरजे 47 जीए 6914 का पीछा किया व अन्य थानों द्वारा नाकाबन्दी करवायी गयी। अपहरणकर्ता कैम्पर गाडी सुनसान रोड़ व कच्चे रास्ते से भगाकर ढाणी बोराज के पहाड़ी क्षेत्र मे ले जाकर बीड़ मे रोक कर फरार होने में थे लेकिन पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुए दिनांक 26.05.2025 को अपहृत लड़के अजय कुमार वर्मा पुत्र शिम्भूदयाल वर्मा उम्र 19 साल निवासी-जैतपुरा जिला जयपुर को दस्तयाब किया व अपहरण कर्ता छोटु जाट उम्र 23 निवासी ढाणी बोराज पुलिस थाना जोबनेर, अशोक गुर्जर उम्र 20 निवासी ढाणी बोराज,राकेश गुर्जर उम्र 19 निवासी ढाणी बोराज को डिटेन किया गया व घटना में प्रयुक्त वाहन कैम्पर गाडी नम्बर आरजे 47 जीए 6914 को जप्त किया गया। डिटेनशुदा तीनों आरोपियों से पूछताछ की तो घटना में अन्य आरोपीगण बाबूलाल स्वामी, राजू जाट और राकेश जाट भी संलिप्त होना पाये गये जो मौके से फरार हो गये। आरोपियों से अपहृत अन्य दो नाबालिग बालकों के बारे में पूछताछ की तो बताया की उन दोनों को हमारा साथी राजू जाट स्कूटी पर बैठाकर ले गया है कंहा पर ले गया है हमको पता नही है।

दोनों नाबालिग बालकों के परिजनों से मालूम किया तो बताया कि दोनों बालक घर पर सकुशल आ गये हैं। दस्तयाब शुदा अपहृत लड़के अजय कुमार वर्मा को सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया तथा तीनों अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है। वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा आरपीएस द्वारा प्रकरण में अनुसंधान जारी है तथा फरार अन्य तीन आरोपीगण बाबूलाल स्वामी, राजू जाट और राकेश जाट की तलाश जारी है।

# रूबी खान के नेतृत्व में कांग्रेस डेलिगेशन अलीगढ़ पहुंचा, पीड़ितों से मुलाकात कर न्याय का भरोसा दिलाया

## गोकशी के झूठे शक में चार मुस्लिम युवकों की बेरहमी से पिटाई के बाद कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने अलीगढ़ पहुंचकर घायलों से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ में गोकशी के झूठे शक के आधार पर चार मुस्लिम युवकों की बेरहमी से की गई पिटाई ने केवल अलीगढ ही नहीं, पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ितों की हालत नाजुक बनी हुई है और वे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ में भर्ती हैं। घटना के बाद कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग ने तत्परता दिखाते हुए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को अलीगढ़ भेजा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश पर पहुँचे इस डेलिगेशन ने मेडिकल कॉलेज जाकर सभी घायलों से मुलाकात की, उनकी स्थिति की जानकारी ली और परिजनों को हर संभव सहयोग व न्याय का भरोसा दिलाया।



**रूबी खान के नेतृत्व में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश उपाध्यक्ष और यूपी प्रभारी रूबी खान के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में सह प्रभारी पश्चिम यूपी महमूद खान,,द्धष्टष्ट लीगल हेड रईस अंसारी, कार्यालय प्रभारी अनवर अनीस, प्रदेश महासचिव विंसेंट जोएल, मंडल प्रभारी मुनीर अकबर, महानगर अध्यक्ष वसीम ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष अनवर आकि़ल, लीगल हेड असद मिर्जा, जमील अहमद, सगीर कुरैशी, मुस्तकीम अंसारी, हाशिम खान, साहिल खान, लीना कुमार और कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे। इस मौके पर रूबी खान ने कहा कियह सिर्फ इंसान पर हमला नहीं, इंसानियत पर हमला है। समाज की आत्मा को झकझोर देने वाली इस घटना पर सरकार की चुप्पी शर्मनाक है। हम चाहते हैं कि ऐसी मिसाल कायम हो जिससे भविष्य में कोई इस तरह की हैवानियत करने की हिम्मत न कर सके। पीड़ितों के अनुसार, वे एक वैध स्लॉटर हाउस से मीट लेकर अतरौली जा रहे थे जब हरदुआगंज क्षेत्र में कुछ असामाजिक तत्वों ने उनकी गाड़ी रोककर 50,000 की अवैध मांग की। इनकार करने पर उन्हें गोकशी के झूठे आरोप में फंसा कर इतनी बेरहमी से पीटा गया कि उनके शरीर में कई जगह फ्रैक्चर हैं, और वे गंभीर स्थिति में हैं।

# भारत के निर्माता प्रथम प्रधानमंत्री,भारत रत्न, स्वन्त्रता सेनानी स्व.पं जवाहर लाल नेहरु की पूण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धाजली अर्पित की गई



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पंचायत समिति कार्यालय के प्रागण में आधुनिक भारत के निर्माता प्रथम प्रधानमंत्री,भारत रत्न, स्वन्त्रता सेनानी स्व.पं जवाहर लाल नेहरु की पूण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धाजली अर्पित की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चन्द सैनी ने की संगठन महामंत्री वीके नवल ने बताया कि कार्यक्रम में (पूर्व विधायक) रामचंद्र रावत ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पंडित नेहरु की वैज्ञानिक दृष्टि ओर तर्कशील सोच ने हमारे प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों की रुपरेखा तैयार की जो आज भी देश के विकाश में महतवपूर्ण भूमिका निभा रहे है।, रामनिवास यादव वरिष्ठ कांग्रेस नेता कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु जी ने आधुनिक भारत की नींव रखी और लोकतान्त्रिक मूल्यों को सशक्त आधार प्रदान किया। हनुमान सैनी (पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस) ने कहा कि पंडित नेहरु जी जैसा महाप्राण विश्व के रंग मंच पर विरले पैदा होता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश चन्द सैनी ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में ओर आजादी के बाद भारत के नवनिर्माण में पंडित नेहरु के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। श्रद्धाजली कार्यक्रम में सतीश निमोरिया (ब्लॉक अध्यक्ष नारहेडा), जगदीश मीणा प्रदेश महासचिव, सांवत गुर्जर (छात्र नेता), डॉ. अभिलाष मीना (प्रदेश महासचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ), गोकुल चन्द आर्य (पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष), जगमाल सिंह यादव, रामकुमार सैनी पार्षद, सांवत सरपंच, सरदार सिंह यादव, रमेश सैनी (भगत जी) (कोटपुतली शहर अध्यक्ष), दुलीचंद आर्य, डॉ. मनमोहन राठोड़, हनुमान यादव, कमलेश मीना, अशोक यादव (प्रदेश सचिव ओबीसी.), नरेश जोशी, बसंत मंदैया, इंद्राज सैनी कोषाध्यक्ष मुकेश आर्य, लोकेश सैनी, कमलेश यादव ओर विकाश यादव आदि अनेक कार्यकर्ताओ ने श्रद्धासुमन अर्पित कर अपने प्रिय नेता को याद किया। मंच संचालन वीरेन्द्र शर्मा (संगठन महासचिव विधानसभा कोटपुतली) ने की।

# पत्रकार बिल्लूराम सैनी प्रदेश मीडिया प्रभारी अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन मे बनने पर स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ।** कस्बे वार्ड 1 ढाणी हलावाली मे सैनी सभा संस्था कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का सुभाष जमालपुरिया के नेतृत्व में अध्यक्ष रामसिंह सैनी, उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल, सचिव एडवोकेट योगेश सैनी का स्वागत सम्मान किया।पत्रकार बिल्लूराम सैनी प्रदेश मीडिया प्रभारी अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन मे बनने पर स्वागत किया ।साथ उनकी की टीम का भी स्वागत किया गया है। इस मौके पर दाताराम सैनी,पूर्व उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी,ओमप्रकाश सैनी,पार्षद कृष्ण कारोड़िया,रतिराम सैनी, एडवोकेट विजय सैनी,दिनेश सैनी (अमरपुरा) ललित सैनी, ज्ञान प्रकाश सैनी,देशराज सैनी,राजेश सैनी, रामजीलाल सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# जी वी एम स्कूल ने चाकसू टॉपर्स का निकाला विजय जुलूस

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद )।** चाकसू कस्बे की बहू प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जी वी एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाईपास ने 12th बोर्ड विज्ञान संकाय में चाकसू टॉपर रहे विधालय के छात्र छात्राओं का विजय जुलूस निकाला विजय जुलूस को गोस्वामी विद्या मंदिर शिक्षा समिति के अध्यक्ष गोपाल लाल गोस्वामी ने गणेश पुरी बगीची चाकसू से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो कोटखावदा मोड़ ,मुख्य बाजार,सब्जी मण्डी, फागी मोड़ होते हुए गोपीनाथ मंदिर पहुँचा GVM SR SEC SCHOOL के डायरेक्टर आशीष गोस्वामी ने बताया कि गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति के द्वारा टॉपर रहे विद्यार्थियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मण्डी चेयरमैन कैलाश शर्मा द्वारा चाकसू टॉपर्स अक्षिता खांडल 98.60प्रतिशत, भूमिका शर्मा 96प्रतिशत, हर्षित लमोरिया 93.60प्रतिशत विवेक सैनी 93.40प्रतिशत समिक्षा पारीक 91.20प्रतिशत सहित सभी प्रतिभावान विद्यार्थीयों का माला व स्मृति चिन्ह देकर उन्हे सम्मानित किया पूर्व मण्डी चेयरमैन कैलाश शर्मा ने विज्ञान संकाय में ऐतिहासिक परिणाम देने व जिले में चाकसू का नाम रोशन करने पर विद्यार्थियों,परिजनों व गोस्वामी विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष चाकसू कृष्णा सैनी, भाजपा नेता अंबालाल यादव,रामधन मोड़ा, सीबीईओ प्रकाश मीणा,पूर्व सीबीईओ हनुमान मीणा,नोडल प्रभारी रामलाल मीणा,गोपीनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा , महामंत्री रामप्रकाश शर्मा , मानसिंह कादेड़ा एवम विधालय के समस्त स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे ।


# कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत मेडिकल कॉलेज खण्ड जयपुर

क्रमांक 222 दिनांक 22-05-2025

**निविदा सूचना सं. 05/2025-26**

| | |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड मेडिकल कॉलेज जयपुर। |
| निविदा का कार्य | निविदा सूचना सं. 05/2025-26 में कुल 5 कार्य |
| निविदा की कुल लागत (लाख रू. में) | 17.32 लाख |
| कुल धरोहर राशि (रूपयों में) | 8660 (0.50%) 34640 (2%) |
| प्रीबिड मीटिंग की तारीख एवं स्थान | 26.05.2025 सुबह 11:00 बजे, कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. विद्युत खण्ड मेडीकल कॉलेज जयपुर। |
| फार्म मिलने की तारीख | दिनांक 28.05.2025 2:00 PM |
| फार्म जमा कराने की तारीख | दिनांक 28.05.2025 3:00 PM |
| निविदा खोलने की तारीख | दिनांक 28.05.2025 3:30 PM |

निविदा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विवरण विभाग की वेबसाइट pwd.rajasthan.gov.in..dipronline.com.http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकते हैं।

UBN:- PWD2526A0734, PWD2526WSOB02235, PWD2526WSOB02237, PWD2526WSOB02240, PWD2526WSOB02244, PWD2526WSOB02246

DIPR/C/6770/2025

अधिशाषी अभियन्ता
सा. नि. वि.,
विद्युत मेडिकल कॉलेज खण्ड-जयपुर


# भन्दे बालाजी मेले में जाने वाली पदयात्रियों को पिलाया ठंडा पानी एवं कैरी की छाछ

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** समीपवर्ती धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी मेला महोत्सव में जाने वाले पदयात्रियों को जगह-जगह धर्मप्रेमियों ने स्टाले लगाकर ठंडा पानी एवं कैरी की छाछ पिलाई गई। बालाजी रोड़ पर युवा समाजसेवी रवि दाधीच की टीम के द्वारा पदयात्रियों को ठंडा शरबत पिलाया गया। जानकारी देते हुए नारायण चौधरी ने बताया कि




हरवर्ष की भांति इस बार भी भन्दे बालाजी जाने वाले पदयात्रियों को पूरे दिन ठंडा पानी एवं ठंडा शरबत पिलाया गया।

## सम्पादकीय

# अमेरिका में रेमिटेंस टैक्स लागू भारतीय प्रवासियों पर पड़ेगा सीधा असर

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा द्वारा एक मत (पक्ष में 215, विपक्ष में 214) के अत्यंत कम अंतर से पारित 'बड़े और सुंदर' कर एवं व्यय विधेयक में एक छोटा अनाकर्षक प्रावधान शामिल है जो संभवत: अमेरिका में रहने वाले अनेक गैर नागरिकों को प्रभावित करेगा। यह है 3.5 फीसदी का 'रेमिटेंस टैक्स' जो सभी ग्रीन कार्ड धारकों और एच1बी, एल1 (जिसके तहत बहुराष्ट्रीय कंपनियां विदेशी शाखाओं के कर्मचारियों को अस्थायी रूप से अमेरिका स्थानांतरित कर सकती हैं) और एफ1 यानी छात्र, श्रेणियों के गैर आप्रवासी वीजा धारकों पर लागू किया जाएगा। इस कर को अमेरिका में चुकाए जाने वाले अन्य संघीय या राज्य स्तरीय करों के विरुद्ध समायोजित भी नहीं किया जा सकेगा। इस बात को लेकर राहत का भाव है कि कर को मूल प्रावधान के 5 फीसदी से कम कर दिया गया है लेकिन इसके अनचाहे नकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। कर लगाने के पीछे तर्क डॉलर के बहिर्गमन को रोकना बताया जा रहा है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा रेमिटेंस भेजने वाला देश है। वर्ष 2023 में वहां रहने वाले प्रवासियों ने करीब 85.7 अरब डॉलर की राशि बाहर भेजी जो वैश्विक रेमिटेंस का करीब 27 फीसदी थी। बहरहाल, व्यापक तस्वीर को ध्यान में रखें तो आर्थिक तर्क कमजोर प्रतीत होता है। ऐसा लगता है कि इसका वास्तविक लक्ष्य डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के आप्रवासी विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाना है। इस धन प्रेषण का विनिमय दरों या मुद्रा भंडार पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ता है। कुल मिलाकर यह रेमिटेंस अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद के एक फीसदी से भी कम है। परंतु डॉलर की मजबूती को देखते हुए प्राप्तकर्ता देशों में रहने वाले परिवारों पर इसका अहम असर होगा। तकरीबन 50 लाख भारतीयों के पास अमेरिकी वीजा है। 2.07 लाख लोगों के पास एच1बी वीजा और 3.31 लाख लोगों के पास छात्र (एफ1) वीजा है और वे ग्रीन कार्ड धारकों में अहम हिस्सेदारी रखते हैं। तकरीबन 32 अरब डॉलर के साथ अमेरिका भारत आने वाले रेमिटेंस में 27 फीसदी के लिए जिम्मेदार है। यह कर कम से कम कॉरपोरेट मोबिलिटी कार्यक्रमों और प्राप्तकर्ता देश में होने वाले व्यय को प्रभावित करेगी। आप्रवासन को हतोत्साहित करने के अलावा यह समझ पाना मुश्किल है कि अमेरिका को इस कर से क्या लाभ होगा। सिलिकन वैली में पहले ही यह भय पैदा होने लगा है कि प्रशासन के प्रवासी विरोधी एजेंडे के कारण उसके पास प्रतिभाओं की कमी हो सकती है। अगर विदेशी छात्र-छात्राएं, जो विश्वविद्यालयों के राजस्व का मुख्य जरिया हैं, उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए वैकल्पिक देशों का रुख करते हैं तो प्रतिभाओं तक पहुंच और भी कम हो जाएगी। जहां तक भारत का संबंध है, रेमिटेंस कर दुर्भावना भी दर्शाता है क्योंकि भारत ने व्यापार समझौते के पहले सहृदयता के संकेत के रूप में ऑनलाइन विज्ञापन पर लगने वाला 6 फीसदी का 'गूगल कर' एक अप्रैल से समाप्त कर दिया था। यह भारत-अमेरिका दोहरे कराधन निवारण संधि के गैर भेदभावकारी प्रावधान का उल्लंघन भी हो सकता है। हालांकि अभी इस बारे में कुछ स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। यह विडंबना ही है कि प्रवासियों को अपना पैसा अमेरिका में रखने के लिए प्रेरित करने के बजाय यह कर उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित कर सकता है कि वे तय सीमा से नीचे रहने की कोशिश करें। इससे हवाला कारोबार दोबारा सिर उठा सकता है। व्यक्तिगत स्तर पर विनिमय नियंत्रण उदार होने के साथ ही हवाला का तंत्र कमोबेश खत्म हो चुका था। यह कुछ ऐसा होगा जो वास्तव में कोई नहीं चाहेगा।


## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 28 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सन 1959 में आज ही के दिन दो अमरीकी बंदरों ने अंतरिक्ष की सफल यात्रा की।
- ब्रितानी नाविक सर फ्रांसिस चिटचेस्टर 1967 में आज ही के दिन अकेले नाव में दुनिया का चक्कर लगा कर घर पहुंचे।
- रूस 1996 में चेचेन्या को अधिकतम स्वायत्तता देने पर सहमत हुआ।
- पकिस्तान ने 1998 में पहला परमाणु परिक्षण किया।
- नेपाल में 2002 को फिर आपातकाल लगा।
- नेपाल में 240 सालों से चली आ रही राजशाही का 2008 में आज ही के दिन अंत हुआ।
- अमेरिका ने 2008 में पाकिस्तान परस्त आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के चार नेताओं पर वित्तीय प्रतिबंध लगाया।

### 28 मई को जन्मे व्यक्ति

- हिंदुत्ववादी नेता और कवि विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 1883 में आज ही के दिन हुआ था।
- जासूसी उपन्यास जेम्स बॉन्ड के लेखक इयान फ्लेमिंग का जन्म 1908 में आज ही के दिन हुआ था।
- अमेरिकी मुक्केबाजी प्रशिक्षक लो ड्यूबा का जन्म 1922 में हुआ।
- पाकिस्तानी क्रिकेट खिलाड़ी मिस्बाह-उल-हक़ का जन्म 1974 में हुआ।




# मोदी सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था का जम्प

**भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इसका कारण भारत में भू-राजनीतिक स्थिति और बहुत अनुकूल आर्थिक वातावरण है। भारत आज 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है और यह परिवर्तन जबरदस्त है, और यह देश की कहानी कहता है। आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक भारत आज जापान से बड़ा है और आज भारत से आगे सिर्फ जर्मनी है। संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन हैं। लेकिन भारत को यह सफलता आसानी से हासिल नहीं हुई है। अर्थव्यवस्था का आकार जीडीपी द्वारा मापा जाता है, और यह जापान की तुलना में कुछ अधिक है। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में विकास दृष्टिकोण 6.2 प्रतिशत था, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी मांग के कारण, निजी भागीदारी और खपत के साथ-साथ भारत की बाजार क्षमता और व्यापक आर्थिक क्षेत्र, वैश्विक व्यापार और निवेश प्रवाह की भागीदारी में वृद्धि के कारण समर्थित था।**



– अशोक भाटिया

सिभारत अब चौथा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था बन गया है और यह मोदी सरकार और देश के 1.4 अरब भारतीयों के लिए गर्व की बात है। भारत को पहले हाथियों और सांपों की भूमि के रूप में जाना जाता था। अब वह विकसित नहीं बल्कि विकास के पथ पर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रही है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यन ने हाल ही में कहा था कि यह हम सभी के लिए खुशी और गर्व की बात है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अमेरिका और जर्मनी तीन ऐसे देश हैं और यह जानकारी सिर्फ भारत ने ही नहीं बल्कि आईएमएफ ने भी दी है, जो भारत विरोधी है। इसलिए ये आंकड़े विश्वसनीय हैं क्योंकि यहां मोदी के भक्त नहीं हैं, बल्कि मोदी के भक्त हैं, बल्कि भारत से नफरत करने वाले भी हैं. निस्संदेह यह गर्व की बात है कि भारत अब जापान को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका श्रेय मोदी और 140 करोड़ भारतीयों को जाता है। यह इस देश के प्रत्येक नागरिक का है।

नीति आयोग के अनुसार, यदि भारत प्रति व्यक्ति आय में प्रगति कर रहा है और यह अगले कुछ वर्षों में आशाजनक है, तो यह कुछ हद तक आशावादी है। विश्व बैंक और आईएमएफ ने भविष्यवाणी की है कि भारत अगले दो वर्षों के लिए दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के नियोजित विकास को रणनीतिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारत विनिर्माण क्षेत्र में एक वैकल्पिक देश बन रहा है, लेकिन इसे अपने बाजार को मजबूत करना चाहिए और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी स्थिति बढ़ाने के लिए इसका उपयोग करना चाहिए। भारत रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए आयात शुल्क की बाधाओं को दूर करने में सक्षम रहा है, लेकिन उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई तकनीकों को अपनाने के लिए श्रमिकों के लिए नौकरियां पैदा करने की भी आवश्यकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी ने बाहर मांग को धीमा कर दिया है। घरेलू मांग भी पूरी तरह पटरी पर नहीं लौटी है। यह बाधा अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए एक बाधा बनी हुई है। यदि ऐसे झटके नहीं आते हैं, तो भारतीय अर्थव्यवस्था में बचत और निवेश के स्तर के संदर्भ में अगले कुछ वर्षों में वृद्धि करने की क्षमता है। हालांकि, इसके लिए अधिक संरचनात्मक परिवर्तनों की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में सत्ता संभाली थी। तब से लेकर अब तक भाजपा सत्ता में है और देश की प्रगति निरंतर और निरंतर होती रही है। कांग्रेस शासन के दौरान, निवेशकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास खो दिया और भ्रष्टाचार के कई मामलों ने निवेशकों के विश्वास को कमजोर कर दिया था। लेकिन जब मोदी सत्ता में आए तो उन्होंने कहा %ना खाने दूंगा न खाऊंगा...% घोषणा की गई थी और तदनुसार भ्रष्टाचार की एक भी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। वरना कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार के कई मामले खबरों में थे और अखबारों में रोज नए-नए मसाले पहुंचाए जा रहे थे। लेकिन आज ऐसा नहीं है। मोदी के आने के बाद से यह गुणात्मक बदलाव आया है। इससे निवेशकों का विश्वास बहाल हुआ है और भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। लेकिन यह एक आसान काम नहीं था। मोदी का असाधारण दृढ़ संकल्प और दृढ़ संकल्प के साथ-साथ मोदी को सभी भारतीयों का समर्थन इसकी वजह थी। अगर आर्थिक विकास के आंकड़ों को केवल ध्यान में रखा जाए, तो भी मोदी सरकार का प्रदर्शन इन 10 वर्षों में प्रभावशाली रहा है। बेशक, यह स्वीकार करना होगा कि मोदी का प्रदर्शन, असामान्य होने के बावजूद, प्रशंसा के लिए पर्याप्त नहीं है। भले ही मोदी सरकार का आर्थिक प्रदर्शन जबरदस्त है, लेकिन लाखों भारतीय गरीब बने हुए हैं। और नौकरियों की गंभीर वास्तविकता है। इसलिए, हम यह नहीं कहते कि भारत तब तक खुश है जब तक युवाओं को रोजगार का लाभ नहीं मिलता। यद्यपि अर्थव्यवस्था संतोषजनक है, फिर भी कुछ अड़चनें हैं, सबसे पहले, गरीबी। गरीबी और असमानता की असली तस्वीर सामने नहीं आ रही है। मोदी ने सड़कों और बुनियादी ढाँचे के निर्माण पर ज़ोर दिया है, और इसलिए आज देश में कई जगहों पर अच्छी सड़कें और पुल और पुल बनते हुए हम देखते हैं, लेकिन साथ ही डिजिटल सिस्टम का इस्तेमाल उस हद तक नहीं बढ़ा है, जितना होना चाहिए। मोदी को इस बारे में सोचना चाहिए क्योंकि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहना ठीक नहीं है और उसी तरह व्यापार करना जारी रखना अच्छा नहीं है। यह किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं है। मोदी शौचालय बनाने की योजनाएं लेकर आए और देश को खुले में शौच से मुक्त बनाया। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर अभी भी यही स्थिति है और अंत में, जैसा कि अमर्त्य सेन ने कहा, उस विकास का फल तब तक अंतिम तक पहुंचा हुआ कहा जा सकता है जब तक कि अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को विकास का फल नहीं मिलता। नहीं। मोदी को इस संबंध में अभी बहुत काम करना है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोदी यह काम करेंगे। भारत के विकास ने एक छलांग लगाई है लेकिन महामारी और इसके दौरान खाद्य वितरण तेजी से हुआ है।

# फेसबुक या फूहड़बुक : डिजिटल अश्लीलता का बढ़ता आतंक और समाज की गिरती संवेदनशीलता



– प्रियंका सौरभ

**फेसबुक दावा करता है कि उसके पास सामुदायिक मानक हैं – जो नफ़रत फैलाने, अश्लीलता परोसने और हिंसा भड़काने वाले सामग्री को रोकते हैं। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है।अगर कोई उपयोगकर्ता कोई राजनीतिक सच्चाई या तीखी भाषा लिख दे, तो उसकी पहचान कुछ मिनट में अवरुद्ध हो जाती है। लेकिन वही मंच घंटों तक अश्लील वीडियो वायरल होते देखने देता है, बिना किसी हस्तक्षेप के। क्या यह मान लिया जाए कि फेसबुक की नीति यह है अगर आप सत्य बोलेंगे तो आप खतरनाक हैं, और अगर आप अश्लीलता फैलाएंगे तो आप व्यस्त और उपयोगी उपयोगकर्ता हैं!**

जब सोशल मीडिया हमारे जीवन में आया, तो उम्मीद थी कि यह विचारों को जोड़ने, संवाद को मज़बूत करने और जन-जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। लेकिन आज, 2025 में, विशेषकर फेसबुक जैसे मंच पर जिस तरह से अश्लीलता और फूहड़ता का आतंक फैलता जा रहा है, वह न केवल चिंताजनक है, बल्कि सभ्यता की चादर में लिपटे हमारे समाज की मानसिक पतनशीलता को भी उजागर करता है।

**अश्लील वीडियो की वायरल संस्कृति: मनोरंजन या मानसिक विकृति?**

आज फेसबुक पर एक महिला या किसी व्यक्ति की निजता से खिलवाड़ करती हुई अश्लील वीडियो अगर गलती से अपलोड हो जाती है, तो उसके रिपोर्ट और हटने से पहले ही लाखों लोग उसे डाउनलोड, साझा और एक-दूसरे से माँग लेते हैं। यह सिलसिला इतना भयावह और संगठित रूप में होता है कि लगता है जैसे सभ्य समाज नहीं, किसी डिजिटल भेड़िया झुंड में रह रहे हों। सबसे अधिक विचलित करने वाली बात यह है कि यह सब पढ़े-लिखे, संस्कारी दिखने वाले, प्रोफ़ाइल पर तिरंगा, ? या गीता का श्लोक डालने वाले लोग ही सबसे ज़्यादा करते हैं।

**तो फिर सवाल उठता है – क्या यही हमारी वास्तविक मानसिकता है?**

क्या हम दोहरे चरित्र वाले समाज के प्रतिनिधि हैं जो मंच पर नैतिकता की बात करता है और अकेले में अश्लीलता का उपभोग करता है?

**समाज की चुप्पी: एक और अपराध**

इन वीडियो को रिपोर्ट करना, विरोध करना और हटवाना तो दूर की बात, लोग इन्हें चुपचाप देखते हैं, सहेजते हैं, और निजी संदेशों में साझा करते हैं। जो कृत्य समाज में निंदा के योग्य होना चाहिए, वह मनोरंजन और मोबाइल संदेशों का हिस्सा बन जाता है। ऐसे में समाज केवल अपराधी का साथ नहीं देता, बल्कि वह खुद अपराध का भागीदार बन जाता है।

**पीड़िता नहीं, समाज शर्मसार हो**

हर बार जब कोई महिला किसी वीडियो में जबरन या धोखे से दिखा दी जाती है, तो समाज उसे कोसने लगता है — जबकि असली दोषी वह नहीं, वह व्यक्ति होता है जिसने उसका वीडियो बनाया, और वे लोग होते हैं जो उसे साझा करते हैं। वास्तव में शर्म तो उस समाज को आनी चाहिए।

**फेसबुक की असफलता: सामुदायिक मानक या बिके हुए नियम?**

फेसबुक दावा करता है कि उसके पास सामुदायिक मानक हैं-जो नफ़रत फैलाने, अश्लीलता परोसने और हिंसा भड़काने वाले सामग्री को रोकते हैं। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है। अगर कोई उपयोगकर्ता कोई राजनीतिक सच्चाई या तीखी भाषा लिख दे, तो उसकी पहचान कुछ मिनट में अवरुद्ध हो जाती है। लेकिन वही मंच घंटों तक अश्लील वीडियो वायरल होते देखने देता है, बिना किसी हस्तक्षेप के।

क्या यह मान लिया जाए कि फेसबुक की नीति यह है —
'अगर आप सत्य बोलेंगे तो आप खतरनाक हैं,
और अगर आप अश्लीलता फैलाएंगे तो आप व्यस्त और उपयोगी उपयोगकर्ता हैं!'

## बड़े कलाकार हैं लोग.. बढ़ता राजस्थान



रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी,
अलवर संस्करण

**इन्हें याद सब आता है पर कब आता है बस इसी में गड़बड़ है।** खुद रिश्वत ले रहा हो तब देश सेवा के प्रति सेवा और कर्तव्य गायब हो जाता है लेकिन जब-जब इसे रिश्वत देनी पडे तो भारत माता बन जाती है इनके लिए। भीषण गर्मी,प्रचंड धूप में इन्हें पेड पौधों का महत्व नजर आता है क्योंकि तन बदन में आग लगी रहती है। तो उस समय तपती धूप में पौध लगाते हैं जिसकी भ्रूण हत्या हो जाती है। जबकि पौधों के लगाने का समय( बारिश का मौसम) ये बीयर पीकर झरनों में और तालाबो में गुजार देते हैं। जैसे ही बारिश आती है और सड़कों पर पानी भरने का दौर शुरू होता है तब वाटर हार्वेस्टिंग याद आती है लेकिन अन्य दिनों में इन्हें सिर्फ अपना भवन बनवाने की लगी रहती है, हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना भूल जाते हैं। पेट का ख्याल भी तभी आता है जब ऊलजुल चीज खाकर अपना पेट खराब कर लेते हैं तब ये कलाकार व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर बन बैठते हैं और अपने कमरे में लेटे-लेटे खाने-पीने में किस चीज का परहेज करें, कैसे अपने शरीर का ध्यान रखें यह ज्ञान दुनिया को बांटते हैं। बड़े कलाकार हैं ऐसे लोग खुद तो कोई खिला दे तो कढ़ी कचौड़ी खा लेते हैं लेकिन खिलाने की बारी आए तो ज्ञान पेल देते हैं कि ये मैदा है, पेट में जाकर नुकसान करती है। यदि ऐसे लोगों से कोई कह दे अच्छा चलों फल ही खिला दो तो फल भी यूरिया खाद के बन जाते हैं। बड़े कलाकार लोग हैं भाई इन्हें बिजली भी पॉवर वाली चाहिए फुल वोल्टेज में लेकिन ट्रांस्फार्मर पडौसी के घर के आगे लगना चाहिए। बड़े कलाकार लोग हैं भाई सभ्यता और संस्कृति से सजे देश के लोग, जब हालात खराब के कारण भाई का मकान बिक रहा होता है तो सबसे पहला खरीददार ही दूसरा भाई होता है। यहां बड़े कलाकार लोग हैं भाई अपना दर्द बताने वाले के आगे मुँह लटका कर संवेदनाए प्रगट करते हैं लेकिन जैसे ही वो आँखों से ओझल होता है,तो पास खड़े से कहते हैं अब आया है ऊँट पहाड़ के नीचे बड़ा तीसमार खां बना फिरता था.. ।

बड़े कलाकार लोग हैं भाई बच के रहना

## 2025_026 a बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 9 | | 4 |
| | | | 4 | | | | 5 | 2 |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | 8 | | 5 | | | | | 7 |
| | | | 3 | | 8 | | | |
| 5 | | | | | 7 | | 1 | |
| | | | 2 | | | 4 | | |
| 2 | 7 | | | | 9 | | | |
| 1 | | 8 | | | | 3 | | |

Ans_2025_025

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 |
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 5 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
किसी धार्मिक स्थल या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें।

**वृष**
आज आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है, जिससे मन विचलित रहेगा।

**कर्क**
आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन ग्लानि से भरा रहेगा। विद्यार्थियों को विद्याप्राप्ति में अवरोध उत्पन्न हो सकता है।

**सिंह**
मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आपको धार्मिक प्रवास से मानसिक खुशी मिलेगी। संबंधों में हो रही भावना आपके मन को द्रवित कर देगी। परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें।

**कन्या**
आज कार्यभार की अधिकता के कारण शिथिलता रहेगी। योग, ध्यान और आध्यात्मिकता का सहारा लेकर मन की शांति पर ध्यान दें। आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेग। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। अन्य लोगों के साथ अनबन हो सकती है।

**तुला**
माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कामों में सावधानी बरतें। आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी।

**वृश्चिक**
व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहने की संभावना है। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। आज के दिन मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु**
आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। अत्यधिक क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा।

**मकर**
हर काम में यश प्राप्त होने का योग बन रहा है। हालांकि खर्च की मात्रा अधिक रहने की आशंका है, इसका ख्याल रखें। आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित कर सकते हैं।

**कुंभ**
विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी, जिससे मन बेहद खुश रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहने की उम्मीद है। मानसिक एकाग्रता के लिए अपने गुस्से पर संयम रखें।

**मीन**
मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटन स्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले सकेंगे। आज आपको वाहन सुख भी मिलेगा। आपके मान-सम्मान और लोकप्रियता में वृद्धि होने के संकेत हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# आने वाली पीढ़ियों को रोजगार एवं प्रगति के मार्ग पर लाना सामूहिक जिम्मेदारी : हरीश चन्द्र मीना

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश चंद्र मीना की अध्यक्षता एवं जिला प्रमुख सुदामा मीना की उपस्थिति में जिला परिषद सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सांसद ने विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को पारदर्शिता और समन्वय के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

**जनसेवा को प्राथमिकता दें :** सांसद मीना ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि सभी कानून जनता की सेवा के लिए हैं, अत: अधिकारी संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को रोजगार एवं प्रगति के मार्ग पर लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सवाई माधोपुर के स्थानीय निवासियों को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु विशेष प्रयास करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश प्रदान किए।

**जल जीवन मिशन एवं पेयजल आपूर्ति पर विशेष जोर :** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता बी.एस. मीना को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों व विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल जीवन मिशन के तहत विधानसभावार स्वीकृत एवं लंबित कार्यों की सूची तैयार कर उन्हें समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बाड़ोलास पंचायत में शेष रहे स्थानों पर जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के निर्देश भी प्रदान किए। जल संसाधन विभाग के अरुण शर्मा को मोरा सागर सिंचाई परियोजना की नहरों व पुलियाओं के जीर्णोद्धार एवं निमोद-सांचोली एनीकट निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए । इस दौरान जिला प्रमुख द्वारा मनरेगा कार्यो में असंतुष्टि व्यक्त करने पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क, बिजली एवं आवास योजनाओं की समीक्षा के दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग को ऐसे गांवों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए जो अभी तक सड़क से नहीं जुड़े हैं। साथ ही विद्युत विभाग को गर्मी के मौसम में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मीना ने रणथम्भौर नेशनल पार्क के प्रवेश द्वार पर प्रतिदन आने व जाने वाले वाहनों की चैकिंग करने तथा किसी भी परिस्थिति में समय सीमा के पश्चात किसी को भी प्रवेश नहीं देने के निर्देश उप वन संरक्षक रामानंद भाकर को प्रदान किए। साथ ही उन्होंने विभिन्न विकास परियोजना के तहत वन विभाग के कानूनों का हवाला देकर रोक नहीं लगाने की बात कहीं। बैठक में जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, उप वन संरक्षक रामानंद भाकर, नगर परिषद सभापति जय प्रकाश सामरिया, सवाई माधोपुर प्रधान निरमा मीना, प्रधान मलारना देवपाल मीना, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीना, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, उप निदेशक डॉ. हेमराज मीना, आरसेटी निदेशक नीरज कुमार, डीडीएम नाबार्ड पुनीत हरित सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने फल-फ्रूट गोदाम एवं व दुकानों के नमूने लिए



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये जाने के लिए शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत मंगलवार को षहर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कार्यवाही की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. षैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर के साथ सीएमएचओ टोंक द्वारा षहर की विकास विहार कॉलोनी मे संचालित फर्म एवं गोदाम राजश्री फ्रूट्स का औचक निरीक्षण कर फल-फ्रूट (आम, केला, तरबूज इत्यादि) का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगषाला में भिजवाया। मौके पर फलो को पकाये जाने वाले चैंबर की काबाईड जांच की गई जो जांच में सही पाया गया। मौके पर एफएसएसएआई द्वारा अप्रूव्ड एथीलीन गैस का उपयोग करते हुये पाया गया। इसी प्रकार घंटाघर पर स्थित फुटकर विक्रेता से आम व सेब का नमूना लेकर जांच के लिए भिजवाया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण ने बताया कि निरीक्षण के दौरान फल व सब्जियों को प्रतिबंधित रसायनों से पकाये जाते हुये पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

सीएमएचओ डॉ. चौधरी ने बताया कि विभाग द्वारा एडवाईजरी जारी करते हुये बताया है कि फल व सब्जियॉ जिन्हे कैल्षियम काबाईड से कृत्रिम रूप से पकाये गया हो या पकाये जाने की आंषका हो, सिन्थेटिक डाई या रासायनिक संरक्षक पाये गये हो, अंगूर व सेब पर अत्यधिक वैक्स, कोटिंग या कीटनाषक टॉक्सेज मौजूद हो, को खरीदने व सेवन करने से पूर्व विषेष सावधानी बरतनी चाहिए। इनसे ष्वसन तंत्र में जलन, तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव एवं दीर्घकालिक विषाक्ता संबंधित गंभीर स्वास्थ्य संबंधित बीमारियां हो सकती है। उपभोक्ता संदेहास्पद मामलों की सूचना विभाग को व्हाट्सप नंबर 9462819999 पर सूचना दे सकते है।

# कांग्रेंस की संविधान बचाओ अभियान विशाल आम सभा आज

## पायलट, जूली, डोटासरा सहित अन्य कई दिग्गज कांग्रेसी नेता लेगें भाग

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** ब्लॉक कांग्रेस मालपुरा के तत्वावधान में बुधवार 28 मई को जयपुर रोड स्थित पाण्डुक शिला जैन धर्मशाला में प्रात: 11.15 बजे संविधान बचाओ अभियान व राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना को केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा स्वीकार करने पर हुई जीत को लेकर जिला स्तरीय विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट ने बताया कि इस जनसभा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट, कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, टोंक सवाईमाधोपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद हरीश मीणा, टोंक जिला प्रभारी एवं आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, संविधान बचाओ अभियान के जिला प्रभारी ओमप्रकाश हुडला, मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा प्रभारी सुशील पारीक, मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे घासीलाल चौधरी एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित अन्य कई कांग्रेसी नेता सम्बोधित करेगें। ब्लाक अध्यक्ष जाट ने बताया कि जनसभा में जिले की सभी चारो विधानसभा क्षैत्र के कांग्रेसजन, कार्यकर्ता, संगठन पदाधिकारी, कांग्रेस के जनप्रतिनिधि व भारी संख्या में आम जन मौजुद रहेगें। जनसभा के बाद संविधान बचाओ रैली सभा स्थल से व्यास सर्किल तक निकाली जाएगी।

**सविंधान की रक्षा के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का किया आव्हान :-** मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे भामाशाह एवं समाजसेवी घासीलाल चौधरी ने मालपुरा क्षेत्र सहित सम्पूण्र जिले की जनता को जानकारी देते हुए बताया है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने भारत के संविधान की रक्षा के लिए देश के कोने कोने में जनसभाऐं कर आम जन को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बुधवार 28 मई को ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। चौधरी ने आम जन से आव्हान किया है कि संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस की ओर से शुरू किए अभियान को सफल बनाने के लिए जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनावें।

# स्वच्छता फंड के दुरुपयोग पर पंचायतीराज विभाग सख्त, कई प्रशासक पदमुक्त

## पंचायती राज मंत्री दिलावर भी कर रहे जिलों का आकस्मिक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य में ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के लिए आवंटित फंड के प्रभावी उपयोग में लापरवाही पर पंचायतीराज विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग द्वारा की जा रही सख्ती के तहत अब तक कई ग्राम पंचायत प्रशासकों को फंड की उपलब्धता के बावजूद कार्य न कराने पर पदमुक्त किया जा चुका है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर द्वारा खुद भी कई जिलों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने चित्तौड़गढ़ जिले की अनेक ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कई स्थानों पर स्वच्छता के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई गई, जबकि संबंधित ठेकेदारों को भुगतान किया जा चुका था।

**प्रशासकों पर कार्रवाई, तर्कों को नहीं मिली मान्यता :** स्वच्छता व्यवस्था में अनियमितता की शिकायतों के बाद जब विभाग ने प्रशासकों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की, तो सरपंचों और ग्राम सेवकों ने विभाग के समक्ष विभिन्न स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए। उनका कहना था कि टेंडर प्रक्रिया में बाधाएं, श्रमिकों की अनुपलब्धता और बाहरी ठेकेदारों की निष्क्रियता के कारण कार्य प्रभावित हुआ। कई मामलों में यह भी पाया गया कि एक ही ठेकेदार को अनेक पंचायतों में सफाई का कार्य सौंपा गया, लेकिन उन्होंने न तो सफाई कार्य करवाया और न ही निगरानी की। ऐसे मामलों में ग्राम पंचायत स्तर पर कामकाज केवल कागजों तक ही सीमित रह गया।

**मंत्री के निर्देश पर सख्त निगरानी शुरू :** पंचायतीराज मंत्री ने अपने निरीक्षण के दौरान दोषी ठेकेदारों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विभाग अब सभी जिलों में स्वच्छता कार्यों की गहन मॉनिटरिंग कर रहा है। जिन पंचायतों को 15वें वित्त आयोग से स्वच्छता मद में बजट मिला था, वहां भी खर्च के अभाव या दुरुपयोग की स्थिति में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। विभाग का कहना है कि ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी और निरीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। सरपंचों और ग्राम सेवकों से अपेक्षा की जा रही है कि वे निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप कार्य निष्पादन करें, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# मालपुरा के लाल ने किया कमाल

## आईआईटी छात्र विपुल जैन का प्रथम प्रयास में ही सीटीसी जैसी कम्पनी में 1.45 करोड़ के पेकेज पर हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा निवासी शिक्षक पिता प्रवीण कुमार एवं माता रेखा जैन के होनहार एवं प्रतिभाशाली पुत्र विपुल जैन का प्रथम प्रयास से ही सीटीसी जैसी बड़ी कम्पनी में 1 करोड़ 45 लाख रूपये के वार्षिक पेकेज होने चयन होने पर सम्पूर्ण मालपुरा क्षैत्र में खुशी की लहर है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नरेन्द्र जैन नीटू ने बताया कि विपुल ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा केंन्द्रीय विद्यालय अविकानगर - मालपुरा से की। इसके बाद वह उच्च शिक्षा करते आईटीआई इलाहबाद से की। आईटीआईई के दौरान ही विपुल जैन का सीटीसी से सम्बद्ध रूब्रीक इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड जैसी बड़ी कम्पनी में 1 करोड़ 45 लाख रूपये के वार्षिक पेकेज पर चयन हुआ। इस चयन के बाद विपुल के परिवारजनो, रिश्तेदारो सहित सम्पूर्ण समाज में खुशी की लहर है। विपुल अब मालपुरा क्षैत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा के प्रतीक बन चुके हैं। वहीं विपुल ने इसका श्रेय आईटीआई इलाहबाद के शिक्षको की प्रेरणा व अपने पिता शिक्षक पिता प्रवीण कुमार व माता रेखा जैन के आर्शिवाद व सहयोग को दिया है।

# जलदाय मंत्री ने संतो से लिया आर्शिवाद

## आयोजको ने किया सार्वजनिक अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी मंगलवार को दुर्गापुरा सांगानेर स्थित जिनालय में जैन मुनि जयकीर्ति महाराज के पावन सानिंध्य में चल रहे पद्मपुराण पर आधारित जैन रामायण कथा कार्यक्रम में भाग लिया। चौधरी भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां आयोजको ने अगवानी कर मुनि श्री के पास लेकर पहुंचे। जहां जलदाय मंत्री ने मुनि श्री को प्रणाम कर आर्शिवाद प्राप्त किया। वहीं आयोजको की ओर से इस अवसर पर जलदाय मंत्री चौधरी का सार्वजनिक अभिनन्दन किया।

# तिरंगा यात्रा को राजनीतिक चश्मे से देखना कांग्रेस की हताशा : मानसिंह गुर्जर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने मंगलवार को कांग्रेस द्वारा आपरेशन सिंदूर यात्रा के लिए किए जा रहे भ्रामक प्रचार का जवाब देते हुए इसे कांग्रेस की हताशा बताया। जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस द्वारा देश एवं प्रदेश में चल रही तिरंगा शौर्य यात्रा को राजनीतिक स्टंट कहने पर कड़ी आपत्ति करते हुए जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता सुरेश जैन, डॉ भरतलाल मथुरिया, हरिओम गर्ग ने कहा कि यह कांग्रेस की हताशा है तथा तिरंगा यात्रा की सफलता को देखकर इन लोगों को लगा कि पूरे देश ही सेना के साथ खड़ा हो गया है तब इन्हें महसूस हुआ और इनके द्वारा जय हिंद सभाओं का ऐलान किया गया चलो अच्छा है मोदी के कारण यह लोग जय हिंद का नारा लगाने लगे किंतु सही मायने में जय हिंद समय राष्ट्रभक्ति का ढोंग मात्र है । भाजपा ने तिरंगा यात्रा को कभी अपनी यात्रा नहीं कहा और ना ही बीजेपी झंडा का उपयोग किया है कांग्रेस रेलियो में देश को विभाजित करने वाली बातें कर रही है । भाजपा नेताओं ने कहा कि जिले में तिरंगा रैली जिला मुख्यालय सहित चारों विधानसभाओं व 17 मंडलों सहित 84 शक्ति केंद्रों पर निकाली जा चुकी है तथा 31 मई तक यह जारी रहेगी। भाजपा का उद्देश्य सेवा के सम्मान में राष्ट्रभक्ति का वातावरण बने तथा यात्राओं में सभी की भागीदारी हो, मानसिंह गुर्जर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का यह कहना कि संघ मुख्यालय पर 80 वर्षों से तिरंगा नहीं फहराया यह उनके अल्पज्ञान का प्रतीक है उन्हें ज्ञात होना चाहिए कि उस कालखंड में केवल सरकारी भवनों पर ही तिरंगा फहराया जाता था । सुप्रीम कोर्ट के नवीन जिंदल केस के फैसले के बाद हर नागरिक का अधिकार बना तब से यह संघ मुख्यालय पर भी ध्वजारोहण होता है । इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष मीरा सैनी, ओम सुवालका, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# सीडीईओ एवं एडीपीसी ने किया 'बोल सवाई माधोपुर' समर कैंप का अवलोकन, विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग सवाई माधोपुर की संयुक्त पहल मिशन बोल सवाई माधोपुर इंग्लिश स्पीकिंग समर कैंप का अवलोकन आज मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कृष्णा शर्मा एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मान टाउन, बाल मंदिर कॉलोनी में संचालित इस समर कैंप में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी भाषा में संवाद कौशल विकसित करने हेतु विशेष कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। अवलोकन के दौरान अधिकारियों ने कक्षा में चल रही शिक्षण गतिविधियों का निरीक्षण किया, विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनके अनुभव जाने। उन्होंने प्रशिक्षकों से पाठ्यक्रम की रूपरेखा, शिक्षण विधियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा आज के युग में वैश्विक संवाद का सशक्त माध्यम है।

# गोवर्धन पूजा अहंकार पर धार्मिकता की जीत का प्रतीक है- पं.लादूलाल दाधीच

## भगवान कृष्ण रुक्मणी विवाह धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** गांव नला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा पर प्रवचन देते हुए कथा वाचक पंडित लादूलाल दाधीच ने गोवर्धन पूजा, कृष्ण रुक्मणी विवाह, कंस का वध के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने इंद्र का घमंड तोडने् के लिए गोवर्धन पूजा करवाई। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने गोवर्धन की पूजा करने से आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं और इसके अलावा धन-धान्य, संतान और सौभाग्य की प्रप्ति का महत्व समझाया। गोवर्धन पूजा को इंद्रदेव पर भगवान श्रीकृष्ण के विजय के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है। जो अहंकार पर धार्मिकता की जीत का प्रतीक है। शाम को नानी बाई को मायरा में कथा वाचक सुश्री दीपा दाधीच भीलवाड़ा ने कहा कि नरसी मेहता ने राधा कृष्ण के साथ खूब रास किया और कई दिनों तक द्वारिका में रहे। फिर भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि तुम्हे वापस मृत्युलोक में जाना पड़ेगा क्योंकि तेरे कर्म बाकी हैं। भगवान श्री कृष्ण ने नरसी मेहता को टोपी करताल घुघुरूं व केदार की राग उपहार में दिए। उन्होंने नरसी मेहता से कहा कि जब भी तुम्हें मेरी याद आये तो केदार राग को गा देना। मैं तुम्हारे पास दौडा दौडा चला आऊँगा। नरसी मेहता जूनागढ के तलाजा गाँव आ गये। उन्होंने अपनी भाभी को प्रणाम किया और कहा कि आपके कारण ही मुझे श्री राधा कष्ण के दर्शन हुए हैं। भगवान कृष्ण द्वारा नरसी मेहता को चौदह करोड की सम्पदा दान में दी जिसे नरसी ने गोशाला, विद्यालय बनाने, बाग लगाने व प्याऊ बनवाने में दान कर दी। स्वयं सोलह संतों के साथ राम सरोवर पाल पर कुटिया बनवाकर रहने लगे व भजन कीर्तन करने लगे। इस अवसर पर सीताराम दाधीच बगडी, जगदीश दाधीच चबराना, ओम दाधीच नया टीला, सोनू दाधीच बगरू, लोकेश दाधीच चबराना, सीताराम दाधीच खणदेवत, कौशल दाधीच खणदेवत, अशोक शर्मा नला, रामेश्वर बराला, राम बिलास खाती, सत्यनारायण अध्यापक, बदरी अध्यापक, रामदयाल जाट,रामजीवण जाट, रामेश्वर काका व श्योजी पटेल सहित सैकडों श्रद्धालु मौजूद थे।

# उपखण्ड अधिकारी ने किया मौका निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा के व्यास सर्किल के पास बनने वाले नए बस स्टेण्ड का उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने मौका निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी नगरपालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, पीएस देवेन्द्र छाबड़ी सहित अन्य कार्मिको के साथ व्यास सर्किल के पास डाक बंगले की बगल में बनने वाले रोडवेज बस स्टेण्ड स्थल का मौका निरीक्षण किया। उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने मौके पर हो रही साफ सफाई कार्य पर संतुष्टि प्रदान कर मौजुद कार्मिको से कार्य तीव्र गति से करने के निर्देश प्रदान किए।

### जिला कलक्टर ने ली जिला परिषद की समीक्षात्मक बैठक

# जल संचय जन भागीदारी अभियान व एमजेएसए 2.0 के कार्यों को 30 जून तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

## प्रधानमंत्री धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगाए जाने वाले शिविरों की करें तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला परिषद की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई जिसमें जल संचय जन भागीदारी अभियान, एमपी एमएलए लैड, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, मनरेगा, आंगनबाडी रिनोवेशन एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



**बावडियों के जीर्णोद्धार कार्यों को 15 दिवस में करें पूर्ण :** जिला कलक्टर ने मनरेगा की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिले में मनरेगा योजना से कंवर्जन कर 9 बावडियों के जीर्णोद्धार कार्यों में शेष प्रगतिरत 6 कार्यों को आगामी 15 दिवस में पूर्ण करें। उन्होंने मनरेगा से कंवर्जन कर प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक तैयार कराए जा रहे खेल मैदान/स्टेडियम की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि इन मैदानों को गुणवत्ता के साथ तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि मनरेगा के स्वीकृत किए जाने वाले कार्यों में डेयरी फार्मिंग के कार्यों को शामिल करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि प्रगतिरत 6 हजार कार्यों को 30 जून से पूर्व पूर्ण करें एवं उन्हें पोर्टल पर अपडेट करावे।

**30 जून तक प्रगतिरत एमजेएसए कार्यों को पूर्ण करने के दिए निर्देश :** उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के द्वितीय चरण की समीक्षा कर निर्देश दिये कि 30 जून तक योजना के तहत स्वीकृत सभी 5488 कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के अंतर्गत अलवर जिले की 9 पंचायत समितियों के 64 ग्राम पंचायतों के 195 गांव का 54783 हैक्टेयर क्षेत्र उपचारित किया जाना है। इस कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के कार्य स्वीकृत नहीं हैं उन स्थानों पर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत प्रमुखता से जल संरक्षण के कार्य स्वीकृत किए जावे। उन्होंने जिला परिषद के सीईओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉकवार एमजेएसए 2.0 के कार्यों की नियमित समीक्षा करें।

**प्रधानमंत्री धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की तैयारियों की कि समीक्षा :** जिला कलक्टर ने प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका को विकसित करने एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से आदिवासी क्षेत्रों के जनजातीय लोगों को लाभांवित कराने के उद्देश्य से जिले में 15 जून से 30 जून तक 7 पंचायत समितियों में चयनित 142 गांवों में शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें जनजातीय लोगों को लाभांवित कराया जाना है। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला परिषद के सीईओ संबंधित विभागों की तैयारी बैठक लेवे तथा उन्हें शिविर के दौरान किए जाने वाले कार्यों एवं उनके दायित्वों के संबंध में अवगत कराकर इन शिविरों के माध्यम से भारत सरकार की मंशा के अनुरूप जनजातीय लोगों को लाभांवित करें।

**योजनाओं की करें प्रभावी मॉनिटरिंग :** जिला कलक्टर ने जिला परिषद के सीईओ को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में संचालित योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा कर निर्देश दिये कि योजना के तहत ग्राम पंचायतों से प्राप्त प्रस्तावों की प्राथमिकता तय करने हेतु अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जावे। साथ ही योजना के तहत प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करावे। इसी प्रकार उन्होंने सांसद स्थानीय निधि कोष व विधायक स्थानीय निधि कोष योजना की समीक्षा कर निर्देश दिये कि योजना के तहत प्राप्त प्रस्तावों को त्वरित रूप से अमलीजामा पहनाना सुनिश्चित किया जावे। प्रगतिरत कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने आंगनबाडी रिनोवेशन कार्यों की समीक्षा कर महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि उपखण्ड अधिकारियों व विकास अधिकारियों से समन्वय कर सरकारी योजनाओं एवं सीएसआर के माध्यम से और आंगनबाडियों के रिनोवेशन कराने के प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में जिला परिषद के सीईओ श्री सालूखे गौरव रविन्द्र, वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री नरेन्द्र मोथू, मनरेगा के अधीक्षण अभियन्ता श्री नरेन्द्र लक्खीवाल, अधिशाषी अभियन्ता अभियांत्रिकी श्री प्यारेलाल मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता श्री भूरी सिंह, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री रमेश चंद सैनी, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक श्री महेश चंद गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, एलडीएम श्री बाबूलाल पालरिया सहित संबंधित अधिकारी एवं समस्त बीडीओ मौजूद रहे।



## शनि जन्मोत्सव पर निकली कलश यात्रा, भजनों पर झूमे श्रद्धालु, श्री आश्रय स्थल का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** माता शीतला सेवा समिति के तत्वावधान में शनि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गणेश पोल से भव्य मंगल कलश यात्रा का शुभारंभ अवधूत आश्रम के महंत अमन भारती जी महाराज, बाग वाली सरकार के महंत सजल अरोड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने ध्वज दिखाकर किया गया। माता शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र दाधीच ने बताया कि मंगल कलश यात्रा गणेश पोल से प्रारंभ होकर पंडित भवानी सहाय चौक, चौपड़ बाजार, गोल सर्किल, मालाखेड़ा बाजार होते हुए शनि मंदिर स्थल पर पहुंची। लायंस क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष खेम सिंह आर्य ने बताया कि कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने बड़े ही धूमधाम से मंगल गीत गाते हुए यात्रा में शामिल हुई। पार्षद गौरव कसेरा ने बताया कि कलश यात्रा पूर्ण होने के पश्चात शनि मंदिर पर सामूहिक मंगल हवन पंडित पूर्ण चंद जैमन के द्वारा संपन्न हुआ। पार्षद सुनीता प्रजापत ने बताया कि बुजुर्गों के लिए नवनिर्मित श्रीआश्रय स्थल का उद्घाटन तहसीलदार वी पी सिंह नरूका, शहर कोतवाल राजेश मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया एवं सेवानिवृत्ति शिक्षाविद योगेश वशिष्ठ द्वारा फीता काटकर किया गया और इसको बुजुर्गों के लिए समर्पित किया। गायत्री शक्तिपीठ की प्रमुख मीना खण्डेलवाल एवं प्रीति विजय ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम में खीर और पुआ का भोग लगाकर सभी महिलाओं को और भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

गर्मी का मौसम को देखते हुए शर्बत की छबील लगाकर शरबत वितरित किया। इस अवसर पर राहुल दीक्षित, प्रेमनाथ धामाणी , अजय यादव, एन एल वर्मा, प्रदीप महावर, एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा, एडवोकेट योगेश व्यास, एडवोकेट भारत सिंह, एडवोकेट महेंद्र तिवारी, विजेंद्र मिश्रा, श्याम सुंदर विजय, गिर्राज प्रजापत, राजेश्वरी शर्मा, पार्षद रूपनारायण मीना सहित काफी संख्या में महिला और राजगढ़ के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## सुनील बिज्जू की स्मृति में दिया जाएगा प्रति वर्ष पत्रकारिता सम्मान, पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर जिले के पत्रकारों की ओर से सूचना केन्द्र के सभागार में दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार और संपादक सुनील बिज्जू को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष सुनील बिज्जू की स्मृति में पत्रकारिता पुरस्कार शुरू किया जाएगा जो नवोदित पत्रकार को दिया जाएगा। बिज्जू ने बहुत से युवाओं को पत्रकारिता के गुर सीखाए जिन्होंने देश भर में नाम कमाया।

जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन आफ राजस्थान( जार )अलवर की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बहुत से पत्रकारों ने सुनील बिज्जू के साथ बिताए अपने अनुभव सांझा किए। इन पत्रकारों में राकेश असंक, लक्ष्मीनारायण लक्ष्य, अवधेश सिंह, इतिहासकार हरिशंकर गोयल, धर्मेन्द्र अदलकखा, डा. महेश वर्मा, यूडी खान, मनोज गुप्ता, हितेन्द्र सिंह नरुका सहित सूचना व जनसंपर्क अधिकारी छगन लाल यादव थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

(जार)जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने अपने संस्मरण सुनाए और सुनील बिज्जू सहित वरिष्ठ पत्रकारों की स्मृति में पुरस्कार देने की घोषणा की। इसमें पत्रकार मनोज कटोरीवाले को भी याद किया गया।

इस अवसर पर जिले भर से आए पत्रकारों ने दौ मिनट का मौन रखा और श्रद्धाजंलि अर्पित की। इनमें नीरज पांडे, अजय सैनी, हितेन्द्र सिंह नरुका, पियूष उपाध्यक्ष, सुजीत कुमार, संजीव गुप्ता, अशोक सोनी, जितेन्द्र सेतिया, मनीष अरोड़ा, रूपेश शर्मा, आनंद इंदोरिया, सागर गुर्जर, छगन चेतिवाल,रोहित शर्मा, राकेश मीणा (राजगढ़ )आदि थे। संचालन धर्मेन्द्र अदलकखा ने किया। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने आभार जताया।

## 'अच्छा किया बीमा लिया' अभियान की कलक्ट्रेट परिसर से हुई शुरुआत एडीएम शहर ने बीमा जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) की महत्वाकांक्षी पहल 'सबको बीमा अभियान 2047' के अंतर्गत जनरल इंश्योरेंस काउंसिल द्वारा संचालित बीमा शिक्षा एवं जन जागरूकता अभियान 'अच्छा किया बीमा लिया' की शुरुआत आज कलक्ट्रेट परिसर से अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर ने बीमा जागरूकता मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर की।



इस अवसर पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने बताया कि यह वैन जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को बीमा के महत्व से अवगत कराएगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान नुक्कड़ नाटक, लाइव प्रस्तुतियाँ एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से जीवन, स्वास्थ्य एवं जनरल बीमा की आवश्यकता और लाभ को सरल भाषा में आमजन तक पहुँचाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के प्रारंभिक दिन में टीम ने कलक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन एवं नगर पालिका परिसरमालाखेड़ा में बीमा के संबंध में जानकारी दी जिन्हें जनता ने उत्साहपूर्वक सराहा। आगामी पांच दिनों तक यह वैन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अभियान को गति देगी। उन्होंने बताया कि 'हर व्यक्तितक बीमा की पहुँच और समझ' को साकार करना ही इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

उन्होंने बताया कि अभियान में राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस एवं जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें 7 सदस्यीय टीम प्रमुख भूमिका में है।

इस अवसर पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग की उप निदेशक श्रीमती सुरभि चौधरी, यूआईआईसी मंडलीय प्रबंधक श्री शंकर लाल मीना, शाखा प्रबंधक श्री दयाराम मीना, प्रशासनिक अधिकारी श्री सत्यनारायण गोयल सहित जिला स्तरीय समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने ली शहर के नालों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक

### 25 जून तक शहर के नालों व पुलिया की साफ-सफाई कराने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर एवं नगर विकास न्यास अध्यक्ष की अध्यक्षता में आज नगर विकास न्यास के सभागार में वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शहर के नालों व नालियों की साफ-सफाई के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने नगर निगम एवं नगर विकास न्यास के अधिकारियों से शहर के नालों की साफ-सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेकर निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु से पूर्व सभी नालों के सफाई कार्य में गति लाने के साथ शहर की सभी पुलियाओं का 25 जून तक सफाई कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही नगर निगम को निर्देश दिये कि सफाई कार्य हेतु मशीनरी आदि की आवश्यकता होने पर यथाशीघ्र व्यवस्था करावे। उन्होंने माई सिटी माई पार्क अभियान की समीक्षा कर यूआईटी सचिव को निर्देश दिये कि अभियान के अंतर्गत पार्कों की नियमित रूप से साफ-सफाई करावे। बैठक में पार्कों के सफाई कार्य की मॉनिटरिंग हेतु न्यास के उप सचिव एवं अधीक्षण अभियन्ता को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में नगर विकास न्यास सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव संवीक्षा के उपरान्त जिला परिषद सदस्य के लिए 2 एवं पंचायत समिति सदस्य के लिए 2 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव 2025 के अंतर्गत आज नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई जिसमें जिला परिषद सदस्य के लिए निर्वाचन क्षेत्र संख्या 29 हेतु 2 अभ्यर्थियों तथा पंचायत समिति मालाखेडा के सदस्य के रूप में निर्वाचन क्षेत्र संख्या 16 के लिए 2 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिला परिषद सदस्य के लिए निर्वाचन क्षेत्र संख्या 29 हेतु भारतीय जनता पार्टी से अभ्यर्थी मुन्नी बाई एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस से चेतराम के नाम निर्देशन पत्र को संवीक्षा के उपरान्त वैध पाया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति मालाखेडा के सदस्य के रूप में निर्वाचन क्षेत्र संख्या 16 के लिए भारतीय जनता पार्टी से अभ्यर्थी भारत सिंह जाट एवं निर्दलीय के रूप में अभ्यर्थी भोमराज के नाम निर्देशन पत्र को संवीक्षा के उपरान्त वैध पाया गया।

### जिला स्तरीय मेवात क्षेत्रीय विकास समिति की बैठक का हुआ आयोजन

## बैठक में जिले के वार्षिक कार्यों का हुआ अनुमोदन

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सचिवालय खैरथल में जिला स्तरीय मेवात क्षेत्रीय विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान वर्ष 2025-26 के वार्षिक कार्यों का अनुमोदन किया गया।



बैठक के दौरान मेवात क्षेत्रीय विकास योजना अंतर्गत पंचायत समिति तिजारा, मुण्डावर, किशनगढ़बास एवं कोटकासिम से प्राप्त प्रस्तावों एवं जिला स्तर पर प्राप्त कुल 1659.29 लाख रुपये के कार्यों का अनुमोदन कर राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक किशनगढ़ बास दीपचंद खैरिया, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सालुखे गौरव रविंदर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, प्रधान तिजारा जे.पी. यादव, प्रधान किशनगढ़ बास बी.पी. सुमन, प्रधान कोटकासिम संता देवी, प्रधान मुण्डावर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं सभी बीडीओ मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने ईटाराणा फाईरिंग रेंज में लिया प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ कैम्पस में 03 राज आर्म्डस केडिट कोर का स्क्वाड्रन वार्षिक कैम्प के छठे दिन 350 केडेट्स को फाईरिंग रेंज ईटाराणा अलवर में निशानाबाजी का अभ्यास करवाया गया। इसके पश्चात कक्षाएँ प्रारम्भ हुई।



कैम्प कमाण्डर कर्नल राहुल शर्मा ने बताया कि प्रथम कालांश मे लैण्डमार्क करना जिसमें किसी लक्ष्य का चिन्ही करण करना, द्वितीय कालांश में मैप रिडिंग के बारे में जानकारी, तृतीय कालांश आधुनिक समय में सम्प्रेषण के विभिन्न प्रकारों के बारे में, चतुर्थ कालांश में ऑनलाईन शिक्षा बनाम परामपरागत शिक्षा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद खेल प्रतियोगिता जिसमें वॉलीवॉल, बास्केटबॉल, रस्सा कस्सी, खो-खो का फाईनल आदि का आयोजन किया गया। इसके बाद रोलकॉल हुआ जिसमें अगले दिन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। वही सांयकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। उक्त ट्रेनिंग कैम्प में सीनियर जे.सी.ओ. सूबेदार नूर अहमद, ट्रेनिंग जे.सी.ओ. सूबेदार सुशील कुमार, बटालियन हवलदार मेजर प्रेमसिंह आदि मौजूद रहे।

## नेता प्रतिपक्ष जूली ने स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप योजना की ओर ध्यान आकर्षित कराया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र के माध्यम से स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप योजना की ओर ध्यान आकर्षित कराया। जूली ने लिखा कि उक्त योजनान्तर्गत स्कॉलरशिप में आवेदन की प्रक्रिया देरी से शुरू की गई जिससे छात्र-छात्राओं को निराशा का सामना करना पड़ा तथा कुछ को एजुकेशन लोन लेकर जाना पड़ा जिससे पिछले वर्ष 143 सीटें खाली रह गई थी। उन्होंने कहा कि सितम्बर 2025 की आवेदन प्रक्रिया भी आदिनांक तक प्रारम्भ नहीं हुई है जबकि 12वीं कक्षा के परिणाम आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्य मंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेश के जरूरतमंद प्रतिभावान छात्रों को विश्व के शीर्ष विदेशी



विश्वविद्यालयों में अध्ययन करवाने के उद्देश्य से यह योजना राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के नाम से वर्ष 2021 में शुरू की गई लेकिन बड़े खेद का विषय है कि योजना का नाम बदलने के पश्चात् इस पर विपरीत असर पड़ा है और जरूरतमंदों तक इसका लाभ उचित समय पर नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी आपको उक्त योजना के संबंध में वंचित वर्गों के छात्रों के लिए आंशिक संशोधन का निवेदन किया था जो मेरी जानकारी में आदिनांक तक नहीं हो पाया है।

## चितोस गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीदों की याद में निकाली तिरंगा यात्रा

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)। पंचायत समिति के निकटवर्ती चितोस गांव में चितोस शक्ति केंद्र पर व भजेडा गांव में सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा राजगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित एवं विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामाणी के नेतृत्व में शहीदों की याद में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस तिरंगा रैली में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।जिसमें सभी ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया।कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने शहीदों को याद कर नारेबाजी की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामाणी, शक्ति केंद्र संयोजक पवन शर्मा, मनोज शर्मा, लोकेश रावत सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### 12वीं कक्षा में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

# हमारी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से पिछले दो साल में बोर्ड परिणाम बेहतर हुए : शिक्षा मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की पिछले 2 वर्ष की परीक्षाओं के परिणाम इससे पिछले सालों के मुकाबले बेहतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं का कला संकाय का परीक्षा परिणाम वर्ष 2022-23 के मुकाबले वर्ष 2024-25 में 9.73 प्रतिशत बढ़ा है। विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम में वर्ष 2022-23 के मुकाबले 2024-25 में 2.81 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी संकायों का औसत परीक्षा परिणाम देखें तो वर्ष 2022-23 के मुकाबले 6 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में हमारी सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में उठाए गए कदमों तथा शिक्षकों द्वारा की जा रही मेहनत का परिणाम दिखाई दे रहा है। उन्होंने इसके लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों दोनों को बधाई दी। शिक्षा मंत्री मंगलवार को ज्ञान ज्योति कॉन्वेन्ट स्कूल सभागार में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 में सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जिन बच्चों का सम्मान किया गया है उनमें 12वीं कक्षा के कला संकाय में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 77 बच्चे सरकारी स्कूलों से हैं जबकि 25 बच्चे निजी स्कूलों से हैं। उन्होंने कहा कि तीनों संकायों में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 152 बच्चे सरकारी स्कूलों से जबकि 113 बच्चे निजी स्कूलों से हैं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम दर्शाता है कि अभावों में पढ़ने वाले सरकारी स्कूलों के बच्चे अब निजी स्कूलों के बच्चों से भी बाजी मार रहे हैं। निजी स्कूलों के मुकाबले कम सुविधाएं मिलने के बाद भी वे पढ़ाई में अव्वल आ रहे हैं, यह बड़ी उपलब्धि है।

**बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं :** श्री दिलावर ने इस बार के परीक्षा परिणाम में छात्राओं के छात्रों से आगे निकलने पर खुशी जताते हुए कहा कि हमारी बालिकाएं आज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। वे वायु सेना में भर्ती होकर लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं तो थल सेना में भी अपना पराक्रम दिखा रही हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चर्चा में आई कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि इस अभियान में दुश्मनों के दांत खट्टे करने में हमारी बहनें भी पीछे नहीं रही।

**बुद्धिमान होने के साथ संस्कार होने जरूरी :** शिक्षा मंत्री ने सम्मानित होने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान से श्रेष्ठ नहीं बना जा सकता है। बुद्धिमत्ता के साथ संस्कार एवं देश-भक्ति के भाव से परिपूर्ण नागरिक इस देश को विश्वगुरू बनाने की क्षमता रखते हैं और ऐसे प्रतिभावान युवाओं के सहारे हमारा भारत आने वाले समय में पूरे विश्व का मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने माता-पिता एवं शिक्षकों से अपील की कि उनका व्यवहार ऐसा हो कि बच्चों में संस्कारों का अंकुरण हो।।



# 900 से गर्भधात्री महिलाओ की विभिन्न जांचे की सोनोग्राफी के लिए मां वाउचर कूपन दिए

### कोटा मे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मे निजी अस्पतालो मे भी होंगी जांचे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) मंगलवार को 82 चिकित्सा संस्थानों पर मनाया गया। अभियान में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की और परामर्श दिया गया।

सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि अभियान में 900 से अधिक गर्भवती महिलाओं की बीपी, तापमान और खून की जांच की गई। 812 गर्भवती महिलाओं को आईएफए की टेबलेट और 66 को आईवी आयरन सुक्रोज दिया गया, 30 गर्भवतियों की सोनोग्राफी जांच की गई। इनके अलावा ब्लड, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, शुगर, वजन, उंचाई आदि भी जांची गई। इस दौरान 96 गर्भवती महिलाओं में जजिटला हाई रिस्क पाई गई। अभियान में 37 गर्भवतियों की सोनाग्राफी जांच भी हुई। जिन केंद्रों पर सोनाग्राफी की सुविधा नही थी, वहां मां वाउचर योजना के तहत कई गर्भवती महिलाओं को अधिकृत निजी केंद्रों पर नि:शुल्क सोनोग्राफी जांच के लिए क्यूआर कोड युक्त कूपन जारी किए गए।

वहीं, विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं, सुविधाओं और योजनाओं के बारे में गर्भवतियों को जागरूक किया गया। प्रसव की तैयारी एवं परिवार नियोजन, शिशुओं के स्तनपान, पोषण व टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। पोष्टिक आयरयुक्त आहार, मिलेट्स लेने की सलाह दी गई व गर्भवतियों का टीकाकरण भी किया। सीएमएचओ ने बताया कि गर्भवतियों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच के लिए पीएमएसएमए हर माह 9, 18 और 27 तारीख को मनाया जाता है।

## वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सषक्तिकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सषक्तिकरण पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 28 मई, बुधवार को प्रात: 9.30 से सांय 5.30 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यषाला का आयोजन यूआईटी ओडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यषाला में लगभग 150-200 प्रतिभागी शामिल होगे। कार्यषाला के दौरान वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विषेषज्ञ जानकारी देंगे। संयुक्त निदेषक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सविता कृष्णिया ने बताया कि आयुर्वेद विभाग द्वारा प्रात: 10 बजे योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन, प्रात: 10.45 बजे से मनोचिकित्सक मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में बतायेंगे, प्रात: 11.45 बजे आहार विषेषज्ञ पोषण और स्वस्थ रूप में वृद्धावस्था पर चर्चा करेंगे, दोपहर 12.15 बजे सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में जानकारी तथा दोपहर 1 बजे वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। दोपहर 2.30 बजे (एनजीओ प्रतिनिधी) करनीनगर विकास समिति, कोटा प्रवीण भण्डारी द्वारा सामाजिक जुड़ाव और समय प्रबंधन के लिए रणनीतियों के बारे में बताया जाएगा। इसी क्रम में अपरान्ह 3.15 बजे जिला अग्रणी बैंक अधिकारी, कोटा, क्षेत्रीय प्रबंधक, आई.सी.आई.सी.आई बैंक, कोटा के प्रतिनिधियों द्वारा वित्तीय योजना और डिजिटल साक्षरता पर सत्र का आयोजन, अपरान्ह 4 बजे अंतर-पीढ़ीगत संवाद एवं सायं 5 बजे हरी सुदन शर्मा राजस्थान पेंषनर समाज द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की और से फीडबैक दिया जाएगा।

## हरियाणा के नुहू जिले का ट्रैक्टर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** कोटा ग्रामीण की कैथून थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी आरीफ़ हरियाणा के नूह जिले का निवासी है,, आरोपी से चोरी का एक ट्रैक्टर बरामद किया जबकि एक अन्य संदिग्ध ट्रैक्टर को भी पुलिस ने जब्त किया है। इस मामले में एक कंपनी के सीईओ व निवासी धनराज शर्मा ने ट्रैक्टर चोरी की वारदात को अंजाम देने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

## अजमेर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2025, नोडल अधिकारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। 27 मई को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के सफल आयोजन के लिए जिले के विभिन्न ब्लॉकों के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. हनुमान मीना ने बताया कि आगामी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन जिले भर में की जाएंगे। इनके सफल आयोजन के लिए ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। ब्लॉक किशनगढ़ के लिए वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वितीय डॉ. राजन यादव को, ब्लॉक पुष्कर के लिए सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजू कटारे को, ब्लॉक अरांई के लिए सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण देव काला को, ब्लॉक सरवाड़ के लिए वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वितीय डॉ. सत्यनारायण गुप्ता को, ब्लॉक सावर के लिए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश चन्द राणा को, ब्लॉक केकड़ी के लिए सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मचन्द नापित को, ब्लॉक पीसांगन के लिए सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. इन्द मोहन सिंह को, ब्लॉक श्रीनगर के लिए सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार को, जिला ब्यावर के लिए सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरदेश कुमार जोशी को, ब्लॉक भिनाय के लिए सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार को, ब्लॉक मसूदा के लिए सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरभ भट्ट को तथा ब्लॉक जवाजा के लिए सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. खुशबु कुमारी गुप्ता को नियुक्त किया गया है।

## अज्ञात चौरो ने श्मशान भूमि को बनाया निशाना पोधौ की सुरक्षा को लेकर लगाए गए ट्री गार्ड उखाड़ कर ले गए

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। अजमेर जिले के भिनाय कस्बे में अज्ञात चोरों ने श्मशान भूमि को भी नहीं बक्शा। अज्ञात चौर श्मशान भूमि पर पोधौ की सुरक्षा को लेकर लगाए गए ट्री गार्ड को भी उखाड़ कर ले गए। कस्बे के समाजसेवी मनोज दोसाया ने बताया कि एक वर्ष पूर्व कस्बे के छांगोला श्मशान घाट व बिचला बासा पर अलग-अलग पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा हेतु लोहे की जालियां लगाई गई। साथ ही एक वर्ष से पौधों को पानी पिलाया जा रहा है। लेकिन चौरों ने श्मशान भूमि में लगे पौधों को भी नहीं बक्शा। मंगलवार को जब वे पौधों को पानी पिलाने पहुंचे तो छांगोला श्मशान बिचला बासा (आधा अटा पर)पर बिल्व पत्र पौधे की जालियां गायब थी अज्ञात चोर चोरी कर ले साथ ही श्मशान भूमि पर करंज के वृक्ष की जाली भी गायब थी।

# शिक्षा विभाग में आईटी के पदों के सृजन के लिए सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 27 मई को शिक्षा विभाग में आईटी संवर्ग के नवीन पद सृजित कराने के लिए आईटी यूनियन अजमेर द्वारा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अजमेर को मंगलवार को ज्ञापन सौंपा गया। राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ जिला इकाई अजमेर के जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि शिक्षा विभाग में आईटी संवर्ग के नवीन पद सृजित कराने के लिए आईटी यूनियन अजमेर द्वारा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अजमेर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के साथ शिक्षा विभाग में समस्त कार्य व पर्यवेक्षण की कार्यात्मक औचित्य आधारित तत्थ्यात्मक रिपोर्ट भी सौंपी गई है। इसमें शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लेकर पंचायत समिति में सीबीईओ एवं ग्राम पंचायत में पीईईओ तक संचालित विभागों व विद्यालयों में विभिन्न योजनाओं की प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी का बहुलता से प्रयोग किया जा रहा है। डिजिटलाईजेशन तथा आई.टी. से संबंधित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रगति में आ रही समस्याओं के लिए तकनीकी कार्मिकों की अत्यन्त कमी के कारण उक्त कार्य को करने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस पर आवश्यक आईटी सपोर्ट के लिये आईटी कैडर के अधिकारी एवं कार्मिकों के पदों का सृजन नितान्त आवश्यक है। महासचिव श्री अनिल लालवानी ने शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों के लिए आईटी कार्मिकों की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजीटल राजस्थान के लक्ष्य को धरातल पर प्राप्त करने के लिये राजस्थान की प्रत्येक पीईईओ स्तर पर एक आईटी कार्मिक यथा सूचना सहायक, सहायक प्रोग्रामर का पद सृजित किया जाना प्रस्तावित है तथा उसी अनुपात में सीबीईओ कार्यालय, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय व संयुक्त निदेशक कार्यालय एवं निदेशालय तक नवीन आईटी कैडर सृजित किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर सहायक प्रोग्रामर मोहित गुप्ता, मंगल सिंह, भरत छबलानी, जितेन्द्र गहलोत, आकाश कुमार सहित आईटी कार्मिक उपस्थित रहे।

## सरवाड़ में विशाल तिरंगा वाहन रैली निकाली गयी



बढ़ता राजस्थान

**सरवाड़-अजमेर( इक़बाल अहमद )।** भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को समर्पित ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की खुशी मे सरवाड़ में एक विशाल तिरंगा वाहन रैली का आयोजन मण्डल स्तर पर किया गया है। तिरंगा वाहन रैली नगरपालिका सरवाड से शुरू हुई जो चमन चौराहा,बस स्टैंड,रेगर मोहल्ला, देशवाली मोहल्ला सांपला गेट, मोमिन मोहल्ला सुनारों की गली, सदर बाजार विजय द्वार होते हुए गांधी चौक पहुची जहां तिरंगा रैली का समापन हुआ। इस वाहन रैली में क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम भी उपस्थित रहें। इस रैली के सफल संचालन के लिए मण्डल संयोजक एडवोकेट शैलेन्द्र जैन,सह संयोजक नवीन सोनी, बनाया गया। तिरंगा रैली देशभक्ति गीत के साथ ओर भारत माता की जय,वीर जवानों की जय की गूंज से सदर बाजार गूंज उठा।इस तिरंगा रैली में सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा/ग्रामीण (के एम कुरेशी)। जिले के शाहपुरा नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुरा द्वारा भारत रत्न, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भाणा गणेश जी के सामने पंडित नेहरू जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर आयोजित किया गया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य संदीप महावीर जीनगर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद तोषनीवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, वरिष्ठ नेता राजकुमार बेरवा, पूर्व पार्षद रमेश सेन, प्रभु सुगंधी, सद्दीक पठान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश शर्मा, गोविंद राम बिड़ला, मदन गोपाल सर्वा, पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी, इकबाल रंगरेज, लियाकत देशवाली, रजत जैन, विपुल जैन, गोविंद वैष्णव, सोमेश्वर, देवराज जांगिड़, देवराज गाडरी, दिनेश गाडरी, मनीष गाडरी, रघु, शिब्बू कोली सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंडित नेहरू के योगदानों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

## 18 अधिवक्ताओं को जिला कलेक्टर ने शपथ आयुक्त नियुक्त किया

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड मुख्यालय पर अभिभाषक परिषद के अधिवक्ताओं को ओथ कमीशनर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद, सभी नियुक्त अधिवक्ताओं का भिनाय अभिभाषक परिषद ने मिठाई और माला पहनाकर स्वागत किया गया।

भिनाय अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष शिवचरण चौधरी ने कहा कि भिनाय में 18 अधिवक्ताओं को जिला कलेक्टर ने शपथ आयुक्त नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से आमजन को राहत मिलेगी। इस नियुक्ति से भिनाय के लोगों को अपने कामों के लिए आसानी होगी और उन्हें अपने क्षेत्र में ही शपथ आयुक्त की सुविधा मिलेगी। जिससे लोगों का समय और पैसा दोनों बचेंगे। ओथ कमीशनर नियुक्त होने पर एडवोकेट शिवकुमार जौशी, एडवोकेट प्रवीण प्रकाश भट्ट, गजानंद सिंह रावत , राहुल आचार्य व भिनाय अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष शिवचरण चौधरी सहित अन्य अधिवक्ताओं का नोटेरी पब्लिक एडवोकेट त्रिलोकी जांगिड़, एडवोकेट धर्मवीर बामनिया आदि ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

**ये बने शपथ आयुक्त :** जिला कलक्टर अजमेर ने आदेश जारी कर भिनाय बार के मोहम्मद युसूफ, अशोक कुमार खटीक, राहुल कुमार आचार्य, प्रवीण प्रकाश भट्ट, अजयकुमार जैन, शिवचरण चौधरी, शिवकुमार जोशी, इजराइल अहमद, अशोक कुमार जाट, सुनील वैष्णव, पृथ्वीराज राव, गजानंद सिंह रावत, किशन लाल आचार्य, रमेश चंद भांबी, धर्मेंद्र मेघवंशी, सुनील शर्मा, राजूलाल जाट व शमी मोहम्मद को शपथ आयुक्त नियुक्त किया है।

## सेवाभावी आन्दोलन है स्काउट गाइड : प्रकाश जायसवाल

### अनंतपुरा में स्काउट गाइड के कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( विनोद गौड़ )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के तत्वावधान में मंगलवार को अनंतपुरा में कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि स्काउट गाइड जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल थे। अध्यक्षता मंडल के पूर्व उपप्रधान जोधराज उदयवाल ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कृष्ण गोपाल मीणा रहे।

प्रकाश जायसवाल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर युवाओं में नेतृत्व कौशल, टीम भावना और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में मदद करते हैं। स्काउट गाइड एक सेवाभावी आंदोलन है। स्काउट-गाइड प्रशिक्षण से जीवन में आने वाली सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना करने की सीख मिलती है। स्काउट गाइड समाज एवं राष्ट्र के प्रति जागरूक बनाने का काम करता है। जोधराज उदयवाल ने कहा कि स्काउट एवं गाइड अंतरराष्ट्रीय वर्दीधारी संगठन है। जो समाज एवं देशसेवा की समर्पित भावना से काम करता है। शिविर में किया गया परिश्रम भविष्य का आधार बनेगा। रोवर्स रेंजर्स, स्काउट गाइड निरंतर क्रियाशील रहे। स्वयं के कौशल का विकास करते रहें। शिविर के दौरान सिलाई, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर, पेंटिंग, मेहंदी, इंग्लिश स्पोकन, जूडो समेत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाएंगे। दीप प्रज्वलन एवं स्काउटिंग प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। संचालन अनुकृति गालव ने किया। धन्यवाद शिविर संचालक मोहम्मद असलम ने जताया। कार्यक्रम में शाइस्ता एवं सुशीला भी मंच पर मौजूद रहे।

## कोटा स्टेशन पर अवैध वेंडरों के खिलाफ औचक चेकिंग अभियान

### चेकिंग दस्ता देख अवैध वेंडरों में मचा हडकंप, खाद्य सामग्री छोड़ भागे 4 वेंडर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर औचक चेकिंग अभियान के तहत सक्रिय अवैध वेंडर्स पर कार्यवाई की गई, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अमित वर्मा ने चेकिंग टीम के साथ कोटा स्टेशन प्लेटफ़ॉर्म संख्या 1 पर औचक जाँच किया। औचक चेकिंग देख कोटा स्टेशन पर सक्रिय अवैध 4 वेंडर्स डिस्पोजल प्लेट की लगभग 50 खाने का पैकेट(6 थैली में भरी हुई), 3 ट्रे आलू बड़ा इत्यादि खाद्य सामग्री छोड़ भाग खड़े हुए। ये सभी खाद्य सामग्री भौतिक जाँच में मानवीय उपयोग में हित कारक नहीं पाए गए। इन सभी खराब गुणवत्ता युक्त खाद्य सामाग्रियों को जब्त कर उचित प्रकार से डिस्पोजल किया गया। इस चेकिंग अभियान में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, चेकिंग स्टाफ एवं रेल सुरक्षा बल के जवानों ने मुख्य भूमिका निभाई।



# प्रशासन-पुलिस आपसी समन्वय से करें कार्य, कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण से ही होगा लोक कल्याण की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन : संभागीय आयुक्त डॉ. सुरपुर

- हनुमानगढ़ में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, मानस अभियान की सराहना
- किसानों को गेहूं की एमएसपी खरीद पर 2000 करोड़ से अधिक का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़ (राजेश खारडू)।** जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ करने और प्रशासनिक समन्वय को ओर बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को संभागीय आयुक्त डॉ. रवि सुरपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी कार्ययोजनाओं को रेखांकित किया गया। संभागीय आयुक्त डॉ. सुरपुर ने कहा कि लोककल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है जब जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत हो।

अतः यह सभी अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखें। संभागीय आयुक्त ने बैठक के उपरांत कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया तथा राजस्व अधिकारियों की भी बैठक ली। डॉ. सुरपुर ने पुलिस और प्रशासन को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।




उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सभी विभाग टीम वर्क की भावना से काम करें तो किसी भी चुनौती का समाधान आसानी से संभव है। आईजी श्री ओमप्रकाश ने कहा कि बैठक में निर्देश दिए कि पुलिस और प्रशासन आपसी तालमेल से कार्य करें। सीएलजी, पंचायत, कम्युनिटी पुलिसिंग व शांति समितियों की गतिविधियां बढ़ाई जाए। टंकी पर चढ़ने जैसी हरकतों पर सख्त कार्रवाई हो, साथ ही जुर्माना वसूला जाए।

**आईजी बोले - एक्टिव पुलिसिंग से जनता में बढ़े विश्वास :** पुलिस महानिरीक्षक श्री ओमप्रकाश ने बैठक में कहा कि संपत्ति विवाद जैसे मामूली मुद्दों को समय रहते निपटाया जाए ताकि बड़ी वारदातें न हों। उन्होंने एक्टिव पुलिसिंग पर बल देते हुए कहा कि पुलिस की सक्रियता ही जनता में विश्वास की नींव बनती है। संभागीय आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक ने जिले में चल रहे मानस अभियान की प्रशंसा की। साथ ही नशे की रोकथाम को लेकर विशेष सतर्कता बरतने और पेट्रोल-डीजल की अवैध सप्लाई पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

**गोगामेड़ी मेले में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश :** संभागीय आयुक्त ने कहा कि गोगामेड़ी मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया जाए। मेले में हर वर्ष 17 लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के लिए बैठके आयोजित की जाए एवं भगदड़ जैसी घटनाओं से बचाव सुनिश्चित किया जाए। घग्गर नदी में संभावित बाढ़ को लेकर भी कार्ययोजना बनाई जाए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस उच्चस्तरीय बैठक में संभागीय आयुक्त डॉ. रवि सुरपुर, पुलिस महानिरीक्षक श्री ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर श्री काना राम, पुलिस अधीक्षक श्री हरि शंकर, एडीएम श्री उम्मेदी लाल मीना, जिला परिषद सीईओ श्री ओपी बिश्नोई, नोहर एडीएम श्रीमती संजु पारीक, एडिशनल एसपी श्री जनेश तंवर, श्रीमती राजकंवर, श्रीमती नीलिमा चौधरी सहित समस्त उपखंड अधिकारियों व पुलिस सर्कल ऑफिसर्स ने भाग लिया।

## पीलीबंगा : खनन माफिया को लेकर सख्त नहीं प्रशासन, आखिर कौन करेगा कार्यवाही?



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़ (राजेश खारडू)।** घग्गर नदी से खनन माफिया दिन रात अवैध मिट्टी खनन कर जिला प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। प्रशासन के नाक के नीचे दिन रात सरकारी जमीनों पर अवैध खनन हो रहा है। मिट्टी से भरे ट्रैक्टर, डम्पर,ट्रक दिन रात सड़कों पर दौड़ रहे हैं।ईंट भट्टो पर बेरोकटोक मिट्टी पहुचाई जा रही है। जिला प्रशासन ,खनन विभाग,व पुलिस प्रशासन जानते हुए भी कार्यवाही न कर अपना पल्ला झाड़ रहे है। यहा तक राजस्थान द्वारा सख्त आदेश जारी है लेकिन समाचार पत्रों में लगातार घग्गर नदी के अस्तित्व को बचाने की मुहिम के तहत खनन माफियाओं के खिलाफ समाचार भी प्रकाशित किए गए हैं लेकिन जिला प्रशासन के कानों तक जूं तक नहीं रैंगी।खनन माफिया प्रशासन पर इस कदर हावी है कि जेसीबी मशीन से दिन रात घघर नदी, व कृषि भूमि से मिट्टी खनन कर ईंट भट्टो पर पहुचा राज्य सरकार को करोड़ों रुपये राजस्व का चूना लगा रहे हैं। मिट्टी से लदे ट्रैक्टर दिन रात सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जेसीबी ट्रैक्टर की आवाजों से दिन भर खेती करने वाले किसानों के कान गूंजते रहते हैं। पुलिस से शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। खनन करके जा रही ट्रैक्टर ट्रालियां, डम्पर आदि तेज रफ्तार से गुजरते हैं। जिससे सड़क हादसे भी हो रहे हैं। ये लोग दिन हो या रात पीलीबंगा रावतसर सड़क पर व पीलीबंगा पुलिस थाने के सामने से बैखोफ होकर ट्रक डम्पर गुजरते हैं। वही कालीबंगा कैंची पर इन मिट्टी के वाहनों का मेला सा ही लगा रहता है। और प्रशासन आखें बदं कर सब देख रहा है।

### सीएम के आदेशों की नहीं कर रहा है पालन खनन विभाग

मुख्यमंत्री भजनलाल ने अवैध खनन की रोकथाम करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जब इन लोगों पर सख्ती से कार्रवाई होगी तो, इन लोगों में भय पैदा होगा। मुख्यमंत्री ने संयुक्त अभियान के लिए कलेक्टर स्तर पर संयुक्त कार्यबल गठित करने के निर्देश भी दिए थे। उन्होंने अवैध खनन की निगरानी के लिए ड्रोन और आधुनिक तकनीकी की मदद लेने के लिए भी कहा गया था, ताकि राजस्थान में खनन पर अंकुश लगाया जा सके।लेकिन हनुमानगढ़ में जिला प्रशासन द्वारा सीएम के जारी निर्देशों को भी हवा - हवाई कर दिया।

# शहरी मनरेगा में भ्रष्टाचार को लेकर जिला कलेक्टर से शिकायत करने की चेतावनी दी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहरी मनरेगा में भ्रष्टाचार को लेकर कई बार शिकायत सामने आती रही है इस बार भी पूर्व पार्षदों के द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को लेकर जिला कलेक्टर से शिकायत करने की चेतावनी दी।जानकारी के मुताबिक पूर्व पार्षदों ने बताया कि शहरी मनरेगा में पिछले दो साल से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष, के साथ अधिशासी अधिकारी भी मिले हुए हैं जो जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं । मनरेगा शहरी योजना के तहत. वर्तमान मे कुल 644 लोग पंजीकृत हैं मगर जब कार्य स्थल पर जाकर देखा जाता है तो मात्र 10 से 20 मजदूर ही काम करते नजर आते हैं नरेगा साइट महाराणा प्रताप खेल मैदान, अपना घर आश्रम तथा कृषि उपज मंडी के पास जितने भी काम चल रहे हैं वहां मजदूरों की संख्या देखकर स्पष्ट होता है की लिस्ट में जितने नाम है उसका लगभग दो प्रतिशत भी ग्राउंड पर काम नहीं कर रहा ऐसे में उक्त योजना



के तहत बड़े पैमाने पर. नगर पालिका अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी की शह पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है ,इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि अधिशासी अधिकारी अपने कार्यालय से कार्यस्थल पर कार्यों की जांच नहीं करते हैं जो की हर वक्त सवालों के घेरे में रहे हैं । पूर्व पार्षदों में से एक पार्षद. गयाप्रसाद कुशवाह ने बताया कि लंबे समय से शहरी नरेगा में ऐसे सक्षम लोगों के नाम लिखे गए हैं जिन्हें नरेगा के तहत काम करने की कतई आवश्यकता नहीं है मगर यह नाम इसलिए लिखे गए हैं क्योंकि जिनके नाम लिखे हैं उनके खाते में जो पैसे आते हैं उनमें से आधे पैसे नगर पालिका के अध्यक्ष तथा अन्य अधिकारियों तक पहुंचाते हैं तो वहीं आधे पैसे उन लोगों के खातों में रह जाते हैं जिसके चलते नरेगा में अब तक करोड़ों रुपए का घोटाला हो चुका है ।शहर के गण मान्य नागरिकों एवं पूर्व पार्षदों ने धौलपुर के जिला कलेक्टर से आग्रह कर कहा है कि नगर पालिका बाड़ी के सभी वार्ड में हुए मनरेगा सूचियां की सघन जांच की जावे तो अधिकांश सूचियां में बड़े-बड़े घरों के सदस्यों के नाम लिखें हुए हैं जो कार्य स्थलों पर कार्य करने गई नहीं. और घर बैठे आदि राशि वार्ड पार्षद से लेकर के एक बहुत बड़े घोटाला किया जा रहा है जिसकी जांच होना अति आबश्यक है। उसे पैसे को वार्ड पार्षद एवं अधिकारी बांद्रा बात करके एक बहुत बड़ा घोटाला किया जा रहा ।

### क्या कहते है उपखंडाधिकारी

इस मामले में उपखंड अधिकारी भगवत् शरण त्यागी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि यह मामला मेरी नॉलेज में नहीं है मैं इसकी जांच कराऊंगा और दोषी पाए जाने प कर्मचारीयों व अधिकारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जावेगी ।

## पात्र व्यक्ति को योजनाओं का मिले लाभ ग्रामीण विकास व पंचायती राज योजना समय पर पूर्ण हो,

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर,(यतेन्द्र पाण्डेय) । ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ . अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2 .0, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त गांव योजना, डांग, पीएम आदर्श ग्राम योजना और सांसद, विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों, सीएसआर सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



**विकास कार्यों को पोर्टल पर अपलोड करें :** समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने सभी ब्लॉक विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2 .0 के तहत खड़ीन, टांका और नाड़ी पोखर, मेडबंदी, जल संरचनाओं का संरक्षण करते हुए पुनरुद्धार कार्यों में प्रगति लायें, साथ ही विकास कार्यों को पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने जल शक्ति अभियान में जल निकायों का पुनरुद्धार, चेक डैम और जल संचयन गड्ढे बनाना, भंडारण क्षमता के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त बीडीओ को लक्ष्य दिए कि जल भराव समस्या का निस्तारण करने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगभग एक हजार सोख्ता खड्डे बनवायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जायेगी।

**कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में अर्जित प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि सांसद व विधायक कोष से स्वीकृत कार्य पूरे हो चुके हैं, उनके उपयोगिता तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र भिजवाऐं। उन्होंने पूर्व में स्वीकृत लंबित कार्यों को भी अविलंब पूरा कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान

## किसानों तक पहुंचेगी कृषि तकनीकों व सरकारी योजनाओं की जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़ (राजेश खारडू)।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के खरीफ पूर्व अभियान के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून, 2025 तक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक खेती व फसल अवशेष प्रबंधन जैसे विषयों पर शिक्षित करना है। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, विपणन आदि योजनाओं की जानकारी देकर किसानों को लाभांवित करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है।


अभियान के तहत जिले के दो कृषि विज्ञान केंद्र— संगरिया एवं नोहर— की कुल 5 टीमों का गठन किया गया है। संगरिया से 3 व नोहर से 2 टीमें प्रतिदिन 3 गांवों में सुबह 7 से 9 बजे, 9.30 से 11.30 बजे तथा शाम 5 से 7 बजे तक कैम्प आयोजित करेगी। इस तरह पूरे अभियान के दौरान कुल 225 गाँवों को अभियान से जोड़ा जाएगा। कैम्प में कृषि, उद्यान, पशुपालन, विपणन, मत्स्य पालन एवं डेयरी विभागों के अधिकारी तथा केवीके वैज्ञानिक सम्मिलित होकर जानकारी प्रदान करेंगे।

### कैम्पों में नवाचार व वैज्ञानिक संवाद को मिलेगा महत्व

इन कैम्पों के माध्यम से किसानों से फीडबैक लिया जाएगा ताकि वैज्ञानिक उनके अनुभवों व नवाचारों से सीख लेकर आगामी अनुसंधान की दिशा तय कर सकें। साथ ही कैम्पों में किसानों को उनके मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल चयन व खाद उपयोग की सटीक जानकारी दी जाएगी। जिला कलक्टर श्री काना राम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे पूरी तैयारी के साथ कैम्प में भाग लें और अधिक से अधिक किसानों को लाभांवित करें।

## औचक निरीक्षण में नाराजगी जाहिर कर साफ सफाई के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** उपखंड क्षेत्र के शरहदी ग्राम पंचायत अलीपुर मुख्यालय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं पशु चिकित्सालय निरीक्षण किया पशु चिकित्सालय में साफ सफाई को लेकर नाराजगी जहर की गई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रशव कक्ष एवं वार्डों में साफ सफाई के निर्देश दिए गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बिजली की समस्या से अवगत कराए जाने पर मौके पर ही जेबीवीएनएल शंकर वाड़ा छोकरवाड़ा के सहायक अभियंता को बिजली व्यवस्था सुचारू रूप करवाने के निर्देश दिए गए सभी कार्मिकों को समय पर चिकित्सालय आने के निर्देश दिए।

## आर्य वीर दल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** आर्य समाज बल्लभगढ़ की ओर से संस्कार शाला एवं आर्य वीर दल व्यायाम प्रशिक्षण शिविर का आज हुआ। 19 मई से शुरू हुए शिविर में 27 मई तक बच्चों के शारीरिक प्रदर्शन के साथ समापन हुआ।इस अवसर पर कन्या गुरुकुल भुसावर के हरीश चंद्र शास्त्री वैध दिनेश पाण्डे प्रकाश चंद आदि उपस्थित रहे। हरियाणा के तिलपत से आए प्रशिक्षक हरिओम सिंह ने बच्चों को रस्सा मलखंभ लेजियम, डम्बल , सूर्य नमस्कार, नियुद्ध, पी टी परेड, पिरामिड की क्रियाएं सिखाई। बच्चों ने पूर्ण उत्साह एवं लगन से सभी क्रियाओं को सीखा। इस शिविर में आर्य समाज बल्लभगढ़ के सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों का पूर्ण सहयोग रहा।

## किला मोहल्ले के लोगो ने पेयजल की किल्लत को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन, एक महीने से घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी, जलदाय विभाग पर लापरवाही का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के किला मोहल्ले के लोगों ने मंगलवार को वार्ड पार्षद आकाश यादव के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पहुंच पेयजल की किल्लत को लेकर परेशानी व्यक्त करते हुए उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौपा है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है एक महीने से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। लगातार जलदाय विभाग के अधिकारियों को सूचना और ज्ञापन देकर मामले से अवगत कराया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। ऐसे में परेशान होकर



उपखंड अधिकारी को समस्या से अवगत कराया है और समाधान की मांग की है।किला मोहल्ले निवासी महेंद्र सिंह,नवल सिंह,जगदीश सिंह, अनिल यादव,रफीक खान,बलवीर जाट,महेंद्र सिंह,दिलीप कुमार,राकेश,नरेश,बनवारी आदि ने आरोप लगाया है एक महीने से किला मोहल्ले में पेयजल की समस्या बनी हुई है। जलदाय विभाग के अधिकारी मामले में केवल लीपापोती कर रहे हैं। भीषण गर्मी का माहौल है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी हो रही है। जलदाय विभाग के अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बाद ना तो मौका निरीक्षण किया जा रहा है न,हीं समस्या के समाधान को लेकर कोई प्रयास।

इस समस्या के समाधान के लिए मोहल्ले में पानी को दो जगह बांटकर वाल्ब लगाकर समाधान संभव है लेकिन जलदाय विभाग द्वारा वाल्ब लगाने की प्रक्रिया की और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

## छाबरी पुरा गांव में मौसी के घर आये युवक की गोली मारकर हत्या

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के छावरीपुरा गांव में सोमवार की शाम मौसी के घर आये एक युवक की गोली मारकर हुई हत्या के मामले में पीड़ित पिता ने साली के ससुराल वालों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। घटना के बाद पुलिस द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है और शव परिजनों को सौंप दिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के भिंड जिले के गोरमी थाना क्षेत्र के गोलियापुरा गांव निवासी 21 वर्षीय युवक अरुण गुर्जर पुत्र जसवंत गुर्जर छाबरी पुरा गांव में अपनी मौसी रीना पत्नी रामदीन गुर्जर के घर आया हुआ था। जहां किसी बात को लेकर ससुराल वालों से झगड़ा हुआ और युवक अरुण गुर्जर की गोली लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही सदर पुलिस को मिली सदर एसएचओ विनोद कुमार के साथ बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार और पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा।

## ढाई साल की मासूम बालिका के साथ घर आये पड़ोसी युवक ने की दरिंदगी

बालिका के रोने की आवाज सुनकर आई मां तो आरोपी हुआ फरार, सर्किल अधिकारी महेंद्र सिंह कर रहे मामले की जाँच

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ढाई वर्षीय मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी परिवार के पड़ोस में ही रहता है जो दिन में बालिका को घर मे खिलाने आया था। घर आये आरोपी ने जब बालिका की मां को काम में व्यस्त देखा तो मासूम के साथ दरिंदगी कर दी। बालिका के रोने की आवाज सुनकर मां जब आई तो आरोपी भाग गया।

## मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट की पहल से बालिकाएं रच रही सफलता की नई इबारत 12वीं कक्षा की सभी छात्राएं उत्तीर्ण

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( नि.स. )।** मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित निशुल्क शैक्षणिक संस्थानों में अध्यनरत बालिकाएं नित नए आयाम स्थापित कर रही है। जहां एक ओर बालाजी मंदिर ट्रस्ट शिक्षा के क्षेत्र में बालाजी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत डॉ नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थानों में बालिकाओं कों निशुल्क शिक्षा देकर बालिका शिक्षा कों बढ़ावा दे रहा है।वहीं बालिकाएं भी उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होकर बालाजी मंदिर ट्रस्ट के बालिका शिक्षा प्रति किये गये प्रयासों कों साकार कर रही है।स्व. महंत गणेशपुरी स्मृति कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में की कक्षा 12वीं की सभी बालिकाएं उत्तीर्ण हुई। कक्षा 12वीं में अध्ययनरत कुल 38 छात्राओ में 33 छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 5 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से पास हुई। विद्यालय की छात्राओं रेखा प्रजापत 85.20त्न, पूनम बाई राजपूत 85त्न एवं हेमलता कंवर कों 83.60त्न अंक प्राप्त हुए। सिद्धपीठ बालाजी धाम के महंत डॉ नरेशपुरी महाराज ने सभी छात्राओ कों उनके उज्वल भविष्य शुभकामनाएं देते हुए स्वाधीनता दिवस पर पुरुस्कृत करने का लिया निर्णय।बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थानों में बालिकाओं कों निशुल्क शिक्षा दी जा रही है।

## शनि जयंती एवं अमावस्या होने से सांवलिया जी में दर्शनार्थियों का दर्शन को लेकर भारी उत्साह, अफवाह पर ध्यान नहीं दे-सीईओ

बढ़ता राजस्थान

**चितौडगढ़।** सांवलियाजी मंदिर मंडल के मुख्य कार्यपालक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने बताया कि सांवलियाजी में गर्मियों का अवकाश, एवं शनि जयंती अमावस्या को लेकर भक्तों में दर्शन को लेकर भारी उत्साह होने से हजारों की संख्या में दर्शनार्थी भाग ले रहे हैं और सभी भक्त आराम से दर्शन कर रहे हैं और मन्दिर मे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई हैं, अफवाह पर ध्यान नहीं दें। उन्होंने बताया कि सांवलियाजी में ऐसी कोई भगदड़ नहीं हुइ है, जो कि सोशल मीडिया पर पुराना वायरल हो रही है। अत: सभी भक्तजन साँवलिया सेठ के दर्शन क्रमबद्ध कर रहे है।

## आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू का आजादी के आंदोलन में अति महत्वपूर्ण भूमिका रही : त्रिपाठी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** मंगलवार आज जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन मे अपराह्न 11.15 जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व मे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि ,आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू का आजादी के आंदोलन में अति महत्वपूर्ण भूमिका रही। पंडित नेहरू द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्य को भारत भुला नहीं सकता है । विज्ञान एवं प्राध्यौगिकी क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य किया। चंद्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि, इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, मंजू पोखरना वरिष्ठ कांग्रेसी सुमित्रा काटिया, राजेंद्र जैन, अनिल राठी, गुडविन मसीह, रामलाल गाडरी, डॉ. फरियाद मोहम्मद रामेश्वर जाट ओमप्रकाश तेली लाजपत आचार्य सुनील दत्त ,एडवोकेट भेरूलाल बेरवा गोपाल बांगड़ प्रकाश शर्मा मुश्ताक अली मंसूरी गौरी शंकर दायमा पुरुषोत्तम शर्माअर्चना दुबे ममता शर्मा मुकेश खोईवाल मुकेश घुसर, संदीप ट्रेलर, राजेश शर्मा सुरेश बम्ब, सुरेश व्यास, कैलाश कोली सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए विधायक अशोक कोठारी के निर्देश से टीम ने अधिकारियों के साथ विभिन क्षेत्रों का किया दौरा

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा) । शहर विधायक अशोक कोठारी के निर्देश से भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आ रही पेयजल समस्या के निराकरण के लिए कार्यालय टीम व विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर समस्याएं देखी। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि विधायक कोठारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए हल करने के लिए कार्यालय टीम को निर्देश दिए, जिसके तहत कार्यालय टीम के साथ- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं चंबल परियोजना के अधिकारियों द्वारा दौरा कर विभिन्न क्षेत्रो में आ रही समस्याएं देखते हुए मौके पर ही कार्य योजना तैयार की। इसी के साथ डीएमएफटी योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में पंचमुखी मोक्षधाम से शीतला माता मंदिर तक व कांवाखेड़ा में पुलिस चौकी के पास से गोपाल किराना तक नवीन पेयजल लाइन डलवाने के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के लिए अधिकारियों द्वारा ठेकेदार को निर्देश दिये।

जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# पेयजल व विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखना सुनिश्चित करें विभागीय अधिकारी : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** जिला कलक्टर जसमीट सिंह संधू ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में शहर सहित संपूर्ण जिले में पेयजल और विद्युत आपूर्ति निर्बाध रहनी चाहिए। पीएचईडी विभाग को निर्देश दिए गए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नियमित अंतराल में पेयजल आपूर्ति की जाए। यदि कहीं पाइपलाइन में लीकेज है तो उसे शीघ्र दुरुस्त किया जाए। साथ ही विद्युत आपूर्ति भी सुचारु रहे एवं आमजन द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलक्टर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत नल से जल कनेक्शन की जानकारी ली। शिक्षा और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी विद्यालयों एवं चिकित्सा संस्थानों में शत-प्रतिशत नल कनेक्शन करवा दिए गए हैं। जिला कलक्टर ने शेष रही आंगनबाड़ियों में भी शीघ्र पेयजल कनेक्शन सुनिश्चित करने को कहा। चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने यूडीआईडी कार्ड, आभा और आयुष्मान कार्ड के लंबित प्रकरणों की ऑनलाइन अपडेटिंग और वितरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने ई-फाइल, ई-डाक और संपर्क पोर्टल के लंबित प्रकरणों का समय पर प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। नगर निगम के अधिकारियों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों की लंबित पेंडेंसी शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए।

साथ ही आगामी हरियालो राजस्थान अभियान की तैयारियां शुरू करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभागों के कार्यों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा करते हुए बेहतर परिणामों हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस मेधा, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोरोना काल में गंगापुर के लिए दी थी 24 घंटे सेवाएं और अब देश के बॉर्डर पर कर रहे मरीजों की सेवा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** फुलिया कला निवासी नूर मोहम्मद खान कायमखानी जो की पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगापुर जिला भीलवाड़ा पर वर्ष 2016 की नियमित भर्ती के अंतर्गत नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नियुक्त थे जिन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी से मरीजों के हित में कार्य किया तथा उनकी कार्यशाली अनुरूप निस्वार्थ भावना से कोरोना जैसी महामारी में गंगापुर कस्बे के लिए दिन-रात अपनी जान की परवाह किए बिना दौड़ते रहे मानव सेवा से बढ़कर कुछ नहीं ऐसी भावना समझ कर ऐसी महामारी में लोगों की जान बचाई तथा अभी वर्तमान मे जनवरी माह में इनका स्थानांतरण देश की सरहद पर बाड़मेर जिले में हुआ है उनका कहना है कि देश सेवा से बढ़कर कुछ नहीं ऐसा मौका शायद ही खुश किस्मत वालों को मिलता है कि देश की सरहद पर जाकर वहां के लोगों की सेवा करें और मरीजों का उपचार करें ऐसी विपरीत स्थिति में जब भारत और पाक का युद्ध चल रहा हो उस समय देशभक्ति का जज्बा बताते हुए बॉर्डर पर लोगों का उपचार करना सबसे बड़ी मानव सेवा की अभिव्यक्ति है ब्लैकआउट करवाने में भी प्रशासन के साथ हमेशा तैयार रहते थे और पूरा योगदान ऐसी आपात स्थिति में रहा नूर मोहम्मद खान ने कहा कि पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ तथा ईमानदारी से किया गया कार्य मानव सेवा में जो सुकून मिलता है वह कहीं और नहीं ।

**देश सेवा ही सर्वोपरि है और यही सबसे बड़ा धर्म है :** भारत देश की आन बान और शान के लिए कार्य करना दिल को सुकून देता है हर बेसहारा व्यक्ति की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है।

ग्रीष्मकालीन सघन निरिक्षण अभियान

## हीटवेव को लेकर सीएम एचओ डॉ. सामर ने सीएचसी डाबी में लू-तापघात से संबंधित व्यवस्थाएं जांची

### कोरोना को देखते हुए सावधानी बरतने और प्रोटोकॉल के तहत व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए प्रभारी को किया पाबंद

बढ़ता राजस्थान




**बूँदी ( अनन्त दाधीच )।** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में गर्मी, लू एवं तापघात से व्यवस्थाओं के निरिक्षण अभियान के तहत मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर ने सीएचसी डाबी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी डाबी में मरीजों के लिए की गई समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया । उन्होंने प्रभारी को प्रदेश मे बढ़ते कोरोना को देखते प्रोटोकॉल के तहत व्यवस्था माकूल रखने के लिए पाबंद किया! डॉ सामर ने सीएचसी में वार्ड व बैड्स की व्यवस्था, कूलर, पंखे, एसी, विभिन्न स्थानों पर मरीजों व आमजन के लिए की गई पानी की व्यवस्था एवं सीएचसी में उपलब्ध दवाइयों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ.ओ पी सामर ने बताया बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है ताकि गर्मी बढने के बाद आमजन को किसी भी प्रकार की अव्यवस्थाओं का सामना ना करना पड़े। इसी के चलते आज उन्होंने सीएचसी डाबी में गर्मी के मौसम में मरीजों एवं आमजन के लिए की रही व्यवस्थाओं की जांच की गई। उनके साथ सीएचसी इंचार्ज ने संयुक्त रूप से सीएचसी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण अभियान के तहत वार्डों का निरीक्षण किया गया, जहां पर कमरों की साफ-सफाई एवं एसी एवं हवादार कमरों की पूर्ण व्यवस्था रही। सीएचसी परिसर में ठण्डे पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। डॉ.सामर ने कहा कि सभी इलैक्ट्रोनिक उपकरण सही रहने चाहिए। उन्होंने कार्मिकों को वार्ड की नियमित साफ-सफाई रखने के लिए पाबंद किया गया। सीएचसी में सभी पंखों एवं एसी की नियमित जांच, कूलरों में दिन में दो या तीन बार पानी बदलने के निर्देश दिए। वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को हीट वेव से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान दवाइयों की जानकारी, ओपीडी विंग, आईपीडी विंग, डीडीसी, दैनिक रिपोर्टिंग, मटकों-कैम्पर एवं वाटर कूलर की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। डॉ.सामर ने वार्ड में उपचाराधीन मरीजों से बात की और मिल रहे उपचार के लिए बारे में जानकारी ली।

## प्रशासन ने ग्राम नयातालाब से हटवाया अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान



**चितौडगढ़।** एक मई, 2025 को ग्राम सादी में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर आलोक रंजन द्वारा ग्राम नयातालाब में हो रखे अतिक्रमण को हटाने के संबंध में दिये गये निर्देशों की पालना में गंगरार उपखण्ड अधिकारी पंकज बडगुजर एवं गंगरार तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह राजावत ने रामप्रसाद खटीक, नायब तहसीलदार साडास की नेतृत्व में 02 भू अभिलेख निरीक्षक एव 04 पटवारियों की टीम गठित कर अतिक्रमण हटाने हेतु निर्देशित किया। जिसकी पालना में 19 मई 2025 को संयुक्त टीम द्वारा पुलिस जाब्ते की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाया गया। तत्समय कुछ अतिकमियों द्वारा 05 दिन में अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था, परन्तु उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिस पर संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 26 मई 2025 को पुनः पुलिस जाब्ते की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा शांति भंग करने की कोशिश की गई, जिनको समझाईश की जाकर शांति व्यवस्था बहाल की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान लगभग 300 सीमेण्टेड खम्भे, तार एवं जाली व लोहे की फाटक सहित हटाये गये, जिससे कुल 5.60 हैक्टेयर चरनोट भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गईं। वहीं सभी ग्रामवासियों का समझाईश की गई कि किसी प्रकार की राजकीय भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें, अन्यथा अतिक्रमियों के विरूद्ध कठोरता से कार्यवाही की जाकर बेदखल किया जायेगा, वही अतिकमियों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। ग्रामवासियों द्वारा राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। कार्यवाही के दौरान श्री मिठू सिंह राजपूत, भू.अ.नि., श्री बृजेन्द्र सिंह गुर्जर, भू.अ.नि, तुलसीराम मीणा, भू.अ.नि., भूरा लाल मीणा, पटवारी, श्रीमति गरिमा पानगडिया, पटवारी, श्रीमति समता गुजराती, पटवारी, श्रीमति सुमित्रा जाखड, पटवारी आदि कर्मचारी एवं कुणाल बंजारा, जगदीश, कन्हैयालाल, उंकार बंजारा आदि मौके पर उपस्थित रहें।

## सरकार हर मोर्चे पर विफल,कार्यकताओ को डरने की जरूरत नहीं : प्रेमी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के देईखेडा कस्बे के मुख्य बस स्टेण्ड पर बुथ व कांग्रेस कार्यकताओ की आयोजित बैठक में संम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष व विधायक सीएल प्रेमी ने कहा कि बीजेपी की डबल इंजन सरकार मे कांग्रेस जनो के विरूद्ध बदले की भावनाओ से उनको डराया जा रहा है आम जन मंहगाई से डरा हुआ है विधानसभा प्रभारी प्रमोद फागणा ने अपने संम्बोधन में कहा कि कांग्रेस कार्यकताओ के बीच पहुंचने के लिए प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर मंडल स्तरीय बैठको के बाद अब पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का कार्य राहुल गांधी जी के नेतृव में पूरे देश में चल रहा है । कांग्रेस जन सरकार की विफलताओ को घर घर पहुंचाये , ब्लांक अध्यक्ष नेनकराम मीना पूर्व प्रधान विरेन्द सिंह हाडा,जिला परिषद सदस्य कृष्ण चन्द वर्मा पंचायत राज ब्लांक अध्यक्ष लटूर लाल,आदि ने भी संबोधित किया। अतिथियो का देईखेडा सरपंच राजकुमार मीना, मंडल अध्यक्ष रामलक्षमण मीना विधायक प्रतिनिधि अशोक मीना,सरपंच बद्रीलाल मीना,ब्लांक उपाध्यक्ष दानबिहारी मीना,किसान नेता नरेन्द बहडावली,युवा कांग्रेस नेता रवि मीना,रमेश गूर्जर,वरिष्ठ शिक्षक जानकी लाल मीना,ओम जुंडवाल,कमलेश मीना,रामेश्वर,रामचरण मीना आदि ने स्वागत किया ।

# मेवाड़ लोहार समाज शनिमहाराज चौखला ने श्रद्धापूर्वक शनि जयंती मनाकर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** शनि जयंती को मेवाड़ लोहार समाज द्वारा मंगलवार को मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल में स्थित लोहार समाज के सामुदायिक भवन में धार्मिक आयोजनों के साथ हर्षौल्लासपूर्वक मनाया गया।साथ ही चौखला की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। लोहार समाज शनिमहाराज आली चौखला अध्यक्ष कैलाश लोहार मुंगाना ने बताया कि मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली में स्थित लोहार समाज के नवीन सामुदायिक भवन में शनि जयंती को समाजजनों द्वारा श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस दौरान मेवाड़ लोहार समाज शनिमहाराज चौखला की नवीन कार्यकारणी के गठन हेतु पूर्व अध्यक्ष उदयराम रुपाखेड़ी,मातृकुंडिया मंदिर चौखला पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल गिलूंड,सांवरियाजी आवरीमाता कमेटी अध्यक्ष भैरुलाल घोडाखेड़ा,मातृकुंडिया मंदिर चारों चौखला अध्यक्ष चम्पालाल लोहार,सुरजबारी माताजी कमेटी अध्यक्ष मांगीलाल लोहार सिन्देसर, सरपंच प्रकाश चाकूडा,जीएसएस अध्यक्ष नारायण लोहार रुदडी आदि लोहार समाज के गणमान्यजनों की उपस्थिति में विशाल आम सभा का आयोजन किया गया।जिसमे अध्यक्ष कैलाश मुंगाना द्वारा दो वर्षीय कार्यकाल के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा चौखला की नवीन कार्यकारणी के गठन का सुझाव दिया गया।

जिसके तहत मेवाड़ लोहार समाज शनिमहाराज आली चौखला के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से रतनलाल तावेडा रेनकाखेडा को नियुक्त किया गया। साथ ही चौखला के सचिव पद पर शिक्षक दिनेश कुमार लोहार भूपालखेडा कपासन को मनोनीत किया गया।इस मौके समाजजनों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।यहां शनि जयंती के उपलक्ष्य में मेवाड़ लोहार समाज शनिमहाराज चौखला के तत्वावधान में धार्मिक अनुष्ठानों सहित रात्रि में भजन गायक बालूराम लोहार की अगुवाई में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया।जिसका भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते लुत्फ उठाया गया।

इस अवसर पर माधवलाल लोहार,लादूलाल लोहार, राजू लोहार,शंकर लोहार,राधेश्याम लोहार,मदनलाल तरनावो का खेड़ा,प्रकाश लोहार,रामेश्वरलाल रामाखेडा, भेरुलाल,मांगीलाल उमंड,कालूराम लोहार, सोहनलाल लोहार,बद्रीलाल मुगांना,बद्रीलाल कनवास, हेमराज भूपालसागर,राजमल धनेत,इन्द्रमल लोहार कांकरवा,रमेश लोहार कानाखेड़ा,रमेश लोहार,राजमल दोतडीखेडा,रामेश्वरलाल उचनार,चुन्नीलाल लोहार गोपालपुरा,गणेश कागणी,चम्पालाल लोहार करूकडा, शंकरलाल,हरिशंकर,मांगीलाल लोहार रोलिया, देवीलाल धमाणा,नाथूराम लोहार,शंकरलाल सिंहपुर, गणेश डाबर,डालचंद पारीखेड़ा,श्यामलाल पछमता सहित मेवाड़ लोहार समाज के सैकड़ों महिला,पुरुष, बुजुर्ग एवं युवा वर्ग उपस्थित रहे।उक्त आमसभा का संचालन रमेश लोहार कानाखेड़ा द्वारा किया गया।



## देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कपासन में पुष्पांजलि एवं विचारगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** देश के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मंगलवार को नगर कांग्रेस अध्यक्ष कपासन शंकरलाल प्रजापत की अध्यक्षता में स्व. नेहरू की तस्वीर पर पुष्प एवं माला अर्पित कर कांग्रेस कार्यालय में विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमे वक्ताओं द्वारा जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुवे देश एवं समाज की सेवा हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना,पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष कपासन एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद गुर्जर,पूर्व नगर अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा,पूर्व नपा कपासन अध्यक्ष प्रतिनिधि ललित टांक,पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष सैयद अख्तर अली बुखारी,नगर प्रवक्ता किशनलाल प्रजापत,युवा नेता रवि सोनी,युकां के दीनबंधु सोमानी, लक्ष्मीनारायण व्यास,नगर पालिका पार्षद लोकेश राव, पूर्व नपा पार्षद शिवशंकर उपाध्याय,पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,अशरफ हुसैन, गुलाबचंद रेगर,महेश सोमानी,नपा पार्षद प्रतिनिधि मो रफीक अंसारी, राजस्थान आईटी सेल महासचिव अकरम मंसूरी, हरलाल जटीया,अमित मोदी,पिंटू आचार्य,चांदमल बारेगामा,दिनेश गुर्जर,मोहम्मद शरीफ,रमेश गर्ग आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीसीसीआई सचिव ने किया ये बड़ा ऐलान : आईपीएल 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान मौजूद रहेगी भारतीय सेना

नई दिल्ली।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल 2025 के फाइनल के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों को विशेष श्रद्धांजलि देने की योजना बनाई है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 3 जून को होने वाला समापन समारोह इस महीने सीमा पार लगातार तनाव के बाद सेना के साहस और बलिदान का जश्न मनाएगा।

ज्ञात हो कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के बाद सीमा पर तनाव बढ़ गया था, जिस कारण टूर्नामेंट को 10 दिनों के लिए रोक दिया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद सीजफायर पर समझौता हुआ और फिर से आईपीएल शुरू हो सका।

### तीनों सेना के प्रमुखों को किया आमंत्रित :

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पुष्टि की कि समापन समारोह पूरी तरह से सशस्त्र बलों को समर्पित होगा। सेना, नौसेना, वायु सेना के प्रमुखों के साथ रक्षा स्टाफ को 3 जून को समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। सैकिया ने स्पोर्टस्टार से कहा कि बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है, जिनके ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयास राष्ट्र की रक्षा और प्रेरित करते हैं। श्रद्धांजलि के रूप में हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने का फैसला किया है।

### आईपीएल 2025 में पूरे सीजन में ऑपरेशन सिंदूर सलाम :

बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब से आईपीएल फिर से शुरू हुआ है, तब से कई जगहों पर सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई है। वानखेड़े स्टेडियम में फैंस ने भारत माता की जय के नारे लगाए और बड़ी स्क्रीन पर सेना को धन्यवाद संदेश दिखाए गए। खिलाड़ियों ने मैच से पहले राष्ट्रगान भी गाया।

### पुलवामा हमले के बाद उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे सैन्य बैंड :

यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल ने सेना को सलाम किया है। 2019 में पुलवामा हमले के बाद बीसीसीआई ने उद्घाटन समारोह में एक सैन्य बैंड को शामिल किया था और सशस्त्र बलों के कल्याण के लिए 20 करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले आईपीएल 2025 के फाइनल में एक लाख से अधिक प्रशंसकों के आने की उम्मीद है।




## कार्लो एंसेलोटी ने ब्राजील की पहली टीम का किया ऐलान, नेमार बाहर, कासेमीरो की वापसी



नई दिल्ली।

ब्राजील के नए कोच कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को अपनी पहली 25 सदस्यीय टीम का ऐलान किया, जिसमें सबसे बड़ा नाम गायब रहा नेमार। चोट से जूझ रहे नेमार हाल ही में सैंटोस क्लब में लौटे हैं, लेकिन एंसेलोटी ने बताया कि वो अभी राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। एंसेलोटी ने कहा, दुर्भाग्य से हमारे कई खिलाड़ी चोटिल हैं, जिनमें नेमार भी शामिल हैं। लेकिन हम उन पर भरोसा करते हैं। टीम में मिडफील्डर कासेमीरो की वापसी हुई है, जो पिछले लगभग डेढ़ साल से टीम से बाहर चल रहे थे। 2022 विश्व कप में टीम के कप्तान रहे कासेमीरो की वापसी को एंसेलोटी ने नेतृत्व और बलिदान की जरूरत से जोड़ा। कोच ने कहा, राष्ट्रीय टीम को ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जिनमें करिश्मा, टैलेंट और समर्पण हो- कासेमीरो उन खिलाड़ियों में से हैं। रियल मैड्रिड छोड़ने के बाद ब्राज़ील की कमान संभालने वाले एंसेलोटी ने अपने पुराने शिष्य विनीसियस जूनियर पर पूरा भरोसा जताया। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह से मानता हूं कि विनीसियस राष्ट्रीय टीम में भी अपना सर्वश्रेष्ठ रूप दिखाएंगे। फिर उन्होंने मजाक में कहा, जैसे मैड्रिड में... लेकिन इस साल वाला नहीं, पिछले साल वाला।

ब्राज़ील के कोच बने पहले विदेशी, एंसेलोटी ने मीडिया को किया प्रभावित : 65 वर्षीय एंसेलोटी ब्राज़ील की राष्ट्रीय टीम के पहले पूर्णकालिक विदेशी कोच हैं। उन्होंने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में करीब 200 मीडिया कर्मियों को अपने जवाबों से प्रभावित किया। उन्होंने कहा, ब्राज़ीलियाई समाज मुझसे 24 साल बाद वर्ल्ड कप जीत की उम्मीद कर रहा है यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

## 3 खिलाड़ी जो इंग्लैंड दौरे पर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए कर सकते हैं टेस्ट डेब्यू



नई दिल्ली।

भारतीय क्रिकेट टीम को 20 जून से इंग्लैंड का दौरा करना है, जहां पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज के लिए बीसीसीआई ने 18 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है जहां रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट फॉर्मेट में कप्तानी मिली है। वहीं कुछ ऐसे भी खिलाड़ी है जिन्हें पहली बार टेस्ट में मौका मिला है जो इंग्लैंड दौरे पर अपना डेब्यू कर सकते हैं, जिनके टीम इंडिया में होने से अंग्रेजो में इस वक्त खौफ भर चुका है।

### साईं सुदर्शन

साईं सुदर्शन ने घरेलू क्रिकेट में दमदार खेल दिखाने के साथ-साथ आईपीएल में भी गुजरात के लिए कमाल की बल्लेबाजी की है। इस सीजन साईं सुदर्शन अपनी टीम गुजरात टाइटंस के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं जिन्होंने अभी तक 13 पारियों में 638 रन बनाए हैं, जिनके बल्ले से कई टेक्निकल शॉट भी देखने को मिले हैं। इस खिलाड़ी ने 29 प्रथम श्रेणी मुकाबला खेलते हुए 1957 रन बनाए हैं जिनकी मजबूत परफॉर्मेंस को देखकर इंग्लैंड के खिलाफ इस खिलाड़ी का डेब्यू तय माना जा रहा है। इनके अंदर यह ताकत है कि वह अंग्रेजों को थर-थर कांपने पर मजबूर कर सकते हैं।

### अर्शदीप सिंह

टीम इंडिया के लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह अभी तक केवल टी-20 और वनडे में अपना कमाल दिखा रहे थे, लेकिन इंग्लैंड दौरे के लिए जब से इस खिलाड़ी को चुना गया है तब से यह माना जा रहा है कि उनका डेब्यू पक्का है। इस खिलाड़ी के नाम 21 फर्स्ट क्लास मुकाबले में 66 विकेट दर्ज है जो इंग्लैंड की धरती पर भारत के लिए सबसे बड़े गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। इस सीजन देखा जाए तो अर्शदीप सिंह ने अभी तक पंजाब किंग्स के लिए गेंदबाजी करते हुए 14 मैचो में 18 विकेट लेने का काम किया है।

### अभिमन्यु ईश्वरण

29 वर्षीय अभिमन्यु को कई बार टीम में मौके मिले लेकिन अभी तक इनके डेब्यू का ख्वाब पूरा नहीं हो सका, लेकिन इंग्लैंड दौरे पर उनका यह सपना सच हो सकता है जिनके पास 101 फर्स्ट क्लास मुकाबले में 7674 रन और 27 शतक, 29 अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड है। विराट और रोहित शर्मा के गैर मौजूदगी में अभिमन्यु इश्वरण को टीम में शामिल कर मैनेजमेंट टॉप ऑर्डर को मजबूती देने का काम कर सकती है।




नॉर्वे चेस टूर्नामेंट

## कार्लसन ने गुकेश को हराया

### दूसरे राउंड में अर्जुन से भिड़ेंगे गुकेश, कार्लसन का मुकाबला हिकारू से

**नई दिल्ली।** मौजूदा वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन और मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने मैच के अंतिम समय में हराया और पूरे तीन अंक हासिल किए। 18 साल के गुकेश ने चार घंटे से ज्यादा देर तक चले क्लासिकल गेम में ज्यादातर समय 34 साल के कार्लसन पर दबाव बनाए रखा, लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने एक गलती की जिसका फायदा उठाकर कार्लसन ने 55 चाल में जीत हासिल की।

### कौन हैं डी गुकेश

गुकेश डी का पूरा नाम डोम्माराजू गुकेश है। वह चेन्नई के रहने वाले हैं। गुकेश का जन्म चेन्नई में 7 मई 2006 को हुआ था। उन्होंने 7 साल की उम्र में ही शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उन्हें शुरू में भास्कर नागैया ने कोचिंग दी थी। नागैया इंटरनेशनल चेस खिलाड़ी रहे हैं और चेन्नई में चेस के होम ट्यूटर हैं। इसके बाद विश्वनाथन आनंद ने गुकेश को खेल की जानकारी देने के साथ कोचिंग दी। गुकेश के पिता डॉक्टर हैं और मां पेशे से माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं।

### गुकेश मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन :

गुकेश ने दिसंबर में सिंगापुर में खेले गए वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराकर खिताब जीता था। 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं।

इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर यह टाइटल जीता था। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए।

### गुकेश ने चेस ओलिंपियाड भी जिताया था

10 से 23 सितंबर तक पिछले साल बुडापेस्ट में चेस ओलिंपियाड का आयोजन हुआ था। भारत ओपन और विमेंस दोनों कैटेगरी में चैंपियन बना था। ओपन कैटेगरी में गुकेश ने ही फाइनल गेम जीतकर भारत को जीत दिलाई थी।

### दूसरे राउंड में अर्जुन से भिड़ेंगे गुकेश

इस जीत से कार्लसन ने तीन अंक हासिल किए और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और वर्ल्ड के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। नाकामुरा ने हमवतन फैबियानो कारूआना को हराया। दूसरे राउंड में गुकेश का सामना हमवतन अर्जुन एरिगैसी से होगा। वहीं, कार्लसन का मुकाबला हिकारू नाकामुरा से होगा।

## इंडिया-इंग्लैंड सीरीज के डिजिटल राइट्स जियो हॉटस्टार ने खरीदे

### टीवी राइट्स सोनी के पास 20 जून से शुरू होगी 5 टेस्ट की सीरीज



नई दिल्ली।

भारत और इंग्लैंड के बीच अगले महीने होने वाली टेस्ट सीरीज के डिजिटल ब्रॉडकास्टिंग राइट्स जियोहॉटस्टार ने खरीद लिए हैं। टेलीविजन राइट्स अब भी सोनी टीवी के पास ही हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, जियो और स्टार ने 1 महीने के अंदर सोनी के साथ यह डील साइन की। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज 20 जून से शुरू होगी। मैचों का प्रसारण टीवी पर सोनी और ऑनलाइन जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा। जियोहॉटस्टार पर ही इन दिनों आईपीएल की ब्रॉडकास्टिंग भी हो रही है। सोनी और जियो स्टार के बीच हुआ टेम्परारी एग्रीमेंट अगले साल भी जारी रहेगा। भारत को 2026 में इंग्लैंड दौरे पर 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलनी है। इसके मैच भी ओटीटी के माध्यम से जियोहॉटस्टार पर दिखाए जाएंगे।

### सोनी ने 8 साल के लिए श्वष्टक्क के राइट्स खरीदे

सोनी टीवी ने पिछले साल ही इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (श्वष्टक्क) के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स खरीदे थे। राइट्स 2031 तक के लिए खरीदे गए। इसके तहत इंग्लैंड में होने वाले सभी क्रिकेट मैच को भारतीय दर्शक सोनी पर ही देख सकेंगे। जियो, स्टार और सोनी के बीच नई डील में श्वष्टक्क का भी बड़ा योगदान रहा।

### 1 अगस्त तक चलेगी सीरीज

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। 2 जुलाई से बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट, 10 जुलाई से लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट, 23 जुलाई से मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट और 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल मैदान पर पांचवां और आखिरी टेस्ट होगा।

## आईपीएल 2025 : ऋषभ पंत समेत 3 बड़े खिलाड़ी जो आईपीएल 2026 से पहले हो सकते हैं रिलीज...







नई दिल्ली।

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का कारवां अब बस थमने वाला है। कुछ ही दिनों में प्लेऑफ की जंग शुरू होने जा रही है। जिसके लिए चारों ही टीमें पूरी तरह से तैयार हैं। प्लेऑफ की रेस 29 मई से शुरू होने जा रही है। तो वहीं खिताबी जंग 3 जून को अहमदाबाद में होगी। आईपीएल के इस सीजन में कुछ खिलाड़ियों का करिश्माई प्रदर्शन देखने को मिला।

कई खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। लेकिन कुछ बड़े खिलाड़ी इस सीजन पूरी तरह से फुस्स साबित हुए। जिसमें लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान और 27 करोड़ की रिकॉर्ड प्राइज में खरीदे गए ऋषभ पंत का प्रदर्शन नहीं भुलाया जा सकता है। आईपीएल के इस सीजन में भारत के कुछ बड़े खिलाड़ी नाकाम रहे। जिन्हें आईपीएल 2026 से पहले रिलीज किया जा सकता है।

**आर अश्विन (चेन्नई सुपर किंग्स) :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज स्पिन गेंदबाज आर अश्विन को इस आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा। इस सीजन उनकी इस टीम में घर वापसी हुई है। आर अश्विन ने इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स में भले ही लंबे समय बाद वापसी तो की, लेकिन वो बहुत ही खराब खेले। उनकी गेंदबाजी में कोई दम नहीं दिखा और वो लगातार संघर्ष करते रहे। अश्विन ने इस सीजन 9 मैचों में सिर्फ 7 विकेट हासिल किए। इसको देखते हुए तो चेन्नई सुपर किंग्स उन्हें आईपीएल 2026 (आईपीएल 2026) से पहले रीलीज कर सकती है।

**मोहम्मद शमी (सनराइजर्स हैदराबाद) :** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस सीजन सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा। इस टीम का तो काफी खराब प्रदर्शन रहा तो साथ ही तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी पूरी तरह से निराश किया। शमी इस सीजन पूरी तरह से ऑफ कलर दिखे और वो 9 मैच खेले। जिसमें 6 विकेट अपने नाम कर सके। शमी से पूरे सीजन फ्रेंचाइजी ने उम्मीद बनाए रखी लेकिन वो रंग में नहीं दिखे। शमी के इस सीजन के प्रदर्शन को देखते हुए तो मुश्किल है कि उन्हें आईपीएल 2026 से पहले उनकी टीम रिटेन करें।

**ऋषभ पंत (लखनऊ सुपरजायंट्स) :** लखनऊ सुपरजायंट्स ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को 27 करोड़ की रिकॉर्ड प्राइज में खरीदा। पंत पर लखनऊ ने बड़ी उम्मीदों के साथ दांव लगाया था। लेकिन उन्होंने इस सीजन पूरी तरह से निराश किया। आईपीएल के इस सीजन में पंत का बल्ला पूरी तरह से खामोश रहा और वो 13 मैच की 12 पारियों में 14 से भी कम की मामूली औसत के साथ 151 रन ही बना सके। इस प्रदर्शन के बाद माना जा सकता है कि आईपीएल 2026 (आईपीएल 2026) से पहले उन्हें रिलीज किया जा सकता है।

## श्रेयस अय्यर ने रचा इतिहास, आईपीएल में कोई कप्तान हासिल नहीं कर सका ये मुकाम

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स ने 11 साल के बाद प्लेऑफ के क्वालीफायर 1 जगह बनाई है। सोमवार 26 मई की रात आईपीएल 2025 के अपने लीग चरण के आखिरी मुकाबले में पंजाब किंग्स मुंबई इंडियंस को साथ विकेट से हराते हुए पॉइटंस टेबल में टॉप पर काबिज हो गई है। पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर ने ये भी साबित कर दिया कि आखिर उन पर पंजाब ने 26.75 करोड़ रुपये का दांव क्यों लगाया था इस सीजन भी श्रेयस कमाल की कप्तानी के साथ शानदार बल्लेबाजी भी कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल इतिहास एक ऐसा मुकाम भी हासिल किया है, जहां अब तक कोई नहीं पहुंचा है।

**केकेआर ने मेगा ऑक्शन से पहले कर दिया था रिलीज :** आईपीएल 2024 में श्रेयस अय्यर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तानी की थी और खिताब भी जिताया था। इसके बाद भी केकेआर ने उन्हें मेगा ऑक्शन से ठीक पहले रिलीज कर दिया था।



## तब्बू के साथ इंटीमेट सीन पर बोले ईशान खट्टर :

# 'सेट पर एक बच्ची की तरह रहती हैं, सामने वाले एक्टर को सहज महसूस करवाती हैं'

एक्टर ईशान खट्टर इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर चर्चा में हैं। इसी दौरान उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान 2020 में स्ट्रीम हुई सीरीज ए सूटेबल बॉय में एक्ट्रेस तब्बू के साथ काम करने के अपने अनुभव को शेयर किया। एक्टर ने हाल ही में जूम के साथ खास बातचीत में बताया कि कैसे तब्बू ने वेब सीरीज ए सूटेबल बॉय में एक इंटीमेट सीन के दौरान सहज महसूस करवाया था। ईशान खट्टर ने कहा- इंटीमेट सीन के दौरान मैं बिल्कुल भी घबराया नहीं। वो ऐसी एक्ट्रेस हैं जो समाने वाले को सहज महसूस करवा देती हैं। ईशान खट्टर ने आगे बताया था- सेट पर एक बच्ची की तरह रहती हैं। मजाक करते-करते अचानक अपने किरदार में खो जाती हैं। यह बहुत ही मजेदार अनुभव था। तब्बू के साथ हमारी जोड़ी परफेक्ट थी। हमारी उम्र में गैप के बाद भी अगर लोगों को जोड़ी परफेक्ट लगी तो इसका श्रेय राइटिंग टीम को जाता है। बता दें कि वेब सीरीज 'ए सूटेबल बॉय' नेटफ्लिक्स पर 2020 को स्ट्रीम हुई थी। यह सीरीज इसी नाम से



विक्रम सेठ के के उपन्यास पर आधारित है। मीरा नायर के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में ईशान खट्टर को तब्बू के साथ रोमांस करते देखा गया, जो उनसे 24 साल बड़ी हैं। दोनों को उनके प्रदर्शन और केमिस्ट्री के लिए सराहा गया। वहीं बात करें 'होमबाउंड' की, तो इसकी कहानी ऐसे दो जिगरी दोस्तों की है, जो नॉर्थ इंडिया के एक छोटे से गांव से ताल्लुक रखते हैं और पुलिस नौकरी की तलाश में हैं। हालांकि जैसे-जैसे वह अपने लक्ष्य के करीब पहुंचते है, दोनों ही दोस्ती में परिस्थितियों की वजह से कमजोर पड़ने लगती है। इस फिल्म में ईशान खट्टर के साथ जाह्नवी कपूर और विशाल जेठवा जैसे स्टार्स हैं।

# सामंथा रुथ प्रभु के शॉकिंग ट्रांसफॉर्मेशन को देखकर फैंस हैरान, पहचानना तक हुआ मुश्किल

**सामंथा रुथ प्रभु हाल ही में एक इवेंट में नजर आईं जहां उन्हें देखकर सब हैरान रह गए। इतना ही नहीं एक्ट्रेस की फोटोज और वीडियोज देखकर कुछ तो हैरान हो गए। वहीं कुछ ने तो यह तक कहा कि यह सामंथा नहीं हैं।**



### सामंथा का ट्रांसफॉर्मेशन :

दरअसल, सामंथा ने ब्राउट स्ट्रैपी आउटफिट पहना था जिसके साइड और चेस्ट की साइड कट्स थे। एक्ट्रेस इसमें काफी स्लिम नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का फेस तक काफी स्लिम दिख रहा है जिस वजह से फैंस भी हैरन रह गए।

### फैंस पहचान ही नहीं पाए :

यहां तक की जब फोटोग्राफर मानव मंगलानी ने सामंथा का वीडियो शेयर किया तो कई ने उस पर कमेंट किया कि यह सामंथा नहीं हैं, लेकिन अब एक्ट्रेस ने खुद अपनी फोटोज शेयर की हैं। एक ने लिखा कि सामंथा, सामंथा जैसी क्यों नहीं लग रही हैं।

### लोगों के रिएक्शन

इन फोटोज पर फैंस ने लिखा कि आपने कितना वजन कम कर लिया है। एक ने लिखा कि सामंथा रियल क्वीन हैं। तो वहीं एक यूजर ने कमेंट किया कि प्लीज थोड़ा वजन बढ़ा लो।

### क्यों कम हो रहा वजन

वैसे सामंथा ने खुद बताया था कि मायोसिटिस के लिए उनकी एंटी इन्फ्लेमेट्री डाइट की वजह से उनका वजन नहीं बढ़ रहा है।

### प्रोफेशनल लाइफ

सामंथा की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म शकुंतलाम और खुशी में नजर आई थीं। वहीं साल 2024 में वह राज और डीके की सीरीज सिटाडेल हनी बनी में दिखी थीं। फिलहाल सामंथा ब्रह्माण्ड द ब्ल्डी किंगडम की शूटिंग में बिजी हैं जो नेटफ्लिक्स पर आएगी।

### रिलेशन की अफवाह

बता दें कि कुछ दिनों पहले सामंथा का नाम फिल्ममेकर राज निदिमोरू के साथ जुड़ा था। ऐसा कहा जा रहा था कि दोनों का अफेयर चल रहा है। हालांकि एक्ट्रेस की टीम ने इन खबरों को गलत बताया है।

# देश को राजनीति से अलग कर दो, फिर देखो... कैसे हर कोई भारत के लिए आगे आकर दिखाएगा : सुनील शेट्टी

**बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने बॉर्डर फिल्म में दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिए थे। अब एक बार फिर वो दुश्मनों से लोहा लेने जा रहे हैं। उनकी फिल्म का नाम केसरी वीर है। इससे पहले उन्होंने हमसे खास बातचीत की की और देश, राजनीति और फिल्म इंडस्ट्री के बारे में खुलकर अपनी राय रखी।**



**पिछले दिनों ऑपरेशन सिंदूर के दौरान फिल्म इंडस्ट्री से इसके सपोर्ट में तमाम आवाजें उठीं, आप भी उनमें से एक थे, लेकिन कुछ लोग तब भी खामोश थे, क्या कहेंगे आप?**

इस मामले में हर किसी की अपनी सोच होती है। मैं काफी वोकल हूं और अपने विचार रखना पसंद करता हूं। लेकिन कई बार मुझे इस वजह से गालियां भी पड़ती हैं। हालांकि मुझे इन चीजों से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। दरअसल, हमारी इंडस्ट्री की प्रॉब्लम यह है कि जब हम देश के हित में बात करते हैं, तो उसे पॉलिटिक्स से जोड़ा जाता है। लोगों को लगता है कि हम पॉलिटिशियंस हैं और इस तरह हम किसी पॉलिटिकल पार्टी को सपोर्ट कर रहे हैं। जबकि लोग भूल जाते हैं कि यह देश की बात है। कई बार जब आप बोलते हो, तो दूसरी पार्टियों के सपोर्टर आपका विरोध करने लगते हैं और आपको ट्रोल करते हैं। उसी वजह से सिलेब्रिटीज चुप रह जाते हैं। हालांकि लोगों को यह समझना होगा कि देश और पॉलिटिक्स दोनों अलग चीजें हैं।

**देश मुश्किल में हो तो हर कोई देश की बात करता हैं, लेकिन फिल्मवालों पर अक्सर ऐसा नहीं करने के इल्जाम लगते हैं?**

मुझे नहीं लगता कि हिंदुस्तान को हमारी फिल्म इंडस्ट्री से ज्यादा दूसरी किसी इंडस्ट्री को प्यार होगा। हमने इंडिया की सॉफ्ट पावर को दुनियाभर में पहुंचाया है। फिर चाहे वह देशभक्ति फिल्म हो या फिर कॉमेडी फिल्म हो, रोमांटिक फिल्म हो या फिर फैमिली फिल्म हो। हमारी फिल्मों ने सबसे ज्यादा दुनिया को हमसे जोड़ने में भूमिका निभाई है। अब इतने सारे एनआरआई जो इंडिया लौट रहे हैं। उसके पीछे दो ही वजहें हैं। पहले हमारे त्योहार और दूसरी हमारी फिल्में। इसलिए मैं हमेशा कहता हूं कि पॉलिटिक्स को हमसे अलग कर दीजिए। हमें इससे दूर ही रखिए। फिर देखिए कैसे हर कोई देश के लिए आगे आता है। वरना जब आपको गालियां पड़ती हैं, तो घरवाले भी बोलते हैं कि क्यों आगे जाते हो यार। अब देखो गालियां पड़ रही हैं।

**कभी आपको नहीं लगा कि पॉलिटिक्स जॉइन करके इसमें सुधार लाया जाए?**

मैं दरअसल खुलकर बोलता हूं। अगर मैं इस पर कंट्रोल कर पाता, तो 10 साल पहले मुझे भी राजनीति जॉइन करने के ऑफर आए थे। मैं भी तब राजनीति में चला जाता। लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं अच्छा राजनेता बन सकता हूं, क्योंकि मैं पॉलिटिकली करैक्ट नहीं हूं। मैं दिल खोल कर बातें करता हूं। जबकि पॉलिटिक्स में आपको पॉलिटिकली करेक्ट रहना बहुत जरूरी है।

**करीब तीन दशक पहले आपने फिल्म बॉर्डर में सीमा पर तैनात सैनिक का रोल किया था। अब केसरी वीर में एक बार फिर आप देश के रक्षक के रोल में हैं। देशभक्ति के रोल आपको तलाशते हैं या आप उनको?**

मेरी हमेशा से कोशिश रहती है कि मैं ऐसा काम करूं कि लोग मेरे काम को याद रखें। मेरी फिल्म बॉर्डर भी ऐसी ही फिल्मों में से एक थी। वैसे तो मैंने तमाम फिल्मों में काम किया है। लेकिन बॉर्डर को लोग आज भी याद करते हैं और 15 अगस्त या 26 जनवरी के मौके पर उसे जरूर देखते हैं। ऐसी ही कभी न भूलने वाली फिल्मों की श्रंखला में मैंने एक और फिल्म केसरी वीर में काम किया है। यह फिल्म कुछ ऐसे वीरों की कहानी है, एक ऐसी कौम की कहानी है, जो एकजुट होकर देश के दुश्मनों के खिलाफ लड़ी थी और प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ की रक्षा की थी। मेरा मानना है कि लोग ऐसी कहानियों को हमेशा याद रखते हैं।

**अभी पिछले दिनों ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की सीमाओं पर एक बार फिर तनाव का माहौल था। उस समय आपके मन में फीलिंग थीं?**

हमारे साथ अक्सर ऐसा होता है कि हम दुनिया को आराम से जीने देते हैं, लेकिन कोई हमें जीने नहीं दे रहा है। हर बार जब भी हम आगे बढ़ते हैं, तो हमें क्यों पीछे खींचने की कोशिश की जाती है। उनको यही तकलीफ होती है कि हम तरक्की क्यों कर रहे हैं। हम आर्थिक रूप से एक ताकतवर देश बनने की राह पर हैं।

**आपने फिल्म बॉर्डर में यादगार रोल किया। अब आपका बेटा अहान इसके सीक्वल बॉर्डर 2 में नजर आने वाला है। कैसा इमोशनल जुड़ाव महसूस होता है आपको?**

इस सवाल का जवाब एक बाप ही दे सकता है और एक बार ही समझ सकता कि वह कैसी होती है। अहान हमेशा से देश को बहुत चाहता है। उसमें देशभक्ति की भावना मेरे से कई गुना ज्यादा है। वह हिस्ट्री से लेकर नैशनल ज्योग्राफिक चैनल तक पर देश से जुड़ी तमाम चीजें देखना पसंद करता है। पिछले दिनों मेरी वाइफ ने मुझे एक बैग दिखाया, जिसमें तब की हाथों से लिखी चिट्ठियां थीं, जब मैं शूटिंग पर होता और बच्चे मुझे लिखते थे। उसमें एक चिट्ठी में अहान ने मेरे लिए एक ड्रॉइंग की थी। उसमें वह खुद सैनिक बनकर खड़ा था और नीचे लिखा था अहान सोल्जर। साथ में एक टैंक भी बना हुआ था, जिसमें तिरंगा झंडा लगा हुआ था। अब आप ही सोचिए कि महज 4 साल की उम्र से वह बच्चा ऐसी सोच रखता है। मुझे हमेशा लगता था कि शायद उसे अपने करियर में बॉर्डर जैसी कोई फिल्म करने का मौका मिले और उसे इतनी जल्दी वह मौका मिल गया, तो मैं बेहद खुश हूं।

**अपनी फिल्म केसरी वीर में आपने सूरज और आकांक्षा को कैसे प्रेरित किया?**

उन्हें प्रेरित करने से ज्यादा मैं उनसे काफी चीजें सीखता था। हालांकि मेरी यह कोशिश जरूर रहती थी कि मैं उन्हें सपोर्ट करूं और उन्हें इस बात का भरोसा दिलाऊं कि वे अच्छा कर रहे हैं। उन लोगों ने काफी मेहनत की है। मैंने देखा कि उनकी हिंदी मेरे से ज्यादा अच्छी है। उनके साथ रीटेक भी इतने ज्यादा नहीं होते हैं। इस फिल्म को करना मेरी लिए अलग अनुभव इसलिए भी था, क्योंकि सेट पर सूरज और आकांक्षा मुझे अपने बच्चों की तरह लगते थे। जब आकांक्षा मेरे सामने होती, तो मुझे अथिया की याद आ जाती थी। और जब मैं सूरज के साथ काम करता था, तो मेरी सोच यही होती थी कि अगर यहां आहान होता तो उसके पिता के तौर पर मैं क्या करता।




# बिग बॉस 19 में यूट्यूबर्स-इंफ्लुएंसर की एंट्री पर बैन

## शो के फॉर्मेट में बड़े बदलाव, टीवी और फिल्मों से जुड़े कंटेस्टेंट आएंगे नजर

टीवी इंडस्ट्री के चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के फॉर्मेट में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिग बॉस सीजन 19 में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर या यूट्यूबर नहीं नजर आएंगे। शो में सिर्फ टेलीविजन और फिल्मों से जुड़े कंटेस्टेंट नजर आएंगे। बीते कई सीजन्स से यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को इतना बड़ा प्लेटफॉर्म देने की आलोचना होती रही है। टेली रिपोर्टर के मुताबिक इस बार शो के मेकर्स ने यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से संपर्क न करने का फैसला किया है। मेकर्स का इस बार पूरा फोकस टीवी और फिल्मों के लोकप्रिय सितारों पर होगा। पिछले कुछ सीजन्स में एल्विश यादव, अभिषेक मल्हान (फुकरा इंसान), मनीषा रानी और रजत दलाल जैसे डिजिटल क्रिएटर्स ने बिग बॉस के घर के अंदर खूब धमाल मचाया। सोशल मीडिया सेलेब्स की वजह से शो की लोकप्रियता बढ़ी, लेकिन उससे ज्यादा शो की आलोचना भी खूब हुई। साथ ही इन कंटेस्टेंट्स की लोकप्रियता के कारण दूसरे कंटेस्टेंट्स को मिलने वाले वोट्स पर बुरा असर पड़ा। जिसकी वजह से शो पुराने फैंस इससे नाराज भी दिखे। इस वजह से शो के मेकर्स ने इस बार टीवी और फिल्म के चर्चित सितारों को ही शो में कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल करने का फैसला किया है। बताया जाता है कि कंटेस्टेंट्स की कास्टिंग पर जोर शोर से काम शुरू हो गया है, लेकिन शो के मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। मिली जानकारी के मुताबिक 'बिग बॉस 19 का प्रीमियर इस बार 19 जुलाई, 2025 से होने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बार भी सलमान खान ही शो को होस्ट करेंगे।

खबर है कि सलमान खान जून 2025 के अंत तक बिग बॉस 19 के लिए प्रोमो शूट कर लेंगे। इस बार यह शो 3 महीने के बजाय 5.5 महीने तक चलेगा।

# दीपिका ने फिल्म स्पिरिट छोड़कर लीक कर दी स्क्रिप्ट! संदीप रेड्डी वांगा ने भड़ककर कहा- आपने बता दिया आप क्या हैं, खुंदक में बिल्ली खंबा नोचे

**कबीर सिंह और एनिमल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में डायरेक्ट कर चुके संदीप रेड्डी वांगा की अपकमिंग फिल्म स्पिरिट से दीपिका पादुकोण को निकाल दिया गया है। तृप्ति डिमरी ने दीपिका को रिप्लेस किया है। आरोप थे कि दीपिका अनप्रोफेशनल डिमांड कर रहीं थीं। हालांकि अब संदीप रेड्डी वांगा ने बिना दीपिका का नाम लिए आरोप लगाए हैं कि उन्होंने फिल्म छोड़ते ही फिल्म की स्क्रिप्ट लीक कर दी है।**

संदीप रेड्डी वांगा ने अपने ऑफिशियल ङ्क अकाउंट से लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को अपनी स्क्रिप्ट सुनाता हूं तो मैं उस पर 100 प्रतिशत भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक बिना कहे नॉन डिसक्लोजर एग्रीमेंट होता है। लेकिन ऐसा करके आपने बता दिया कि आप क्या हैं। एक यंग एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी स्टोरी को लीक करना, क्या यही आपका फेमिनिज्म है। एक फिल्ममेकर के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट पर कई सालों की कड़ी मेहनत लगाई है। मेरे लिए फिल्ममेकिंग सब कुछ है। लेकिन तुम ये नहीं समझ पाई न समझोगी। ऐसा करो, अगली बार पूरी कहानी बोलना, क्योंकि मुझे जरा भी फर्क नहीं पड़ता। डर्टी पीआर गेम। मुझे ये कहावत बहुत पसंद है- खुंदक में बिल्ली खंबा नोचे।

संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी पोस्ट में भले ही किसी का नाम न लिखा हो, हालांकि ये साफ है कि उन्होंने ये पोस्ट दीपिका पादुकोण के लिए की है, क्योंकि उन्हें कुछ समय पहले ही फिल्म से निकाला गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि संदीप ने अपनी पोस्ट में जिस यंग एक्ट्रेस का जिक्र किया है वो तृप्ति डिमरी हैं। तृप्ति ने ही दीपिका को रिप्लेस किया है।

### तृप्ति डिमरी ने किया दीपिका को रिप्लेस

फिल्म स्पिरिट में प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण को कास्ट किया गया था। प्रेग्नेंसी के चलते दीपिका फिल्म छोड़ना चाहती थीं, हालांकि संदीप रेड्डी वांगा ने उनके लिए फिल्म की शूटिंग तक टाल दी थी। इसके बावजूद दीपिका ने फिल्म में काम करने की कई शर्तें रख दीं। वो चाहती थीं कि उन्हें सिर्फ 8 घंटे की शिफ्ट दी जाए, हफ्ते में 5 दिन काम, प्रॉफिट में हिस्सेदारी हो और तेलुगु डायलॉग्स न दिए जाएं, जैसी कई डिमांड्स की गई थीं। एक्ट्रेस की बढ़ती डिमांड्स से नाखुश होकर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें फिल्म से निकाल दिया है।





भावनाओं को समझने के लिए शब्दों का साथ चाहिए,
और रिश्ता निभाने के लिए मन में विश्वास चाहिए।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# कार-ट्रक की टक्कर में दो भाइयों समेत 3 की मौत

### गाड़ी में बुरी तरह फंस गए शव; खाटूश्यामजी जा रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में ट्रक-कार की आमने-सामने की टक्कर में दो भाइयों समेत 3 की मौत हो गई। दो युवक गंभीर घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार सवार बुरी तरह से फंस गए। बड़ी मशक्कत के बाद उन्हें निकाला गया। एक्सीडेंट मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे-148 पर रायसर थाना क्षेत्र में रतनपुरा गांव के पास मंगलवार दोपहर 2.45 बजे हुआ। कार सवार लोग रायबरेली (उत्तरप्रदेश) के रहने वाले थे। एएसपी जयपुर ग्रामीण नारायण लाल तिवाड़ी ने बताया- कार सवार युवक खाटूश्यामजी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। कार ओवर टेक करने के दौरान सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। कार सवार अजय यादव, उसका भाई अभय यादव और आकाश यादव की मौत हो गई। वहीं, शिवम मौर्य और शुभम शर्मा गंभीर घायल हो गए, जिनका निम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# बारिश-बिजली से केरल और महाराष्ट्र में 5 की मौत

### लैंडस्लाइड से सैकड़ों घरों को नुकसान

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। केरल में 24 मई को मानसून की दस्तक के बाद लगातार बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 4 लोगों की मौत हो गई है। बारिश-लैंडस्लाइड के चलते 29 घर ढह गए, 868 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। ट्रेनें देरी से चल रही हैं। निचले इलाके जलमग्न हैं।

आईएमडी ने मंगलवार को तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां बारिश के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की आशंका है। वहीं, महाराष्ट्र में सोमवार को दो लोगों की मौत हो गई। ठाणे में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मुंबई में लगातार बारिश के कारण पेड़ गिरने की अलग-अलग घटनाओं में 26 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। मुंबई और ठाणे में आज भी भारी बारिश का अलर्ट है। मुंबई में सोमवार को मानसून ने तय समय से 16 दिन पहले दस्तक दी थी। पहले ही दिन अंधेरी, भांडुप, पवई में बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। लोकल ट्रेन और फ्लाइट्स भी प्रभावित हुईं। वर्गी अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया। मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 14 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन के एक्टिव होने की वजह से अगले चार दिन तक आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून और मुंबई में 11 जून को पहुंचता है।

# बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर एससी का कड़ा रुख

### पूछा- दो पक्षों की लड़ाई में राज्य क्यों कूदा

बढ़ता राजस्थान

**मथुरा ( एजेंसी )।** बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर को लेकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख दिखाया। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- दो निजी पक्षों की लड़ाई में राज्य क्यों कूदा? ये कानून का ब्रेक डाउन जैसा लगता है। कोर्ट कॉरिडोर के निर्माण और इसमें मंदिर फंड के इस्तेमाल के आदेश से जुड़े मामले में मंदिर सेवायत की याचिका पर विचार करने को तैयार हो गया। अब अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से मंदिर कॉरिडोर को लेकर 26 मई के अध्यादेश की कॉपी और प्रोजेक्ट की रूपरेखा का हलफनामा मांगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता मंदिर सेवायत ने कहा- कॉरिडोर को लेकर फैसला देते समय सुप्रीम कोर्ट ने उनका पक्ष नहीं सुना। कोर्ट ने राज्य सरकार को नए अध्यादेश के मुताबिक काम करने की इजाजत दे दी है।

### यूपी सरकार ने कहा- हम फंड का इस्तेमाल नहीं करेंगे

राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- अध्यादेश में ट्रस्ट को कॉरिडोर निर्माण का जिम्मा सौंप दिया गया है। राज्य सरकार खुद फंड का इस्तेमाल नहीं करेगी। कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि भी देवता के नाम पर ही होगी। सरकार का उस पर न कोई नियंत्रण होगा न भूमिका। मंदिर के प्रबंधन का पूरा जिम्मा भी ट्रस्ट को सौंपा गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने 15 मई के अपने आदेश में कहा था कि कॉरिडोर के लिए जमीन ली जाए, वह मंदिर के कोष से ली जा सकती है। लेकिन, वह जमीन बांके बिहारी जी के नाम से ली जाएगी।

### राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# शिक्षा में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दे, योजनाओं का लाभ हर पात्र तक प्रभावी रूप में पहुंचे : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मंगलवार को डूंगरपुर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इस दौरान विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग में जिले में कुल विद्यालय और नामांकन की सूचना, पीएम श्री विद्यालय, जिले में शिक्षकों के पद तथा रिक्त पदों एवं बोर्ड परिणामों की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न छात्रावासों में योजना बनाकर शैक्षिक और सह शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्तर से ही बच्चों में सर्वांगीण विकास पर बल देने की बात कही। राज्यपाल ने भारत की संस्कृति एवं मूल्यों, बौद्धिक क्षमताओं एवं पुरातन शैक्षिक परम्पराओं का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षकों की जवाबदारी बड़ी है। उनका दायित्व बौद्धिक रूप से सशक्त पीढ़ी तैयार करना है। उन्हें देश की बुनियादी संस्कृति और क्षमताओं को ध्यान में रखकर यह याद करना होगा कि जब जीरो दिया मेरे भारत ने तब दुनिया को गिनती आई। उन्होंने शिक्षकों को भावी पीढ़ी का निर्माता बताया। बैठक में डूंगरपुर जिला कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से जिले में किये गये नवाचारों दिव्यांगों के लिए 'नो वन लेफ्ट बिहाइंड वन, महिलाओं के लिए एनीमिया' मुक्त अभियान, प्लास्टिक कचरा संग्रहण, तालाब सफाई अभियान, वीर काली बाई कन्या आश्रम में चलाए गये नवाचारों वेस्ट टू बेस्ट, छात्रावासों के सितारे, प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का रात्रि चौपाल में अभिनंदन आदि की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी, जिसकों सराहा गया।

राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग द्वारा गोविंद गुरु जनजाति क्षेत्रीय विकास योजना, छात्रावासों की संख्या एवं योजनाओं की क्रियान्विति, राजिविका के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति, सोलर दुर्गा कंपनी संचालन, प्रत्येक गांव में दो-दो सोलर दीदी को प्रशिक्षण, लखपति दीदी, प्रधानमंत्री मंथन विकास योजना, पोल्ट्री हेचरी, पीएचडी विभाग की समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन उसके अंतर्गत लघु योजना, वृहद योजना, मेजर जल स्त्रोत अभी तक कंप्लीट हुए कार्य, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक से मृदा हेल्थ कार्ड, चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त गांव, नये आने वाले केस, उन्हें रोकने के लिए किए जाने वाले उपचार एवं अभियानो रसद विभाग से खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि की जानकारी ली। उन्होंने उचित मूल्य दुकानों की संख्या, ढाणी क्षेत्र में वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, आंगनबाडी की संख्या उसमें नामांकित



बच्चों, ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना, श्रम नियोजन, औसत मजदूरी, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, एमएलए-एमपी मद योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि की जानकारी ली।

राज्यपाल ने ग्रामीण पंचायती राज विभाग द्वारा प्रत्येक पात्र को प्रधानमंत्री आवास दिलवाने, मनरेगा में अधिक कार्य उपब्धता सुनिश्चित करने, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा छात्रावास अधीक्षकों के साथ बैठक करने तथा उनको आने वाले विशेष कलाओं यथा संगीत, वाद्य यंत्र बजाना, गाना, पेंटिंग अथवा अन्य विशेषताओं को बच्चों को भी सीखाने के लिए प्रेरित करने, जल जीवन मिशन में चल रहे कार्यो को निर्धारित पूर्णता समयाअवधि में पूर्ण करने, कृषि विभाग को मृदा हेल्थ कार्ड हेतु फील्ड में जाकर मिट्टी के नमूने लेने, सीएमएचओ से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को बढ़ावा देने, रसद विभाग को उचित मूल्य दुकानों की संख्या आवश्यकता होने पर बढ़ाने आदि के निर्देश प्रदान किये।

इससे पहले राज्यपाल श्री बागडे ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में राजस्थान राजीविका के अन्तर्गत एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) परियोजना डूंगरपुर ब्लॉक की माँ महिला क्लस्टर स्तरीय फेडरेशन द्वारा क्रियान्वित एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) परियोजना के तहत सब्जी संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# आतंकवाद, चाहे वह किसी भी रूप में हो, सभ्यता और मानव विकास के लिए सबसे बड़ा खतरा है : लोकसभा अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद, चाहे वह किसी भी रूप में क्यों न हो, वह सभ्यता और मानव विकास के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि किसी भी एक देश या क्षेत्र के लिए खतरा, संपूर्ण मानवता के लिए खतरा है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में सभी देश एकजुट होकर साझा रणनीति के साथ कार्य करेंगे। श्री बिरला ने ये विचार संसद भवन में श्रीलंकाई संसद के उपाध्यक्ष और समितियों के अध्यक्ष, माननीय डॉ. रिजवी सालेह के नेतृत्व में भारत दौरे पर आए श्रीलंकाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान व्यक्त किए। लोकसभा अध्यक्ष ने दुनिया के लोकतांत्रिक देशों की संसदों से आतंकवाद के वैश्विक खतरे के खिलाफ एकजुट होकर काम करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का संसद भवन में स्वागत करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच मित्रता साझा सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने भारत की आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में समर्थन व्यक्त करने के लिए श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल का आभार भी व्यक्त किया। श्रीलंकाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल इस समय लोकतंत्रों के लिए संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित एक सप्ताह के क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग ले रहा है। बिरला ने गर्व के साथ उल्लेख किया कि साझा बौद्ध विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। उन्होंने फिनटेक, डिजिटल अवसंरचना, और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में भारत और श्रीलंका के बीच बढ़ते सहयोग का भी जिक्र किया, जिसमें हाल ही में श्रीलंका में यूपीआई-आधारित भुगतान प्रणाली की शुरुआत और समुद्री फेरी तथा उड़ान सेवाओं के माध्यम से बेहतर पर्यटन संपर्क शामिल हैं। भारतीय संसद में अपनाई जा रही विभिन्न तकनीकी नवाचारों का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत की संसद डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित तकनीकों के माध्यम से संसदीय प्रणाली में जन भागीदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के नियमित आदान-प्रदान से आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा मिला है। उन्होंने सांसदों की क्षमता निर्माण के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि कैसे डिजिटल नवाचार और तकनीक विधायी प्रक्रियाओं और जनभागीदारी को सशक्त बना रहे हैं।

# मानसून सीजन में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान

### जून में 108% होगी, मौसम विभाग बोला- एमपी, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र में ज्यादा असर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में इस बार मानसून सीजन (जून से सितंबर) में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा ये 106% रह सकती है। पिछले महीने इसे 105% बताया गया था।

वहीं, जून महीने में भी बारिश सामान्य से ज्यादा होगी। मौसम विभाग ने मंगलवार को बताया, देश में जून के महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है, जो 108% हो सकती है।

यानी इस दौरान 87 सेमी से ज्यादा बारिश का अनुमान है। इसे लॉन्ग पीरियड एवरेज यानी एलपीए कहा जाता है। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, मध्य और दक्षिण भारत में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है। उत्तर-पश्चिम भारत में



सामान्य, जबकि पूर्वोत्तर में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। मानसून के कोर जोन में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और आस-पास के क्षेत्र शामिल हैं। इनमें अधिकांश बारिश साउथ वेस्ट मानसून के दौरान होती है और यह रीजन खेती के लिए मानसूनी बारिश पर बहुत ज्यादा निर्भर करता है।

### क्या होता है लॉन्ग पीरियड एवरेज

इसका मतलब है कि मौसम विभाग ने 1971-2020 की अवधि के आधार पर दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज को 87 सेमी (870 मिमी) निर्धारित किया है। अगर किसी साल की बारिश 87 सेमी से ज्यादा होती है, तो उसे सामान्य से अधिक माना जाता है। अगर कम हो तो कमजोर मानसून माना जाता है।

### क्या है भारत फोरकास्ट सिस्टम

भारत सरकार ने आज एडवांस भारत फोरकास्ट सिस्टम लॉन्च किया। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह इसे देश को सौंपा।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# शांति तब सुनिश्चित होती है जब आप युद्ध के लिए सदा तैयार हों : उपराष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा के सभापति और भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें स्वदेशी शक्ति की आवश्यकता है। युद्ध से सबसे अच्छा बचाव तब होता है जब हम शक्ति की स्थिति में हों। शांति तब सुनिश्चित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें शक्ति केवल तकनीकी क्षमता या पारंपरिक हथियारों से नहीं आती, बल्कि यह जनता से भी आती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा, संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है। हम केवल अपने मौलिक अधिकारों की बात करते हैं, उन्हें 24×7 माँगते हैं, और मौलिक कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह उदासीन रहते हैं!ज अगर हम केवल अपने अधिकारों पर ध्यान दें और कर्तव्यों की अनदेखी करें, तो हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में एक नागरिक के रूप में अपने दायित्व को पूरा नहीं करते। संविधान में शुरू में ये कर्तव्य नहीं थे। हमारे संविधान निर्माताओं ने अपेक्षा की थी कि हम इन कर्तव्यों के प्रति स्वाभाविक रूप से समर्पित रहेंगे। लेकिन बाद में जब इसकी आवश्यकता महसूस हुई, तो इन्हें 42वें और 86वें संविधान संशोधन के माध्यम से शामिल किया गया। यदि मैं मौलिक कर्तव्यों का सार बताऊँ, तो यह है कि राष्ट्रीय कल्याण को प्राथमिकता देना, लोक व्यवहार, अनुशासन, सार्वजनिक संवाद, पर्यावरण और जीवन में भलाई की सभी बातों में अपना योगदान देना। उन्होंने आगे कहा, लोग सोचते हैं कि हम योगदान कैसे करें? स्वदेशी का विचार आर्थिक राष्ट्रवाद से जुड़ा हुआ है। आर्थिक राष्ट्रवाद का मतलब है कि हम स्वदेशी वस्तुओं का उपभोग करें। 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाएं। यह हमारे कारीगरों को प्रेरित करेगा कि वे हमारी आवश्यकताओं को पूरा करें। लेकिन अगर हम उन वस्तुओं का आयात करते हैं जिन्हें देश में बनाया जा सकता है, तो तीन समस्याएं उत्पन्न होती हैं एक, विदेशी मुद्रा भंडार में अनावश्यक छेद; दूसरा, अपने देश के लोगों से रोजगार छीनना; और तीसरा, उद्यमशीलता को कुंद करना। हर व्यक्ति योगदान दे सकता हैवह क्या पहनता है, क्या खाता है, कौन से जूते पहनता है। लेकिन हम विदेशी चीजों के प्रति आकृष्ट



होते हैं और यह भूल जाते हैं कि इससे हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को चोट पहुँचती है। इसलिए मैं कहता हूँ कि आर्थिक राष्ट्रवाद जनता का कार्य है। उपराष्ट्रपति निवास में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम - चरण 7 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा, हाल की घटना, ऑपरेशन सिंदूर, ने हमारी सोच को पूरी तरह बदल दिया है। अब हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हो गए हैं। इसका उदाहरण यह है कि सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर विदेशों में भारत का शांति और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया है। हालिया घटनाओं से हमें यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि हमारे पास अब एक ही रास्ता है एकजुट रहना और मजबूत बनना। संस्थानों की तरह, राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है। क्योंकि अंततः सभी संस्थाओं का केंद्र बिंदु है राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, सार्वजनिक कल्याण, पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए।